स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, मंगलवार
3 जून, 2025
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष 8
सं. 2082 वि.
वर्ष 78, अंक - 282 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

## आईपीएल फाइनल आज : आरसीबी और पंजाब किंग्स के बीच भिड़ंत

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और पंजाब किंग्स के बीच आज को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आईपीएल 2025 का फाइनल मुकाबला खेला जाना है। इस मैच के लिए क्रिकेट प्रशंसकों में गजब का उत्साह है और लोग अलग-अलग शहरों से अहमदाबाद पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। आरसीबी और पंजाब ने अब तक कभी भी आईपीएल का खिताब नहीं जीता है और दोनों टीमें खिताबी सूखा समाप्त करने उतरेंगी।

# भारत में बड़े जासूसी नेटवर्क का खुलासा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** भारतीय खुफिया एजेंसियों ने पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के

### आईएसआई इस्तेमाल कर रही भारतीय सिम कार्ड

निर्देशन में कथित रूप से संचालित एक बड़े जासूसी नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के जवाब में शुरू किए गए एक गुप्त अभियान ऑपरेशन सिंदूर के बाद इस नेटवर्क का पता चला। इस ऑपरेशन में जासूसी गतिविधियों को अंजाम देने और राष्ट्रीय सुरक्षा से संभावित रूप



से समझौता करने के लिए भारतीय सिम कार्ड के खतरनाक इस्तेमाल का पता चला। जांच से पता चला कि कई भारतीय सिम कार्ड, जो पहले निष्क्रिय थे, सक्रिय हो गए थे और पाकिस्तानी संचालकों के साथ लगातार संचार के लिए इस्तेमाल किए गए थे। ये भारतीय नंबर, जो पाकिस्तान स्थित गुर्गों के पास पाए गए थे, आईएसआई एजेंटों द्वारा रची गई एक परिष्कृत जासूसी योजना में एक महत्वपूर्ण उपकरण पाए गए। गिरफ्तार संदिग्धों में से एक हसीन ने पाकिस्तान स्थित गुर्गों को कई भारतीय सिम कार्ड मुहैया कराए थे। पूछताछ के दौरान, हसीन ने स्वीकार किया कि उसने भारतीय फोन नंबरों से जुड़े वन-टाइम पासवर्ड (ओटीपी) पाकिस्तान के खुफिया संचालकों (पीआईओ) के साथ साझा किए थे। इससे पाकिस्तानी संचालकों को भारतीय सिम कार्ड से व्हाट्सएप और अन्य एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग प्लेटफॉर्म संचालित करने में मदद मिली, जिससे उनका असली स्थान छिप गया और उनके संचालन का पता लगाना मुश्किल हो गया। इन भारतीय नंबरों का इस्तेमाल भारतीय अधिकारियों और सैन्य कर्मियों को फंसाने के लिए हनी ट्रैप ऑपरेशन के हिस्से के रूप में किया गया था। इन नंबरों का उपयोग करके लक्ष्य से संपर्क किया जाता था ताकि उनसे संवेदनशील जानकारी में हेरफेर या उसे निकाला जा सके। गुप्त ऑपरेशन का उद्देश्य भारत की रक्षा क्षमताओं और सैन्य प्रतिष्ठानों पर रणनीतिक खुफिया जानकारी हासिल करना था।

# देश में कोरोना संक्रमण की रफ्तार ने डराया

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** देश में कोरोना के मामले बढ़ते जा रहे हैं। 2 जून को सुबह 8.00 बजे तक देश में कोरोना के सक्रिय मामले

### सक्रिय मामले 4000 के करीब

### इस साल गई 32 लोगों की जान

3961 हो गए। इस साल संक्रमण की वजह से होने वाली कुल मौतों का आंकड़ा 32 हो गया है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के मुताबिक, बीते दिन के मुकाबले सक्रिय मरीजों की संख्या में 203 की बढ़ोतरी देखी गई, जबकि इस



दौरान चार लोगों ने दम तोड़ा। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, कल से अब तक सबसे ज्यादा 47 मामले दिल्ली में सामने आए हैं।

इसके बाद पश्चिम बंगाल में 44, केरल में 35, महाराष्ट्र में 21, गुजरात में 18 और कर्नाटक में 15 नए मामले दर्ज किए गए। उत्तर प्रदेश की बात करें तो यहां कल से अब तक आठ नए मामले दर्ज किए गए हैं। ऐसे ही राजस्थान में सात, मध्य प्रदेश में चार, बिहार में तीन और छत्तीसगढ़ में एक मामला सामने आया है। कोरोना से होने वाली मौतों की बात करें तो रविवार से अब तक दिल्ली, केरल, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में एक-एक संक्रमितों की मौत दर्ज की गई है। दिल्ली में 22 वर्षीय महिला की मौत हुई है। उसे पहले से ही फेफड़ों से संबंधित बीमारी थी। तमिलनाडु में 25 वर्षीय पुरुष को अस्थमा जैसी शिकायतें थी। ऐसे ही महाराष्ट्र में 44 वर्षीय पुरुष की जान गई है। उसे कोरोना के साथ अन्य बीमारी थी। केरल से विस्तृत जानकारी का इंतजार है। इससे पहले केंद्रीय स्वास्थ्य और आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव ने आश्वासन दिया था कि केंद्र किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## सुकमा में 16 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सोमवार को कुल 25 लाख रुपए के इनामी 16 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इनमें से नौ नक्सली चिंतलनार पुलिस थाना क्षेत्र

### इन पर घोषित था 25 लाख का इनाम

के अंतर्गत केरलापेंदा ग्राम पंचायत के हैं। इस आत्मसमर्पण के साथ ही यह गांव नक्सलवाद से मुक्त हो गया है। राज्य सरकार की नई योजना के अनुसार नक्सल मुक्त ग्राम पंचायत को विकास परियोजनाओं के लिए एक करोड़ रुपया प्रदान किया जाएगा। सुकमा जिले के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि एक महिला समेत सभी 16 नक्सलियों ने माओवादियों की अमानवीय विचारधारा और स्थानीय आदिवासियों पर नक्सलियों के अत्याचारों से तंग आकर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने वालों में माओवादियों की केंद्रीय क्षेत्रीय समिति (सीआरसी) कंपनी नंबर दो की सदस्य रीता उर्फ डोडी सुक्की (36) और माओवादियों की पीएलजीए बटालियन नंबर एक के एक पार्टी सदस्य राहुल पुनेम (18) के सर पर आठ–आठ लाख रुपए का इनाम था। उन्होंने बताया कि इसके अलावा लेकम लखमा (28) पर तीन लाख रुपये तथा तीन अन्य नक्सलियों के सर पर दो–दो लाख रुपए इनाम था।

## पतंजलि की याचिका इलाहाबाद हाई कोर्ट से खारिज

**इलाहाबाद।** बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि आयुर्वेद की ओर से 273.5 करोड़ रुपये के जीएसटी नोटिस के खिलाफ दायर याचिका को इलाहाबाद हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया है। जस्टिस

### 273 करोड़ जीएसटी पेनाल्टी से जुड़ा है मामला

शेखर बी सर्राफ और जस्टिस विपिन चंद्र दीक्षित की बेंच ने पतंजलि आयुर्वेद की इस दलील को मानने से इनकार कर दिया कि क्रिमिनल ट्रायल होने के बाद ही ऐसी पेनाल्टी लगनी चाहिए। अदालत ने कहा कि टैक्स अथॉरिटीज की तरफ से जीएसटी ऐक्ट के सेक्शन 122 के तहत पेनाल्टी लगाई जा सकती है। इसके लिए क्रिमिनल कोर्ट में किसी तरह के ट्रायल की जरूरत नहीं है। बेंच ने साफ कहा कि जीएसटी की पेनाल्टी का मामला सिविल प्रकृति का है। इसमें क्रिमिनल ट्रायल की कोई जरूरत नहीं है। बेंच ने कहा कि विस्तृत अध्ययन के



बाद यह साफ है कि सेंट्रल जीएसटी ऐक्ट के सेक्शन 122 के तहत संबंधित अधिकारी कार्यवाही को आगे बढ़ा सकता है। इसके लिए मुकदमे की जरूरत नहीं है। पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड की हरिद्वार, सोनीपत, और महाराष्ट्र के अहमदनगर में तीन यूनिट्स हैं। %कंपनी की जांच तब शुरू हुई जब अधिकारियों को ऐसे लेन-देन की जानकारी मिली जो संदिग्ध थे और उन फर्मों से जुड़े थे जिनकी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) की उपयोगिता तो अधिक थी लेकिन उनके पास कोई आयकर दस्तावेज नहीं थे। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ गुड्स ऐंड सर्विसेज टैक्स इंटेलिजेंस ने 19 अप्रैल, 2014 को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। इस नोटिस में 273.5 करोड़ रुपये की पेनाल्टी का प्रस्ताव था। हालांकि इसके बाद 10 जनवरी को सेक्शन 74 के तहत टैक्स डिपार्टमेंट ने नोटिस को वापस ले लिया था। विभाग ने पाया कि सभी वस्तुओं के मामले में आपूर्तिकर्ताओं से खरीदी गई मात्राओं की तुलना में बेची गई मात्रा हमेशा अधिक थी। इससे यह निष्कर्ष निकाला गया कि विवादित वस्तुओं पर प्राप्त की गई सभी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) को याचिकाकर्ता द्वारा आगे स्थानांतरित कर दिया गया था।

## 15 जून को प्रस्तावित नीट पीजी परीक्षा स्थगित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** नीट पीजी परीक्षा 2025 को लेकर छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण खबर सामने आई है। नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज (एनबीईएमएस) ने आगामी 15 जून को प्रस्तावित पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल एंट्रेंस परीक्षा यानी नीट पीजी को स्थगित करने की आधिकारिक घोषणा कर दी है। अब यह परीक्षा एक ही पाली में आयोजित की जाएगी और इसकी नई तिथि जल्द घोषित की जाएगी। बोर्ड ने यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुपालन में लिया है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 30 मई को एक याचिका की सुनवाई करते हुए दो टूक आदेश दिया था कि नीट पीजी जैसी उच्च स्तरीय परीक्षा को दो पालियों में आयोजित नहीं किया जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा था कि इस तरह की व्यवस्था से परीक्षार्थियों के बीच असमानता उत्पन्न होती है और यह पारदर्शिता तथा निष्पक्षता पर सवाल खड़े करती है।

## 'हम आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े'

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के हैदराबाद हाउस में पैराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पालासिओस के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान

### पैराग्वे के राष्ट्रपति से बोले पीएम मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आपकी यात्रा बहुत ही ऐतिहासिक है। दूसरी बार पैराग्वे के किसी राष्ट्रपति की भारत यात्रा हो रही है। मुझे खुशी है कि आपके साथ ताकतवर प्रतिनिधिमंडल आया है। आप केवल दिल्ली ही नहीं, बल्कि मुंबई भी जा रहे हैं। मेरा विश्वास है कि आपसी सहयोग से हम साझी समृद्धि मार्ग प्रशस्त करेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा, हमारे पास आर्थिक सहयोग सहित डिजिटल प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य, रक्षा, रेलवे और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसर हैं। इसके अलावा भारत और पैराग्वे आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। साइबर अपराध, संगठित अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी जैसी आम चुनौतियों से लड़ने के लिए सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि भारत और पैराग्वे ग्लोबल साउथ का अभिन्न अंग हैं। हमारी आशाएं, आकांक्षाएं और चुनौतियां में समानता है, इसलिए हम एक-दूसरे के अनुभवों से सीखकर इन चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपट सकते हैं।

हमें संतोष है कि कोरोना महामारी के दौरान हम भारत में बनी वैक्सीन को पैराग्वे के लोगों के साथ साझा करने में सक्षम थे।

## महाराष्ट्र में आतंकी साकिब के ठिकानों पर छापे

**मुंबई।** महाराष्ट्र आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने आतंकवाद से संबंधित एक मामले में सोमवार को ठाणे जिले में छापेमारी के बाद 12 व्यक्तियों को

### 12 लोग हिरासत में लिए गए

हिरासत में लिया। अधिकारियों ने बताया कि छापेमारी सिमी के कुछ पूर्व पदाधिकारियों और सदस्यों के घरों पर भी की गई। एक अधिकारी ने मामले का ब्यौरा दिए बिना बताया कि एटीएस की मुंबई इकाई ने ठाणे ग्रामीण पुलिस की सहायता से मुंबई से सटे जिले के पडघा और बोरीवली गांव में सुबह करीब चार बजे छापेमारी शुरू की। उन्होंने बताया कि दोनों गांवों में बड़ी संख्या में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई थी। उन्होंने बताया कि एटीएस के



अधिकारियों ने प्रतिबंधित स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) के पूर्व पदाधिकारियों और सदस्यों के लगभग दो दर्जन घरों और परिसरों पर छापेमारी की। उन्होंने बताया कि इनमें साकिब नाचन, आकिब साकिब नाचन, अब्दुल लतीफ कासकर, कैफ नाचन और शाजिल नाचन के घर एवं परिसर शामिल हैं।अधिकारी ने बताया कि जमीन डीलर और सिमी का पूर्व सदस्य फराक जुबैर मुल्ला (60) भी उन व्यक्तियों में शामिल है जिनके घरों पर छापेमारी की गई। पता चला कि वह हज पर सऊदी अरब गया था। उसका बड़ा भाई हसीब जुबैर मुल्ला 2002 और 2003 के मुंबई ट्रेन बम विस्फोट मामलों में आरोपी है। हसीब ने 10 साल की सजा काट ली है और 9 दिसंबर 2023 से वह आईएसआईएस मॉड्यूल मामले में साकिब नाचन के साथ दिल्ली की एक जेल में सलाखों के पीछे है।

## दानिश आजाद बने हज समिति के अध्यक्ष

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** अल्पसंख्यक कल्याण एवं हज राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति के अध्यक्ष बन गए हैं। सोमवार को सदस्यों ने सर्वसम्मति से उन्हें अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। हज समिति में कुल 13 सदस्य हैं। इन सभी का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा। पिछली हज समिति का कार्यकाल पिछले वर्ष दिसंबर में पूरा हो गया था। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने 14 मई को राज्य हज समिति का पुनर्गठन करते हुए सदस्य नामित करने की अधिसूचना जारी कर दी थी। इनमें अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी, हरदोई की नगर पंचायत गोपामऊ के अध्यक्ष वली मोहम्मद, बरेली की नगर पंचायत धौरा टांडा के अध्यक्ष नदीमुल हसन, मुस्लिम धर्म



विद्या एवं विधि विशेषज्ञ सैयद अली वारसी, हाफिज एजाज अहमद (शाहिन अंसारी), शिया समाज के सैयद कल्बे हुसैन (कब्बन नवाब), समाजसेवी मुहम्मद इफ्तेखार हुसैन, कामरान खान, जुनैद अहमद अंसारी, जावेद कमर खान, कमरुद्दीन (जुगनू), उप्र शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति के कार्यपालक अधिकारी शामिल हैं।

## जेईई एडवांस्ड 2025 में 54378 अभ्यर्थी हुए सफल

**नई दिल्ली।** आईआईटी प्रवेश के लिए आयोजित जेईई एडवांस्ड 2025 के परिणाम घोषित किए जा चुके हैं। इस वर्ष आईआईटी दिल्ली जोन के रजित गुप्ता ने कॉमन रैंक लिस्ट (सीआरएल) में ऑल

### दिल्ली के राजित गुप्ता ऑल इंडिया टॉपर

### पिछले वर्ष से 12.7 फीसदी की बढ़त

इंडिया टॉप रैंक हासिल की है। उन्हें कुल 360 में से 332 अंक प्राप्त हुए हैं।आईआईटी खड़गपुर जोन की देवदत्ता माझी ने सीआरएल 16 रैंक के साथ शीर्ष रैंक प्राप्त करने वाली महिला उम्मीदवार का स्थान हासिल किया है। उन्होंने 360 में से 312 अंक प्राप्त किए हैं। जेईई एडवांस्ड 2025 के परिणामों में राजित गुप्ता और सक्षम जिंदल ने समान अंक 332 हासिल कर टॉप रैंक पर कब्जा किया है। दोनों छात्र



आईआईटी दिल्ली जोन से हैं। तीसरे स्थान पर माजिद मुजाहिद हुसैन हैं, जिन्होंने 330 अंक प्राप्त किए हैं और वे आईआईटी बॉम्बे जोन से ताल्लुक रखते हैं। चौथे और पांचवें स्थान पर क्रमशः पार्थ मंदार वर्तक और उज्ज्वल केसरी हैं। पार्थ ने 327 अंक हासिल किए हैं और वे आईआईटी बॉम्बे जोन के हैं, जबकि उज्ज्वल केसरी 324 अंक के साथ आईआईटी दिल्ली जोन से हैं। 18 मई को आयोजित जेईई (एडवांस्ड) परीक्षा के दोनों पेपर 1 और 2 में कुल 1,80,422 उम्मीदवार उपस्थित हुए। इनमें से 54,378 उम्मीदवार परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। कुल उत्तीर्ण उम्मीदवारों में से 9,404 महिला उम्मीदवार हैं, जबकि उत्तीर्ण पुरुष उम्मीदवारों की संख्या 44,974 है। पिछले साल 1,86,584 उम्मीदवारों ने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था, जिनमें से 1,80,200 उम्मीदवार परीक्षा में शामिल हुए। आईआईटी में प्रवेश के लिए कुल 48,248 उम्मीदवारों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है, जिनमें से 7,964 महिलाएं हैं।

पिछले वर्ष की तुलना में उत्तीर्णता दर में 12.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस वर्ष उम्मीदवारों के लिंग-वार प्रदर्शन में भी सुधार हुआ है, जिसमें अधिक संख्या में पुरुष और महिला उम्मीदवार जेओएसएसए काउंसलिंग के लिए अर्हता प्राप्त कर रहे हैं।

### लखनऊ के श्रेयस ने किया यूपी टॉप

जेईई एडवांस के नतीजों में लखनऊ के श्रेयस लोहिया को यूपी में पहला स्थान मिला है। उन्होंने देश में 68वीं रैंक हासिल की। श्रेयस के पिता गजेंद्र

#### देश में मिली 68वीं रैंक

लोहिया लखनऊ दूरदर्शन में कार्यरत हैं। श्रेयस को जेईई मेन में ऑल इंडिया 6वीं रैंक मिली थी। उनका परसेंटाइल स्कोर 100 था। श्रेयस जेवियर स्कूल गोमतीनगर के छात्र रहे हैं।

## ट्रक-अर्टिगा में टक्कर, चार की मौत

**स्वतंत्र भारत, रामनगर बाराबंकी।** तेज रफ्तार ट्रक एवं अर्टिगा कार की आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। तथा

### तीन घायल, मृतकों में साले-बहनोई साले की पत्नी व ड्राइवर शामिल

### गोद भराई कार्यक्रम में शामिल होकर वापस गोंडा जा रहे थे

तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह भीषण हादसा लखनऊ गोंडा मुख्य हाइवे मार्ग पर थाना रामनगर अंतर्गत हुआ। मृतकों में साले बहनोई साले की पत्नी व ड्राइवर शामिल हैं। सभी लोग गोद भराई करके कानपुर से गोंडा वापस घर लौट रहे थे । हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची रामनगर व बदोसराय पुलिस ने कार में फंसे घायलों को बाहर निकलवाकर इलाज के लिए सीएचसी रामनगर भिजवाया तथा कड़ी मशक्कत करके यातायात व्यवस्था बहाल कराई। मृतकों के शवो को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

## सिक्किम में भूस्खलन से तीन जवानों की मौत

**गंगटोक।** सिक्किम के छातेन में एक सैन्य शिविर के भूस्खलन की चपेट में आ जाने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और छह सुरक्षाकर्मी लापता हो गए। एक रक्षा अधिकारी ने सोमवार

### सैन्य शिविर तबाह

को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मंगन जिले के लाचेन नगर में भारी बारिश के कारण यह भूस्खलन रविवार शाम करीब सात बजे हुआ। एक अधिकारी ने कहा, लगातार हो रही भारी बारिश की वजह से छातेन इलाके



में हुए भीषण भूस्खलन की घटना में तीन सैनिकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान हवलदार लखविंदर सिंह, लांस नायक मनीष ठाकुर और पोर्टर अभिषेक लखाड़ा के रूप में हुई है। तीनों के शव बरामद कर लिए गए हैं, जबकि चार अन्य सैनिकों को मामूली चोट आई है। उन्होंने कहा, चुनौतियों भरे हालात में बचाव दल लापता छह जवानों की तलाश में जुटा है। रक्षा अधिकारी ने बताया कि सेना ने मृतकों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है तथा सभी हरसंभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया है।

## नीलाम होंगी एमएफ हुसैन की 25 दुर्लभ पेंटिंग्स

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट की अनुमति मिलने के बाद भारत के मशहूर चित्रकार दिवंगत मकबूल फिदा हुसैन की 25 दुर्लभ पेंटिंग की 12 जून को नीलामी की जाएगी। राष्टीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (नाफेड) ने कथित तौर पर ऋण न चुकाने पर ये

### बॉम्बे हाईकोर्ट ने दी अनुमति

पेंटिंग अपने पास सुरक्षित रख ली थीं। इस नीलामी का शीर्षक रखा गया है- एम. एफ. हुसैन = 20वीं दी के एक कलाकार का दृष्टिकोण। इसमें हुसैन की हमारी पृथ्वी जिसे ग्रह कहते हैं (ओपीसीई) सीरीज की 25 पेंटिंग शामिल हैं। जस्टिस आर. आई. चागला की एकल पीठ ने मुंबई के शेरिफ को अनुमति दी कि वह इन 25 पेंटिंग की नीलामी करें। ये पेंटिंग नाफेड ने उद्योगपति गुरु स्वरूप श्रीवास्तव की कंपनी स्वरूप ग्रुफ ऑफ इंडस्ट्रीज के



साथ 236 करोड़ रुपये के कथित ऋण चूक मामले में जब्त की थीं। श्रीवास्तव 2007 में उस समय सुर्खियों में आए थे, जब उन्होंने एम. एफ. हुसैन से 10 पेंटिंग बनवाईं, जिनमें हर एक की कीमत एक करोड़ रुपये थी। पिछले साल मई में कला विशेषज्ञ दादिबा पंडोले ने हाईकोर्ट को इन पेंटिंग की कीमत की रिपोर्ट दी, जिसमें उनकी कुल कीमत 25 करोड़ रुपये बताई गई थी। हाई कोर्ट के आदेश के मुताबिक, मुंबई के शेरिफ ने फरवरी में पंडोले आर्ट गैलरी के जरिए इन पेंटिंग की नीलामी के लिए एक नोटिस जारी किया। नीलामी 12 जून को दक्षिण मुंबई के हेमिल्टन हाउस में होगी। नीलामी पूरी होने के बाद शेरिफ को तीन जुलाई तक हाई कोर्ट में रिपोर्ट सौंपनी होगी और पेंटिंग सौंपने के लिए आगे के निर्देश लेने होंगे।

# केदारनाथ यात्रा : एक माह में 200 करोड़ का कारोबार

**देहरादून।** केदारनाथ धाम की यात्रा तीर्थयात्रियों की संख्या के साथ ही कारोबार में भी रिकॉर्ड बना रही है। एक माह की यात्रा में करीब 200 करोड़ का कारोबार हुआ है। होटल कारोबार से 100 करोड़, हेली सेवा से 35 करोड़,

### हेली सेवा, घोड़ा खच्चर संचालन से अच्छी आमदनी

### अब तक सात लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने किए दर्शन

घोड़ा खच्चर संचालन से 40.50 करोड़ की आमदनी हुई है। दो मई को बाबा केदार के कपाट खुले। अब तक केदारनाथ धाम में सात लाख से अधिक तीर्थयात्री दर्शन कर चुके हैं। इससे स्थानीय लोगों के रोजगार में बढ़ोतरी हो रही है। केदारनाथ धाम यात्रा देश की सबसे कठिन धार्मिक यात्राओं में से एक



है। करीब 20 किलोमीटर का कठिन पैदल मार्ग पार करने के बाद हिमालय पर्वत की गोद में बसे 11 वें ज्योतिलिंग के दर्शन हो पाते हैं।

इस कठिन पैदल धार्मिक यात्रा में घोड़ा-खच्चरों का बेहद अहम योगदान होता है। असमर्थ एवं बुजुर्ग भक्त अक्सर इन्हीं के माध्यम से यात्रा करते हैं। वहीं खाद्य पदार्थ से लेकर अन्य जरूरी सामग्री इन्हीं घोड़े खच्चरों से यात्रा मार्ग व केदारपुरी में पहुंचाई जाती है। 31 मई तक 1,39,444 तीर्थयात्री घोड़े खच्चरों के माध्यम से केदारनाथ पहुंचे। जिसके माध्यम से 40 करोड़ 50 लाख से अधिक की आय प्राप्त हुई है। होटल कारोबार से 100 करोड़ और जीएमवीएन को विश्राम गृह व ध्यान गुफा की बुकिंग से 3.80 करोड़ से अधिक राजस्व मिला है।

केदारनाथ धाम की यात्रा के लिए हेली सेवा की काफी मांग रहती है। 31 मई तक लगभग 33000 श्रद्धालु हेली सेवाओं के माध्यम से बाबा केदारनाथ धाम पहुंचे हैं। जिससे करीब 35 करोड़ रुपये की आय प्राप्त हुई है। केदारनाथ धाम पैदल यात्रा मार्ग पर जितने घोड़े-खच्चरों का संचालन महत्वपूर्ण है। उतना ही डंडी-कंडी संचालन भी। इस वर्ष की यात्रा के लिए 7000 से अधिक डंडी-कंडी संचालक पंजीकृत हैं। 31 मई तक 29275 श्रद्धालु डंडी-कंडी के माध्यम से यात्रा कर चुके हैं, जिससे एक करोड़ 16 लाख, 89 हजार 100 रुपये की आय प्राप्त हुई है। वहीं गंदगी फैलने एवं अन्य नियमों के उल्लंघन पर विभिन्न प्रतिष्ठानों का 2,26,000 रुपये का चालन कर अर्थदंड भी वसूला गया है।




epaper : epaper.swatantrabharat.net web portal : epaper.swatantrabharat.net

# लिंगानुपात को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास आवश्यक : आनंदीबेन

## प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को हरदोई में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित किया। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को 200 प्री स्कूल किट एवं हाईजिन किट, पोषण अभियान के अन्तर्गत 59 पोषण पोटली, 20 आयुष्मान कार्ड, स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण योजनान्तर्गत 20 टेबलेट, स्वामित्व योजनान्तर्गत 50 घरौनी, कन्या सुमंगला योजनान्तर्गत 20 स्वीकृति पत्र, स्पान्सरशिप योजनान्तर्गत 10 स्वीकृति पत्र, 05 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना स्वीकृति पत्र, एनआरएलएम अन्तर्गत सीसीएल का 50 प्रतीकात्मक चेक, मुद्रा योजनान्तर्गत 20 ऋण प्रतीकात्मक चेक वितरण पत्र, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजनान्तर्गत 10 ऋण स्वीकृति पत्र, 50 प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि स्वीकृति पत्र, कृषि यंत्रीकरण योजनान्तर्गत ट्रेक्टर की चाबी, जीरो पावर्टी योजनान्तर्गत 20



अन्त्योदय नवीन राशन कार्ड, वृद्धावस्था योजनान्तर्गत 20 स्वीकृति पत्र, सीएम युवा उद्यमी अभियान के अन्तर्गत 20 प्रतीकात्मक चेकों का वितरण किया। उन्होंने कार्यकम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई विकास प्रर्दशनी का अवलोकन एवं 25 दिव्यांगजनो को ट्राईसाइकिल का वितरण किया तथा 100 किशोरियों को एचपीवी टीकाकरण का प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। महिलाओं की स्थिति पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि लिंगानुपात को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास आवश्यक हैं।

इसके लिए सभी को मिलकर कार्य करना चाहिए। बेटियों का समुचित पालन-पोषण और उन्हें आगे बढ़ाने की दिशा में निरंतर प्रयास होने चाहिए, क्योंकि आज की बेटियाँ किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। वे सब कुछ कर सकती हैं। उन्होंने सभी से अपने जीवन में अनुशासन अपनाने और कौशल विकास की दिशा में सतत प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भागीदार बताया। राज्यमंत्री उच्च शिक्षा रजनी तिवारी ने कहा कि राज्यपाल महोदया ने आंगनबाड़ी केंद्रों के विकास का बीड़ा उठाया। उन्होंने सभी को प्रेरणा देने का कार्य किया है। प्रदेश राज्यपाल के रूप में उनको पाकर बहुत गौरवान्वित है। बच्चों के विकास की प्रथम भूमिका में आँगनबाड़ी कार्यकत्री ही आती हैं। उन्होंने राज्यपाल की हालिया पुस्तक ''चुनौतियां मुझे पसन्द हैं'' की सराहना की।

## राजभवन में मनाया गया तेलंगाना का स्थापना दिवस



राजभवन के गांधी सभागार में तेलंगाना राज्य का स्थापना दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर वृत्तचित्र, रंगोली तथा प्रदर्शनी के माध्यम से तेलंगाना राज्य की समृद्ध लोक संस्कृति, कला, व्यंजन, इतिहास, धार्मिक स्थलों, ऐतिहासिक स्थलों, प्रमुख दर्शनीय स्थलों जैसे चारमीनार, गोलकोंडा किला, रामप्पा मंदिर, वारंगल किला, देवराकोंडा फोर्ट, नागार्जुन सागर बांध, राम लिंगेश्वर मंदिर, लुंबिनी पार्क, बीएम बिरला विज्ञान केंद्र, सालार जंग संग्रहालय, पारंपरिक त्योहार, पारंपरिक परिधान एवं शिल्प के नमूने और बिरला मंदिर आदि धरोहरों से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में तेलंगाना की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हुए माधुरी नृत्य, हार्वेस्ट नृत्य, बाटुकम्मा नृत्य, जनपद नृत्य, बंजारा नृत्य, ढिमसा नृत्य एवं लंबाड़ी जैसे पारंपरिक लोकनृत्यों की आकर्षक प्रस्तुतियाँ भी दी गईं। इस आयोजन के माध्यम से न केवल तेलंगाना राज्य की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और सामाजिक विशिष्टताओं को सम्मानपूर्वक प्रस्तुत किया गया, बल्कि एक भारत श्रेष्ठ भारत की उस भावना को भी सशक्त किया गया जिसमें विविधता में एकता की झलक मिलती है। यह पहल राष्ट्र की सांस्कृतिक एकात्मता को सुदृढ़ करने, राज्यों के बीच आपसी समझ और सौहार्द बढ़ाने तथा भावी पीढ़ियों को भारत की गौरवशाली विरासत से जोड़ने की दिशा में एक प्रेरक प्रयास सिद्ध होगी। इस अवसर पर विशेष सचिव राज्यपाल श्रीप्रकाश गुप्ता, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा पंकज एल जानी, संस्कृति विभाग के अधिकारी तथा राजभवन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दो साल में एक लाख महिलाओं को रोजगार दिलाने का लक्ष्य

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा महिला स्वयं सहायता समूहों को आत्म निर्भर बनाया जायेगा। इसे लेकर जिला मुख्यालयों पर मिलेट आधारित डोसा, इडली, कुकीज, पापड़, चिप्स, नमकीन, मोमोज, पिज्जा, बर्गर, सैण्डविच, सत्तू के पेय पदार्थ, पानी के बतासे महिलाओं द्वारा तैयार किये जायेगें। इसके लिए उन्हें प्रशिक्षित किया जायेगा। साथ अगले 2 वर्ष में एक लाख महिलाओं को रोजगार दिलाने के प्रयास किये जायेगें। प्रत्येक गांव में मुख्यमन्त्री खाद्य प्रसंस्करण योजना के माध्यम से प्रत्येक गांव में कुटीर उद्योग स्थापित कराने का लक्ष्य है इसके अन्तर्गत प्रत्येक महिला को 50 प्रतिशत अनुदान धनराशि रू. 01 लाख दी जायेगी। उच्च गुणवत्ता के दैनिक खाद्य उत्पाद एवं साफ-सफाई रखने के उद्देश्य से मण्डल मुख्यालय पर एक मासीय कुकरी एवं बेकरी प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति के तहत निवेश पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन 1100 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 7000 करोड़ निवेश उद्यमियों द्वारा किया जा रहा है। स्वीकृत प्रस्तावों के सापेक्ष 560 संस्थाओं को पूंजीगत ब्याज उपादान धनराशि 500 करोड़ हस्तांतरित की गयी। इसी तरह प्रधानमन्त्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना प्रदेश में 14 इनक्यूवेशन सेण्टर्स भारत सरकार द्वारा स्वीकृत किये गये हैं। इनकी स्थापना होने पर प्रदेश के किसानों स्टार्ट-अप, स्वयं सहायता समूहो, छात्रों को लाभ प्राप्त होगें। इस योजना में उद्योग लगवाने के लिए हर जिले में जनपदीय रिसोर्स पर्सन की तैनाती मुख्य विकास अधिकारियों द्वारा की जाती है। एक इकाई की स्थापना कराने में इन्हें 20000 रूपये उपलब्ध करायी जाती है, अभी तक 17150 इकाईयों से अधिक स्वीकृत की जा चुकी हैं। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा चयनित 10000 महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को 30 करोड़ कार्यशील पूंजी उपलब्ध करायी गयी है। इसके माध्यम से महिलायें खाद्य प्रसंस्करण आधारित उत्पाद तैयार करते हुए स्थानीय स्तर पर विक्रय कर रही हैं। मिशन की महिला स्वयं सहायता समूहों को आचार, मुरब्बा, पापड़, चिप्स, जैम, चटनी, मिलेट आधारित कुकीज, मल्टीग्रेन आटा, दलिया, नमकीन दुग्ध आधारित विभिन्न उत्पाद, मसाले, मशरूम आधारित उत्पाद, शहद आदि में प्रशिक्षित कर उन्हें उद्योग स्थापित कराने के निर्देश दिये गये हैं। इसी तरह एक जिला एक उत्पाद पर आधारित इनक्यूबेशन सेण्टर आगरा, अयोध्या, गोरखपुर, बस्ती, लखनऊ, बरेली, वाराणसी, अलीगढ़, झांसी, मेरठ, मिर्जापुर, कौशाम्बी, कानपुर देहात एवं सहारनपुर में करायी गयी है।

# हर व्यक्ति की समस्या का हर सम्भव होगा निदान : केशव मौर्य

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर आयोजित जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति को हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय। निर्देश दिए कि समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाय और समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिये। निर्देश दिए कि जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न, भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत हो, कठोर कार्यवाही की जाय। जनता दर्शन में भूमि विवाद ,दुर्घटनाओं से संबंधित, अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, भूमि पर कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनवाने, विद्युत, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, उत्पीड़न आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक-एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे संवाद करते हुए सुना। जनता दर्शन मे कई ज़िलों से आये लोगों ने अपनी समस्याएं रखी। श्री मौर्य ने समस्याओं के निस्तारण के बावत जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता करते हुए यथोचित दिशा निर्देश दिए। जमीन सम्बन्धी अधिकांश प्रकरणों में उन्होंने सम्बन्धित जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वह राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर भेजा जाय और सार्थक समाधान कराया जाय।

# विधि छात्रों को मिलेगा व्यवहारिक प्रशिक्षण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप प्रोग्राम का

### ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप प्रोग्राम का शुभारंभ

शुभारंभ सोमवार को लखनऊ की जनपद न्यायाधीश बबीता रानी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों पर किया गया। शुभारंभ समारोह का आयोजन प्रातः 10 बजे मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पुष्प अर्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश बबीता रानी ने की, जबकि संचालन मीनाक्षी सोनकर, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया। इंटर्नशिप प्रोग्राम के तहत डॉ. राम मनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर के.ए. पांडेय और बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष रावेन्द्र सिंह जादौन ने विधि छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान किया। इस कार्यक्रम में लखनऊ के अलावा सीतापुर, बाराबंकी, गोंडा, हरदोई और लखीमपुर खीरी जैसे जिलों से आए विधि छात्रों ने प्रतिभाग किया।

इस इंटर्नशिप का उद्देश्य छात्रों को विधिक प्रक्रिया की व्यवहारिक जानकारी देना और न्यायिक सेवा के प्रति उन्हें प्रेरित करना है।

# पाठ्यक्रम में शामिल हो अहिल्याबाई का जीवन चरित्र : राज किशोर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** लोकमाता अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी समारोह समिति अवध प्रान्त की बैठक में समिति के सभी सदस्यों ने एकमत से कहा कि अहिल्याबाई का जीवन चरित्र पाठ्यक्रम में शामिल होना चाहिए । इससे आने वाली पीढ़ी को लोकमाता के व्यक्तित्व व कृतित्व से अवगत हो सके। विश्व संवाद केन्द्र में आयोजित इस बैठक में अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी समारोह समिति के प्रान्तीय संयोजक राजकिशोर ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य के बाद यदि किसी ने मठ मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया तो वह लोकमाता अहिल्याबाई ने कराया। उनका राज्य भले ही छोटा रहा है लेकिन उन्होंने देश का कोई कोना नहीं छोटा जहां मुगलों द्वारा नष्ट भ्रष्ट किये गये मंदिरों का जीर्णोद्धार न कराया हो। प्रान्तीय सदस्य प्रशान्त भाटिया ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई के व्यक्तित्व व कृतित्व से जन–जन को परिचित कराने के लिए समिति द्वारा कार्यक्रम चलते रहेंगे। नवयुग कन्या डिग्री कालेज की प्राचार्य मंजुला उपाध्याय ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जो मिशन साहसी अभियान चलाया जाता है उसका नाम बदलकर लोकमाता अहिल्याबाई के नाम चलाया जाय। कीर्ति सिंह ने लखनऊ में लोकमाता अहिल्याबाई के नाम से एक पार्क का नामकरण करने की मांग किया। दिनेशचन्द्र ने कहा कि अन्नपूर्णा योजना व पुस्तकालय का नाम अहिल्याबाई नाम पर रखे जाने चाहिए। साथ ही उनके नाम से पुरस्कार शुरू किये जाने चाहिए। रेशू भाटिया ने कहा कि अमृत सरोवरों का नाम अहिल्याबाई के नाम से रखे जांय। पुराने मंदिर व कुंओं का जीर्णोद्धारा कराया जाना चाहिए। समिति के प्रान्तीय सदस्य बृजनन्दन राजू ने कहा कि लखनऊ में बन रहे राष्ट्र प्रेरणा स्थल में लोकमाता अहिल्याबाई की प्रतिमा स्थापित की जानी चाहिए।

## खबर एक नज़र

### कायस्थ महासभा के पदाधिकारी ने दिया इस्तीफा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के उत्तर प्रदेश पूर्वी के अध्यक्ष शेखर कुमार ने अपने पद से इस्तीफ़ा दे दिया। इन्होंने मीडिया में जारी अपने बयान में स्पष्ट किया है कि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के नाम से ही लगभग आधा दर्जन संगठन राजधानी व प्रदेश में कार्य कर रहे हैं। जिसके कारण संगठन के कार्य में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। समाज में काफी समय महासभा की कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के नाम स्पष्ट करने में ही लगता था। संगठन को मजबूती देने के कार्य में प्रायः सभी कुछ स्पष्ट करते रहने के कारण अपमान महसूस होता था। जिसके कारण ही मैनें अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

### 16 जिलों में बनेंगे एक हजार मीट्रिक टन क्षमता के गोदाम

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** किसानों की सुविधा के लिए 16 जिलों में 24 बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों के माध्यम से 1000 मीट्रिक टन तक की क्षमता वाले गोदाम बनाए जाएंगे। इससे किसानों को उनके कृषि उत्पादों के भंडारण की बेहतर सुविधा मिलेगी। जिससे उन्हें फसल बेचने में जल्दबाजी नहीं करनी पड़ेगी और उचित दाम मिल सकेगा। इन गोदामों से कृषि उद्योग तथा रोजमर्रा की वस्तुओं के वितरण और विक्रय का भी प्रबंधन किया जाएगा। 24 बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों में 500 से 1000 मीट्रिक टन क्षमता वाले गोदामों का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही इन गोदामों से किसानों को उनकी उपज को लंबे समय तक सुरक्षित रखने की सुविधा भी मिलेगी। इन गोदामों के जरिये कृषि उपज और रोजमर्रा की वस्तुओं के विक्रय में पारदर्शिता आएगी। भंडारण सुविधा मिलने से किसान सीधे बाजार में उचित समय और उचित मूल्य पर उपज बेच सकेंगे, जिससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त हो जाएगी। लखनऊ समेत बाराबंकी, सुल्तानपुर, अमेठी, बहराइच, रायबरेली, एटा, मथुरा, फर्रुखाबाद, लखीमपुर खीरी, कानपुर नगर, महाराजगंज, कुशीनगर, जालौन, पीलीभीत और झांसी में इन गोदामों का निर्माण किया जा रहा है।

# राजस्व मामलों के निस्तारण में लखनऊ अव्वल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राजस्व मामलों के निस्तारण में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का असर साफ नजर आ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश भर में राजस्व वादों के निस्तारण में तेजी देखी गयी है। राजस्व न्यायालय कंप्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली आरसीसीएमएस की रिपोर्ट में पूरे प्रदेश में लखनऊ में मामलों को निस्तारित किया गया है। जबकि जनपद स्तरीय न्यायालय में राजस्व के मामले निपटाने में एक बार फिर जौनपुर ने बाजी मारी है। राजस्व परिषद की आरसीसीएमएस की रिपोर्ट के अनुसार मई में प्रदेश में 3,20,719 राजस्व मामलों को निस्तारण किया गया। इसमें सबसे अधिक लखनऊ में 15,137 मामले निस्तारित किये गये, जो पूरे प्रदेश में सबसे अधिक है। इसके बाद जौनपुर 9,945 मामलों को निस्तारित कर पूरे प्रदेश में दूसरे, प्रयागराज 9,525 मामलों को निस्तारित कर तीसरे स्थान पर है। बोर्ड ऑफ रेवन्यू की मई माह की राजस्व न्यायालय कंप्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली से जौनपुर की पांच राजस्व न्यायालयों ने बोर्ड के निर्धारित मानक निस्तारण से अधिक मामलों का निस्तारण किया है। जौनपुर की पांच राजस्व न्यायालयों ने बोर्ड के प्रति माह निस्तारण के मानक 250 के सापेक्ष 563 मामलों का निस्तारण किया है। इसका प्रतिशत 225.20 है। जनपदीय न्यायालय में राजस्व मामलों के निस्तारण में प्रदेश में जौनपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है जबकि 549 मामलों को निस्तारण कर दूसरे स्थान पर सुल्तानपुर और 262 मामले निस्तारित कर तीसरे स्थान पर गाजीपुर है। अयोध्या के जिलाधिकारी न्यायालय ने निर्धारित 30 मामलों के मानक के मुकाबले 69 मामलों का निस्तारण कर 230 प्रतिशत की उपलब्धि हासिल की, जो प्रदेश भर में सबसे अधिक है । वहीं जौनपुर के जिलाधिकारी न्यायालय द्वारा 66 मामले निस्तारित किये गये।

# जीरो पॉवर्टी अभियान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : मुख्य सचिव

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने जीरो पॉवर्टी अभियान की समीक्षा के दौरान लाभार्थियों का जीरो पावर्टी पोर्टल पर सत्यापन प्राथमिकता पर कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दास्त नहीं की जायेगी। इस अभियान मे पात्र परिवारों को किसान सम्मान निधि, आवास, राशन कार्ड, विकलांग पेंशन, विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड से लाभान्वित कराने के कार्यों में प्रगति लायी जाये। उन्होंने यह भी कहा कि समय के साथ परिवार की आर्थिक स्थित में परिवर्तन हो सकता है, ऐसे में अंत्योदय कार्ड धारकों का सत्यापन कराया जाये और मृतक व अपात्र व्यक्तियों को राशन कार्ड से बाहर किया जाए। अभियान के तहत चिन्हित पात्र परिवारों को प्राथमिकता पर अंत्योदय कार्ड से जोड़ा जाये। इस अवसर पर प्रमुख सचिव कौशल विकास मिशन डॉ0 हरिओम, प्रमुख सचिव श्रम डॉ0 एम0के0एस0 सुंदरम, ग्राम्य विकास आयुक्त जी0एस0 प्रियदर्शी, सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

## संकायाध्यक्ष की नियुक्ति को 3 वर्ष बढ़ाने की मंजूरी

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में बाल चिकित्सा एवं स्नातकोत्तर शैक्षणिक संस्थान, की 12वीं शासी निकाय की बैठक में संकायाध्यक्ष की नियुक्ति को 3 वर्ष बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसी क्रम में पैथोलॉजी विभाग में पीजी जूनियर रेजिडेंट के 7 पदों के सृजन के प्रस्ताव तथा पीडियाट्रिक डेंटिस्ट्री डिपार्टमेंट के नाम को बदलकर डेंटल काउंसिल ऑफ इण्डिया के अनुसार पीडियाट्रिक एण्ड प्रीवेंटिव डेंटिस्ट्री रखने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में संस्थान के निदेशक प्रो0 अरुण कुमार सिंह ने संस्थान का वित्तीय विवरण एवं नवीन प्रस्तावों को प्रस्तुत किया। बैठक में प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा पार्थ सारथीसेन शर्मा सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

## कसमंडी कला के 65 फीसदी किसानों ने कराया फॉर्मर रजिस्ट्री का पंजीकरण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** लखनऊ के कसमण्डी कला गांव में संयुक्त कृषि निदेशक, ब्यूरो एके सिंह द्वारा खेती की नई तकनीकों, पी0एम0 किसान सम्मान निधि, फार्मर रजिस्ट्री एवं फसल बीमा पर चर्चा की गयी। साथ ही केन्द्रीय उपोष्ण वागवानी संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. नरेश बाबू,. डॉ. भारती खिलाडी, भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, के डॉ. एके दुबे, अजय कुमार राय ने भी इस दौरान अपने विचार रखे। गांव में 866 किसान सम्मान निधि की योजना का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। इस योजना के अंतर्गत ग्राम सभा में अब तक 3 करोड़ रुपये की धनराशि किसानों को प्राप्त हो चुकी है। अब तक लगभग 65 प्रतिशत लाभार्थी फॉर्मर रजिस्ट्री में पंजीकरण करा चुके हैं, शेष लाभार्थी की फॉर्मर रजिस्ट्री की जा रही है।

# खरीफ के लिए अनुदानित व निःशुल्क बीज वितरण शुरू

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** खरीफ 2025 सत्र के लिए जनपद लखनऊ में किसानों को अनुदानित बीज और निःशुल्क बीज मिनीकिट का वितरण शुरू कर दिया गया है। यह बीज जिले

### किसान पीओएस मशीन के जरिए उठा सकेंगे लाभ

के सभी विकासखंडों में स्थित राजकीय कृषि बीज भंडारों पर उपलब्ध हैं। किसानों को यह सुविधा कृषि विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण के आधार पर ÷सब्सिडी एट सोर्स÷ मॉडल के तहत प्रदान की जा रही है। बीज वितरण की व्यवस्था विकासखंडवार तय की गई है। विभिन्न फसलों जैसे धान, उर्द, अरहर, मूंग, तिल, कैचा, बाजरा, सावा, कोदा, जवार व गडुआ के लिए बीज की निर्धारित मात्रा और बीज भंडार प्रभारी के मोबाइल नंबर के साथ सूचीबद्ध विवरण जारी किया गया है। जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह के अनुसार पोर्टल पर पंजीकृत पात्र किसानों को पीओएस मशीन के माध्यम से अधिकतम 2 हेक्टेयर जोत सीमा तक 50 प्रतिशत अनुदान पर बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। निःशुल्क बीज मिनीकिट केवल एक ही फसल का, प्रथम आवक-प्रथम पावक÷ के आधार पर, एक किसान को दिया जाएगा। किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जिसका मोबाइल नंबर 9198938099 है। सभी निवेश सामग्रियां पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर वितरित की जाएंगी। जिला कृषि अधिकारी ने किसानों से आग्रह किया है कि वे जल्द से जल्द अपने नजदीकी बीज भंडार केंद्र पर संपर्क कर इस योजना का लाभ उठाएं।

# औद्यानिक उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा : दिनेश प्रताप

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के स्तर पर पहुंचाने के लिए किए जा रहे प्रयासों

### आगामी मंडलीय गोष्ठी और आम महोत्सव २०२५ की योजना पर भी चर्चा हुई



की समीक्षा उद्यान निदेशालय में सोमवार को प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में औद्यानिक फसलों एवं प्रसंस्कृत उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया। मंत्री ने निर्देश दिए कि डिलाइट इंडिया संस्था को देश के अन्य राज्यों द्वारा निर्यात किए जा रहे औद्यानिक उत्पादों, अपनाई जा रही विधाओं आदि का गहन अध्ययन कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। इसके साथ ही औद्यानिक फसलों की खेती की उन्नत तकनीक का प्रचार-प्रसार करने के लिए पंफलेट छपवाकर किसानों के मध्य वितरित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि किसानों की पहुंच को आसान बनाने और विभागीय योजनाओं, उन्नत खेती की तकनीक, कीट रोग प्रबंधन, प्रशिक्षण आदि विषयों की जानकारी साझा करने के लिए जिला उद्यान अधिकारी द्वारा व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से कम से कम 500 किसानों को जोड़ा जाए। इसके साथ ही विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जाए। बैठक में आगामी मंडलीय गोष्ठी एवं आम महोत्सव 2025 के आयोजन की रूपरेखा पर भी विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति के लिए सभी प्रयासों को प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वित किया जाए। जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया जा सके।

## बचपन-डे-केयर सेंटर्स की 26 जिलों में होगी शुरुआत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए न केवल वर्तमान योजनाओं का प्रभावी संचालन के साथ ही प्रदेश के 26 जनपदों में बचपन-डे-केयर सेंटर्स भी आरंभ करने की तैयारी है। इससे दिव्यांगजनों में आत्मसम्मान, अवसर और आत्मनिर्भरता को बल मिलेगा। प्रदेश में अभी तक 25 जनपदों में बचपन-डे-केयर सेंटर्स संचालित है। इसे 26 और जिलों में संचालित करने की योजना है। इन केंद्रों के माध्यम से विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को प्रारंभिक देखरेख, शिक्षा और सामाजिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे वे बेहतर विकास की ओर अग्रसर हो सकें। इसके अलावा स्टेडियम व स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्सों को दिव्यांगजन हितैषी बनाए जाने की योजना है। यह पहल उन्हें न केवल खेलों में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करेगी बल्कि 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की अवधारणा को भी सशक्त बनाएगी। शिक्षा के क्षेत्र में भी सरकार एक महत्वपूर्ण बदलाव लाने जा रही है। ई-लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल के माध्यम से छात्रों की शैक्षणिक गतिविधियों और कलाओं का प्रभावी पर्यवेक्षण किया जाएगा। इससे डिजिटल तकनीक के सहारे छात्रों की प्रतिभा को संवारने का मौका मिलेगा। सरकार सभी जनपदों में मानसिक मंदित आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना प्रस्तावित है।

# कुकरैल नदी की डी-सिल्टिंग कार्यों का औचक निरीक्षण



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने सोमवार को कुकरैल नदी की डी-सिल्टिंग/ड्रेजिंग कार्यों का जायजा लेने के लिए औचक

### मंडलायुक्त ने दिया १५ जून तक कार्य पूरा करने का निर्देश

निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नदी में पोकलैंड और अन्य मशीनरी उपकरणों से सिल्ट हटाने का कार्य प्रगति पर पाया गया। मंडलायुक्त ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि मशीनरी और मैनपावर की संख्या में तत्काल बढ़ोत्तरी कर कार्य को युद्धस्तर पर पूरा किया जाए, ताकि बारिश से पहले सफाई पूरी हो सके। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जलभराव की समस्या से निपटने के लिए समयसीमा का कड़ाई से पालन किया जाए। अधिकारियों ने मंडलायुक्त को अवगत कराया कि डी-शिल्टिंग कार्य भीखमपुर से खुर्रमनगर तक किया जाना है, जिसकी कुल लंबाई 4.4 किलोमीटर है। इस पर डॉ. जैकब ने निर्देश दिए कि 15 जून तक समस्त कार्य हर हाल में पूरा कर लिया जाए। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त गौरव कुमार सहित सिंचाई विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।





# विवाद में तहरीर की प्रतीक्षा न करें : योगी

## सीएम ने किया कानून-व्यवस्था, जनसुनवाई, आगामी त्योहारों के तैयारियों की समीक्षा | निर्धारित स्थलों पर हो बकरीद पर कुर्बानी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कानून-व्यवस्था, जनसुनवाई और आगामी त्योहारों के तैयारियों की समीक्षा किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि छोटे विवाद ही लापरवाही के कारण बड़े विवाद का रूप ले लेते हैं। ऐसे में सजगता, सतर्कता और संवाद के माध्यम से बड़े से बड़े विवाद का समाधान किया जा सकता है। विवाद की स्थिति में संबंधित थाना 'तहरीर' की प्रतीक्षा न करे, आवश्यक कदम उठाए , जिससे शांति, सुरक्षा और सौहार्द का माहौल बना रहे।



मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित बैठक में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 5 जून को गंगा दशहरा, 7 जून को बकरीद और 24 जून को जगन्नाथ रथ यात्रा के मद्देनज़र विशेष सतर्कता बरती जाए। यह समय कानून-व्यवस्था की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है। सभी जिलाधिकारी और पुलिस कप्तान अपने-अपने क्षेत्रों में विगत वर्षों में हुई घटनाओं का विवरण खंगालें। प्रतिबंधित पशुओं के काटने, परंपरा से हटकर कार्य करने, अराजकता फैलाने वालों की सूची तैयार कर, संदिग्धों पर कड़ी कार्रवाई करे। थाना, तहसील, जनपद में पीस कमेटियों से संवाद करें साथ ही धार्मिक स्थलों के आसपास पुलिस बल की गश्त जारी रहे।

उन्होंने कहा कि बकरीद पर कुर्बानी पूर्व निर्धारित स्थल चिन्हित हों। अन्यत्र कतई न हो। प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी पूर्णतः वर्जित रहे। नमाज परंपरागत स्थलों पर हो तथा सड़क मार्ग अवरुद्ध कर नमाज की अनुमति न दी जाए। आस्था का सम्मान हो किंतु नई परंपराओं को न बढ़ावा दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी जीवनदायिनी नदियों का पुनरोद्धार आवश्यक है। जालौन में नून नदी के पुनर्जीवन का सफल मॉडल अन्य जिलों के लिए प्रेरणा बने। इस वर्ष का पौधारोपण अभियान नदी पुनरोद्धार के उद्देश्य से जोड़ा जाए। गंगा दशहरा पर गंगा नदी के घाटों की साफ-सफाई व साज-सज्जा कराई जाए। 4 जून को स्वच्छता कार्यक्रम और 5 को सायं आरती किया जाए। उन्होंने कहा कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ माँ के नाम थीम पर पौधारोपण कराया जाए। इसमें सांसद, विधायक सहित सभी जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। वहीं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के 11वें संस्करण के आयोजन उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा निर्धारित योग प्रोटोकॉल अनुरूप मास्टर ट्रेनर तैयार कर जिलों में भेजे जाएं। सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि रोड इंजीनियरिंग में सुधार, साइनेज, स्पीड ब्रेकर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सड़क दुर्घटनाओं की ऑडिट कराकर जिम्मेदारी तय की जाए। तेज हवा व आंधी के कारण बाधित बिजली आपूर्ति की स्थिति में तत्काल रिस्पांस दे और बिजली आपूर्ति बाधित न हो।

### कार्यदिवस पर सभी अधिकारी करे जनसुनवाई

सीएम ने जन सुनवाई में अच्छा प्रदर्शन करने वालों की सराहना किया, साथ ही अपेक्षानुसार प्रदर्शन न करने वाले अधिकारियों को सुधार की हिदायत दी। कानून-व्यवस्था और जनसुनवाई शासन की प्राथमिकता है। आईजीआरएस व सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों का समाधान संतोषजनक और समयबद्ध हो। हर शिकायत का समयबद्ध, संतुष्टिपरक समाधान अनिवार्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल निस्तारण नहीं, बल्कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही अंतिम मानक है। जिन प्रकरणों में स्थलीय निरीक्षण आवश्यक हो, उनमें स्थल निरीक्षण अवश्य किया जाए। सभी अधिकारी कार्यदिवस में अपने कार्यालय में जनसुनवाई करें ।

### खुले में न बिके मांस

मुख्यमंत्री ने बर्ड फ्लू का उल्लेख करते हुए विशेष सतर्कता बरतने और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से अनुपालन करने के निर्देश दिए। साथ ही मृत पशुओं को नदियों में प्रवाहित न करने के लिए लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया। अवैध स्लॉटर हाउस किसी भी दशा में संचालित न हों। वैध स्लॉटर हाउस में निर्धारित क्षमता से अधिक पशु न रखे जाएं। खुले में मांस विक्रय प्रतिबंधित रहे।

# राज्यपाल ने जिला कारागार की महिला बैरक का किया निरीक्षण



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को हरदोई स्थित जिला कारागार की महिला बैरक का भ्रमण किया। इस अवसर पर उन्होंने नवस्थापित वाटर कूलर का फीता काटकर उद्घाटन किया। महिला बैरक में उन्होंने महिला बंदियों से भोजन की गुणवत्ता सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की और कहा कि वाटर कूलर से ठंडा पानी पिएं तथा जल का अपव्यय न करें। प्रशिक्षण केंद्र में चल रहे सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का अवलोकन किया और महिला बैरक के अस्पताल का निरीक्षण किया। इसके पश्चात उन्होंने महिला बंदियों के बच्चों की शिक्षा हेतु संचालित स्मार्ट क्लास की व्यवस्था को देखा।

उन्होंने कारागार परिसर में उपस्थित महिला बंदियों और माध्यमिक विद्यालयों की छात्राओं से संवाद किया। बच्चों से कहा कि उन्हें अपने जीवन में अनुशासन अपनाना चाहिए। जेल में की जा रही आधुनिक और जैविक खेती की सराहना की तथा छात्राओं से जेल भ्रमण के अनुभवों पर निबंध लिखकर राजभवन को प्रेषित करने के लिए प्रेरित किया। महिला बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपने मन में किसी प्रकार का प्रतिशोध का भाव न रखें और भविष्य में एक अच्छा जीवन व्यतीत करें। उन्होंने कहा कि सभी को विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने महिला बंदियों और उनके बच्चों को उपहार प्रदान किए। साथ ही, जेल अधीक्षक को उपयोगी पुस्तकों का एक सेट भेंट किया।

# जेईई एडवांस में लखनऊ के होनहारों का दबदबा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राजधानी के होनहार छात्रों ने जेईई एडवांस 2025 के नतीजों में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। शहर के श्रेयस लोहिया को ऑल इंडिया 68वीं रैंक हासिल हुई है। इससे पहले

**श्रेयस लोहिया ने हासिल की ऑल इंडिया 68वीं रैंक**

जेईई मेन में उन्हें ऑल इंडिया 6वीं रैंक और 100 परसेंटाइल स्कोर प्राप्त हुआ था।



वहीं, कृष्णा को ऑल इंडिया 75वीं रैंक मिली है। इस बार जेईई मेन 2025 में लखनऊ के 50 से अधिक छात्रों ने 99 परसेंटाइल या उससे अधिक अंक प्राप्त किए थे। इनमें श्रेयस लोहिया, कुशाग्र बेंगहा और कृष्णा अग्रवाल जैसे नाम प्रमुख हैं। एडवांस परीक्षा में भी इनसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद थी, जो परिणामों से पूरी होती दिखी। तत्सत मिश्रा को ऑल इंडिया 775वीं, अथर्व गुप्ता को 1152वीं और यश पुरवार को 5884वीं रैंक प्राप्त हुई है। इस सफलता पर छात्रों के परिवार, स्कूल और कोचिंग संस्थानों में जश्न का माहौल है। मेधावियों को माला पहनाकर स्वागत किया गया और लड्डू बांटे गए। श्रेयस लोहिया के पिता गजेंद्र लोहिया, जो दूरदर्शन में इंजीनियर हैं, ने कहा कि बेटे ने निरंतर कई घंटे पढ़ाई कर यह मुकाम हासिल किया है। श्रेयस ने बताया कि उन्हें 360 में से 289 अंक प्राप्त हुए हैं और उन्होंने आईआईटी मुंबई में पढ़ाई करने का मन बनाया है, हालांकि अंतिम फैसला ट्रेड चुनने के बाद होगा।

### चमके सीएमएस छात्र



सिटी मोन्टेसरी स्कूल के मेधावी छात्रों ने जेईई एडवान्स परीक्षाफल में अच्छा रिजल्ट निकाला है। सोमवार को घोषित हुए जेईई एडवान्स परीक्षाफल में स्कूल के सर्वाधिक 40 छात्र चयनित हुए हैं। जबकि स्कूल की गोमती नगर प्रथम कैम्पस के छात्र प्रहर्ष चतुर्वेदी ने ऑल इण्डिया 1589 रैंक अर्जित कर अपनी मेहनत का फल प्राप्त किया है। यह जानकारी स्कूल के गोमती नगर प्रथम कैम्पस ऑडिटोरियम में आयोजित एक प्रेस कान्फ्रेन्स में स्कूल प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने पत्रकारों को दी।

प्रेस कान्फ्रेन्स में प्रो. किंगडन ने बताया कि इस वर्ष सी.एम.एस. के 8 छात्रों ने 5000 से नीचे ऑल इण्डिया रैंक अर्जित कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है जबकि 15 छात्रों ने 10,000 से कम ऑल इण्डिया रैंक अर्जित की है। प्रो. किंगडन ने बताया कि इस वर्ष देश भर से 1,91,386 छात्र जेईई एडवांस की प्रतिष्ठित परीक्षा में बैठे, जिनमें सी.एम.एस. के सर्वाधिक 31 छात्रों ने 25,000 से नीचे की ऑल इण्डिया रैंक अर्जित कर कीर्तिमान स्थापित किया हैं और देश के टॉप इंजीनियरिंग कालेजों में अपनी स्थान सुनिश्चित कर लिया है। ऑल इण्डिया रैंक अर्जित करने वाले सीएमएस के 15 छात्रों में प्रहर्ष चतुर्वेदी, श्रेष्ठ मेहरोत्रा, अथर्व सिन्हा, मोहम्मद फैजान खान, तरूण तिवारी, अनन्त अग्रवाल, शिखर राज सक्सेना, श्रेष्ठ पोरवाल, सोहम त्रिपाठी, शिवांग कुमार शुक्ला, आर्यन वर्मा, कुँवर उत्कर्ष, ओज गुप्ता, अंश नलिन एवं अथर्व वैश्य शामिल हैं।

# ट्रॉमा में बोर्ड पर चस्पा होगी खाली वेंटीलेटर बेडों की संख्या

## मरीजों के बेड तक पहुंचेगी दवाएं, डिप्टी सीएम ने लिया जायजा

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** केजीएमयू ट्रामा सेंटर में वेंटीलेटर बेडों की पूरी डिटेल आमजनता देख सकेगी। इसके अलावा मरीजों के बेड तक दवाएं उपलब्ध करवाई जायेंगी। सोमवार को इसकी शुरुआत कर दी गई। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने नई व्यवस्था को देखा और कुलपति डॉक्टर सोनिया नित्यानंद सहित समूचे ट्रामा प्रबंधन की सराहना की।



ट्रॉमा सेंटर के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर प्रेम राज सिंह ने बताया कि संस्थान में वेंटीलेटर बेड की उपलब्धता अब रियल टाइम में ऐप आधारित डैशबोर्ड के माध्यम से सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित होगी। इस डैशबोर्ड का उद्देश्य आईसीयू में उपलब्ध 149 वेंटीलेटर बेड्स की वास्तविक समय स्थिति को पारदर्शी रूप से आम जनता और तीमारदारों के समक्ष प्रस्तुत करना है। किसी मरीज के डिस्चार्ज होते ही जानकारी अपने आप अपडेट हो जाएगी। इस अवसर पर डॉ. समीर मिश्रा, डॉ. धीरेंद्र पटेल, डॉ. समीर कुमार, कैजुअल्टी मेडिकल ऑफिसर उपस्थित रहे।

### मरीजों को बेहतर सेवा देने के प्रयास जारी रहेंगे : अमिय अग्रवाल

ट्रॉमा सेंटर के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अमिय अग्रवाल ने बताया कि अक्सर वेंटिलेटर को लेकर मरीजों व स्टॉफ के बीच विवाद होते रहते हैं। मरीजों का आरोप रहता है कि वेंटिलेटर खाली था मगर मिला नहीं या वीआईपी के लिए आरक्षित हैं। जबकि ऐसा नहीं होता। अब स्वयं मरीजों के परिजन देख सकेंगे कि वाकई ट्रामा में कितने वेंटिलेटर खाली हैं और कितने भरे हैं। इसके साथ ही मरीज के वार्ड में ही दवाएं और जांच रिपोर्ट्स पहुंचाने के लिए न्युमैटिक ट्यूब सिस्टम की भी शुरुआत की गयी है। केजीएमयू मरीजों को बेहतर सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में उन्नत प्रयास जारी रहेंगे।

# डॉक्टरों व पैरामेडिकल स्टॉफ की छुट्टी पर रोक

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** बिना जरुरत छुट्टी पर जाने वाले डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टॉफ को अवकाश नहीं मिलेगा। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सोमवार को यह फरमान सुनाया है। उन्होंने निर्देश में

**डिप्टी सीएम ने प्रमुख सचिव स्वास्थ्य को जारी किया आदेश**

कहा है कि आगामी त्यौहार व भीषण गर्मी को देखते हुए सभी अस्पातल अलर्ट मोड पर रहें। साथ ही भर्ती व इमरजेंसी सेवाओं को और पुख्ता करें। डिप्टी सीएम के इस आदेश को कोविड की एंट्री से जोड़कर भी देखा जा रहा है।

डिप्टी सीएम ने चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा को यह निर्देश दिये हैं। मंत्री ने कहा है कि चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टॉफ को अपरिहार्य कारणों के अलावा अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा। साथ ही डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टॉफ की विशेष टीमें बनाई जाएं। मरीजों को इलाज हासिल करने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। प्रमुख सचिव स्वास्थ्य ने सभी अस्पतालों को गाइडलाइन जारी कर दी है। गाइडलाइन में कहा गया है कि संचारी रोगों के नियंत्रण के लिए पूर्व में निर्गत दिशा-निर्देशों के आधार पर प्रभावी कार्रवाई की जाये। जन सहभागिता, प्रतिरक्षण, सर्विलॉस, केस बेस्ड एक्टीविटी एवं बचाव के उपायों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाये। चिकित्सा भवनों की स्ट्रक्चर सुरक्षा, अग्निशमन एवं विद्युत सुरक्षा का सतत अनुश्रवण किया जाये। अस्पतालों में बिजली एवं पीने के पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। गर्मी के मद्देनजर मरीजों एवं तीमारदारों के लिये साफ व ठंडे पानी का इंतजाम किया जाये।

### सीएचसी केन्द्रों में शुरू होगी कोविड जांच

कोरोना के नए मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने कोविड जांच तेज करने की कवायद शुरू कर दी है। इसके लिए सीएमओ के अधीन सभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्र की सीएचसी पर एंटीजन किट (कार्ड टेस्ट) से कोविड की जांच की जाएगी। फिलहाल अभी स्वास्थ्य विभाग ने केजीएमयू से कार्ड टेस्ट किट ली है। जल्द ही नई कंपनी को ऑर्डर देकर एंटीजन कार्ड किट मंगवाई जाएगी। सीएमओ के अधीन 20 से अधिक सीएचसी और बीएमसी हैं। सभी सीएचसी पर अभी तक कोरोना की जांच की सुविधा नहीं थी। अब सीएमओ स्तर से सभी सीएचसी में कोरोना जांच की सुविधा की व्यवस्था कर दी गई है।

# एलडीए का सैरपुर में चला बुलडोजर, दो अवैध प्लाटिंग ध्वस्त

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर शहर में अवैध निर्माण व प्लाटिंग के खिलाफ लगातार चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को प्रवर्तन टीम ने सैरपुर में कार्रवाई करते हुए 02 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया। वहीं, गोसाईंगंज के दुलारमऊ में एक अवैध व्यावसायिक निर्माण सील किया गया। प्रवर्तन जोन-4 की जोनल अधिकारी वंदना पाण्डेय ने बताया कि बलराम रावत, राजकिशोर चौबे व अन्य द्वारा सैरपुर के घुवैला कमलाबाद में लगभग 02 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था। इसी तरह राजेश रावत व अन्य द्वारा कमलाबाद में लगभग 02 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी।

# मदरसों में छात्राओं की संख्या बढ़ी

प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद असांरी ने बताया कि मदरसों में छात्रों से कहीं अधिक छात्राओं की संख्या है, जो कि बटी बचाओ-बेटी पढाओं के नारे को चरितार्थ कर रहा है। इस वर्ष मदरसा बोर्ड के मुंशी मोलवी की परीक्षा में 20672 छात्र तो 21,767 छात्राएं उत्तीर्ण हुई। इसी तरह आलिम में 8017 छात्र, 9527 छात्राएं पास हुई।

**भाजपा में मुस्लिमों की भागीदारी कैसी बढ़ेगी?**

मंत्री ने बताया कि बीते एक दशक में भाजपा को लेकर मुस्लिम समाज का नजरिया बदला है। क्योंकि उन्हें सरकारी योजनाओं की लाभ तथा विकास कार्य भी बिना किसी भेदभाव के सहजता से मिल रहा हैं। विपक्षी दल जरूर मुस्लिमों को भाजपा से डराने का काम कर रहे हैं। निकाय एवं पंचायत चुनाव में बीजेपी के पक्ष में मुस्लिमों की भागीदारी बढ़ी है। इसलिए आगामी विधानसभा चुनाव में भी भाजपा की ओर अल्पसंख्यकों का झुकाव बढ़ेगा। 2027 के आम चुनाव में भाजपा हैट्रिक लगाकर सत्ता की वापसी करेगी।

**ईदी की तरह गरीब मुस्लिमों को बकरीदी भी दी जायेगी?**

दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि फिलहाल ऐसी कोई योजना नहीं है कि बकरीद में गरीब मुसलमानों को उपहार दिये जाए। वैसे भी हर त्यौहार में सक्षम मुस्लिमों द्वारा गरीब परिवारों की मदद की जाती हैं। यहा तक कि गरीबों को हज करने भी भेजा जाता है। फिर भी पार्टी हाईकमान से जो भी निर्देश मिलेंगे उनका पालन किया जायेगा।

**पांच सवाल**



**दानिश आजाद अंसारी**
राज्यमंत्री-अल्पसंख्यक कल्याण
उत्तर प्रदेश सरकार

**सैकड़ों मदरसों के जमीदोज होने से , वहां के छात्र कहां पढ़ेंगे?**

मंत्री ने बताया कि यूपी में कानून का राज है, इसलिए अवैध भवनों के साथ मदरसों को भी गिराया गया। यहां पर पढ़ने वाले छात्रों को आस पास के अन्य मदरसों में शिफ्ट किया गया है। साथ ही मदरसों के पाठ्यक्रम में बदलाव किया गया है, क्योकि सरकार की मंशा है कि छात्र कुरान के साथ - साथ आधुनिक शिक्षा भी हासिल कर समाज में अपना नाम रोशन करे।

**मदरसों में शिक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती नहीं हो रही है?**

अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री ने बताया कि मदरसों में रिक्त पदों पर भर्ती जल्द ही आरंभ होने जा रही है। शिक्षकों के रिक्त पदों को संघ लोक सेवा आयोग द्वारा भर्ती कराने का निर्णय सरकार द्वारा लिया जा चुका है। इससे शिक्षक भर्ती में पारदर्शिता आयेगी साथ ही शिक्षण कार्य की गुणवत्ता बढ़ेगी। भर्ती में प्रबंधन की मनमानी पर विराम लगेगा।

**– राजेश सिंह**

# सड़क पर बनी अस्थाई दुकानें हटीं, सामान जब्त

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** नगर निगम ने सोमवार को भी शहर में

**नगर निगम ने कई क्षेत्रों में चलाया अभियान**

अतिक्रमण हटाया। इस दौरान कई क्षेत्रों में सड़क के किनारे फुटपाथों पर लगी अस्थाई दुकाने हटाईं गईं। साथ ही गुमटी, ठेले व अन्य सामान जब्त किया गया। वार्ड कन्हैया माधवपुर प्रथम में जोनल अधिकारी जोन-6 के नेतृत्व में बालागंज चौराहे से एकता नगर चौराहे तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान अस्थाई दुकानों को हटाया गया। अतिक्रमण करने वालों को सख्त चेतावनी दी गई कि वे पुनः उस स्थान पर अतिक्रमण न करें। साथ ही, भविष्य में ऐसी गतिविधियां न हों इसके लिए क्षेत्रीय थानाध्यक्ष को भी पत्र प्रेषित किया गया। इसी क्रम में जोन-7 में जोनल अधिकारी आकाश कुमार के नेतृत्व में मुंशी पुलिया चौराहे से मेट्रो स्टेशन होते हुए माही मेडिकल तक अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। हिम सिटी पार्ट-1, देवा रोड, चिनहट स्थित दो स्थलों पर बने रैंपों को भी तोड़ा गया।

# संगठित अपराध के खिलाफ होगी निर्णायक कार्रवाई : डीजीपी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** यूपी के नए डीजीपी राजीव कृष्ण ने सोमवार को मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व के सबसे बड़े पुलिस बल का नेतृत्व प्रदान

**जन शिकायतों का सफल समाधान होगी सर्वोच्च प्राथमिकता**

**महिलाओं के खिलाफ अपराधों की रोकथाम पर रहेगा विशेष जोर**

करते हुए मुझ पर विश्वास जताने के लिए मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हृदय से आभार व्यक्त करना चाहता हूँ। यह एक बड़ी जिम्मेदारी है, और मैं उत्तर प्रदेश पुलिस को उत्कृष्टता की अभूतपूर्व ऊंचाइयों की ओर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हूँ। कानून और व्यवस्था को बिगाड़ने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति के प्रति बिल्कुल भी सहनशीलता नहीं बरती जाएगी। हम हर कीमत पर कानून के शासन को बनाए रखेंगे। राज्य के हर हिस्से में शांति व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। हम अपराध और अपराधियों के खिलाफ एक अडिग रुख बनाए रखेंगे। संगठित अपराध के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

यह नीति हमारी कानून प्रवर्तन रणनीति की आधारशिला होगी, जिसका उद्देश्य सभी नागरिकों के लिए एक सुरक्षित वातावरण बनाना है। उन्होंने कहा कि जन शिकायत निवारण जन शिकायतों का सफल समाधान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। हम हर स्तर पर सभी शिकायतों से निपटने में बहुत सहानुभूतिपूर्ण और संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाएंगे, यह सुनिश्चित करते हुए कि नागरिकों की आवाज सुनी जाए और उसका तुरंत समाधान किया जाए।सभी रूपों में महिलाओं के खिलाफ अपराधों की रोकथाम और समाधान पर विशेष जोर दिया



जाएगा। हमारी पहल महिलाओं को सशक्त बनाने और उनकी सुरक्षा और संरक्षा की भावना को बढ़ाने की दिशा में होगी।

प्रदेश सरकार की अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का पालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब पुलिसिंग को और प्रभावी बनाने के लिए एआई की मदद लेंगे। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में विशेष कर कोविड के बाद से साइबर अपराध नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण खतरे के रूप में उभरा है। उत्तर प्रदेश पुलिस ने इसकी रोकथाम और पता लगाने के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत करके जवाब दिया है। साइबर खतरों से आगे रहने के लिए उन्नत तकनीकों का लाभ उठाते हुए इसे समय के साथ और मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले आठ वर्षों में मुख्यमंत्री के नेतृत्व व मार्गदर्शन से पुलिसिंग की दिशा स्पष्ट और निरंतर रही है। इस दिशा में ये कार्य उनके मार्गदर्शन में नए जोश और रणनीतिक जोर के साथ जारी रहेगें। दुनिया के सबसे बड़े पुलिस बल के रूप में हमारे कर्मियों के काम को प्रभावित करने वाले प्रशासनिक और कल्याणकारी मुद्दों पर विशेष जोर दिया जाएगा। हम पुलिस कल्याण को प्राथमिकता देंगे। यह सुनिश्चित करते हुए कि हमारे कर्मी अपने कार्यों को सम्पादित करने में प्रेरित रहें। निरंतर प्रशिक्षण ही एकमात्र आधार है जिस पर किसी भी संगठन की गुणवत्ता में सुधार किया जा सकता है। दिन प्रतिदिन की चुनौतियों का सामना करने में, इस महत्वपूर्ण पहलू को अक्सर इसका उचित महत्व नहीं दिया जाता है। मेरा प्रयास होगा कि सेवाकालीन प्रशिक्षण को उच्च प्राथमिकता वाला क्षेत्र बनाया जाए ताकि नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान की जा सकें। उन्होंने कहा कि ये सभी बिंदु उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए एक प्रकाश स्तंभ के रूप में कार्य करेंगे और मुझे विश्वास है कि बल के सभी सदस्य इनमें से प्रत्येक को प्राप्त करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देंगे।

**हाइटेक पुलिसिंग की दिशा में प्रयास**

डीजीपी राजीव कृष्ण 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं और उन्हें हाइटेक पुलिसिंग की दिशा में किए गए प्रयासों के लिए जाना जाता है। उन्होंने ऑपरेशन पहचान नामक एक एप लॉन्च किया है जो अपराधियों की पहचान करने व उन पर निगरानी करने में मदद के साथ प्रदेश में कानून-व्यवस्था को सुधारने में मदद मिलेगी। डीजीपी राजीव कृष्ण प्रदेश की कानून-व्यवस्था और आपराधिक नियंत्रण व्यवस्था को नई दिशा देने का प्रयास करेंगे। उनकी नई रणनीति और प्रयासों से प्रदेश में कानून का राज स्थापित होने की उम्मीद है और नागरिकों को सुरक्षा और न्याय मिलने की संभावना है।



स्वतंत्र भारत
epaper : epaper.swatantrabharat.net web portal : epaper.swatantrabharat.net

# एलडीए की आईटी सिटी योजना में बनेगा सेंट्रल पार्क व गोल्फ कोर्स

## मोहारी खुर्द व मोहारी कलां गांव की 200 बीघा जमीन पर विकास कार्य शुरू

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण अपनी आईटी सिटी योजना में लगभग 188 एकड़ क्षेत्रफल में सेंट्रल पार्क व गोल्फ कोर्स विकसित करेगा। इसके लिए ग्रीन बेल्ट की भूमि का डिमार्केशन कराया जा रहा है। सोमवार को एलडीए की टीम ने स्थल पर सेक्टर डेवलपमेंट का कार्य शुरू करा दिया। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि इस वर्ष दीवाली के अवसर पर योजना लांच कर दी जाएगी। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग व किसान पथ के मध्य लगभग 2,858 एकड़ क्षेत्रफल में आईटी सिटी विकसित की जाएगी। जिसके लिए मोहनलालगंज तहसील के ग्राम-बक्कास, सोनई कंजेहरा, सिकन्दरपुर अमोलिया, सिद्धपुरा, परेहटा, पहाड़नगर टिकरिया, रकीबाबाद, मोहारी खुर्द, खुजौली और भटवारा की जमीन ली जाएगी। यह योजना अपनी सर्वोत्तम रोड कनेक्टिविटी के कारण लोगों के लिए काफी उपयोगी होगी। योजना में 72 वर्गमीटर से 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल के लगभग 5,000 आवासीय भूखण्ड सृजित किये जाएंगे। इसके अलावा ग्रुप हाउसिंग के बड़े भूखण्ड भी नियोजित किये जाएंगे।

### आवासीय सुविधाओं के साथ सृजित करेगी रोजगार के बड़े अवसर



### इंडस्ट्रियल व व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा

आईटी सिटी को इस तरह विकसित किया जाएगा, जिससे अधिकतम निजी निवेश आकर्षित हों। इसके लिए योजना में लगभग 445.65 एकड़ इन्डस्ट्रियल एरिया व व्यावसायिक गतिविधियों के लिए लगभग 260 एकड़ क्षेत्रफल आरक्षित किया जाएगा। इससे इंडस्ट्रियल व व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इसके अलावा योजना में लगभग 200 एकड़ ग्रीन बेल्ट के बड़े भू-भाग में गोल्फ सिटी बनायी जाएगी। साथ ही लगभग 15 एकड़ क्षेत्रफल में फैली वाटर बाडी योजना को पर्यावरण के अनुकूल बनाएगी।

### किसानों ने खुद भूमि पूजन करके सौंपी मिट्टी

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि क्षेत्रीय किसानों द्वारा बड़ी संख्या में लैंड पूलिंग नीति के माध्यम से योजना के लिए जमीन दी जा रही है। संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह के नेतृत्व में एलडीए की टीम ने सोमवार को मोहारी खुर्द व मोहारी कला गांव की लगभग 200 बीघा भूमि पर एक साथ कब्जा लेते हुए 02 सेक्टरों के डेवलपमेंट का कार्य शुरू कराया। इस मौके पर क्षेत्रीय किसान/भू-स्वामी भी उपस्थिति रहे। किसानों ने विकास कार्य में भागीदारी दिखाते हुए स्वयं भूमि पूजन करके एलडीए अधिकारियों के हाथों में मिट्टी सौंपी।

### लैंड पूलिंग से किसानों को कई गुना लाभ

संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह ने बताया कि लैंड पूलिंग नीति के माध्यम से योजना के लिए अपनी जमीन देने वाले किसानों को कई गुना लाभ होगा। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि मोहारी खुर्द गांव में जमीन का डीएम सर्किल रेट लगभग 8 लाख रूपये बीघा है। प्रतिकर के रूप में चार गुना मुआवजा दिये जाने पर भी किसान को 32 लाख रूपये ही मिलेगा। वहीं, लैंड पूलिंग नीति के तहत अपनी शत प्रतिशत भूमि निःशुल्क देने वाले किसान को योजना में 25 प्रतिशत विकसित आवासीय भूमि क्रमशः 6800 वर्गफिट मिलेगी। जिसकी कीमत 03 करोड़ रूपये से अधिक होगी और किसान को कई गुना अधिक लाभ होगा।

# थाना परिसर में पुलिस व पेट्रोलियम कर्मियों ने लगाये पौधे



**स्वतंत्र भारत सरोजनीनगर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड की ओर से 200 पेड़ लगाने का संकल्प लिया गया है। दिन सोमवार को अमौसी में स्थित शीतला माता मंदिर में 20 पौधे पुजारी एवं जन-मानस के समक्ष वृक्षारोपण किया गया। इसी क्रम में सरोजनीनगर थाने में थाना प्रभारी कार्यवाहक सुरेश मिश्रा, एस आर यादव, उप निरीक्षक वीरभान सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी की उपस्थिति में 10 पौधों का वृक्षारोपण किया गया। दैनिक उपयोग प्लास्टिक को कम करने के बदले में जूट का थैला प्रदत्त किया गया। वृक्षारोपण की मुहिम बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कर्मचारियों को एक सकारात्मक, सहयोगी और स्वस्थ कार्य परिवेश की महत्ता के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एचपीसीएल में कार्यरत स्नेहा कुंवर वरिष्ठ प्रबंधक परिचालन और कार्यक्रम समन्वयक दर्शन दास वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी के प्रेरणादायक भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने कार्यस्थल पर पारदर्शिता, सम्मान और समरसता बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। इसके पश्चात कर्मचारियों के लिए एक खुला संवाद सत्र आयोजित किया गया, जहां उन्होंने अपने अनुभव साझा किए और सुझाव दिए कि कार्यस्थल को और बेहतर कैसे बनाया जा सकता है। इस दिन को विशेष बनाने के लिए एक स्वच्छता अभियान, मानसिक स्वास्थ्य पर आयोजित की गईं। कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यस्थल को स्वच्छ, शांतिपूर्ण और प्रेरणादायक बनाने का संकल्प लिया।

# रेलवे बोर्ड सदस्य ने लिया गोमतीनगर स्टेशन का जायजा



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** रेलवे बोर्ड के सदस्य (परिचालन एवं व्यवसाय विकास) हितेंद्र मल्होत्रा ने गोमतीनगर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ मण्डल रेल प्रबन्धक गौरव अग्रवाल,अपर मण्डल रेल प्रबन्धक (परिचालन)रजनीश गुप्ता, रेल भूमि विकास प्राधिकरण (आरएलडीए) के मुख्य परियोजना प्रबंधक सुधीर सिंह एवं मण्डल के वरिष्ठ शाखाधिकारी उपस्थित थे।

निरीक्षण के दौरान श्री मल्होत्रा ने गोमतीनगर स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों के अंतर्गत नवनिर्मित नॉर्थ टर्मिनल बिल्डिंग, वाणिज्यिक ब्लॉक, फ्लाईओवर, और एयर कॉनकोर्स का अवलोकन किया। उन्होंने स्टेशन के ले-आउट प्लान, प्रथम और द्वितीय इंट्री पर चल रहे आधारभूत संरचनाओं के विकास कार्यों का भी जायजा लिया। मल्होत्रा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यात्री सुविधाओं का विस्तार किया जाए। जिससे यात्रियों को विश्वस्तरीय अनुभव प्राप्त हो। इस अवसर पर गोमतीनगर स्टेशन को आधुनिक और यात्री-केंद्रित बनाने के लिए चल रही परियोजनाओं पर चर्चा हुई। मल्होत्रा ने कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को परियोजना को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के लिए प्रेरित किया। यह पुनर्विकास परियोजना न केवल गोमतीनगर स्टेशन को एक आधुनिक रेलवे हब के रूप में स्थापित करेगी, बल्कि क्षेत्रीय विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी। इस अवसर पर वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर/समन्वय, वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबन्धक, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, वरिष्ठ मण्डल यॉत्रिक इंजीनियर/समन्वय, सहायक मण्डल इंजीनियर/लाईन, सहायक वाणिज्य प्रबंधक एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# ग्राम पंचायत में कैंप का शुभारंभ



**स्वतंत्र भारत संवाददाता बीकेटी।** स्थानीय विकासखंड के ग्राम पंचायत अकड़रिया कला में शासकीय कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से एक दिवसीय कैंप का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक योगेश शुक्ला द्वारा किया गया।इस अवसर पर विधायक श्री शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का सम्मान विश्व स्तर पर बढ़ा है।उत्तर प्रदेश भी विकास और सांस्कृतिक धरोहरों के सरंक्षण में कदम से कदम मिलाकर चल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हरसंभव प्रयास कर प्रदेश के विकास में अग्रणी भूमिका निभा रही है। सहायक विकास अधिकारी विवेक शुक्ला ने बताया शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का प्रचार प्रसार जन सामान्य में उपलब्ध कराते हुए इच्छुक पात्र लाभार्थियों को विभिन्न शासकीय कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से इस कैंप को संचालित किया जा रहा है। इस कैंप का आयोजन अकड़रिया कला ,अचरामऊ,अस्ती ग्राम से शुरू हुआ है। जो कि बारी बारी से सभी ग्राम पंचायत में आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर ग्राम प्रधान ,ग्राम सचिव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

स्वतंत्र भारत
वर्गीकृत

## संबंध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र जावेद, पुत्रवधु शवाना को दुर्व्यवहार के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। हामिद पुत्र कल्लू नि.ग्रा. धुल्लिया थाना निगोही-शाहजहांपुर।
**सी.आर.-472/D-30**

## संबंध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र राजू उर्फवीरेंद्र को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। तिलकराम पुत्र वद्रीप्रसाद नि.ग्रा. गहलुइया नवदिया बंकी थाना बण्डा-शाहजहांपुर।
**सी.आर.-472/D-34**

## सूचना

मैंने अपने दोनों पुत्र लल्लू उर्फ अब्दुल हमीद व पुत्रवधू हिना तथा कल्लू उर्फ अब्दुल कादिर व पुत्रवधू अफताना के गलत आचरण के कारण उनसे सम्बन्ध-विच्छेद कर चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उन लोगों के द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों से मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। बन्नो पत्नी स्व. अब्दुल रहीम नि.- कानपुर वाली मस्जिद के बगल, रामगंज, हुसैनाबाद, लखनऊ।
**सी.आर.-470/L-50**

## सूचना

मैंने अपना नाम AKRAM RIYAN से बदलकर ARKAM RIYAN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/o- JALAL UDDIN ADD-105/119, DAIRA SHAH AJMAL, POST-ALLAHABAD CITY DIST-ALLAHABAD PRAYAGRAJ -211003 (U.P)
**सी.आर.-471/L-25**

## सूचना

मैंने अपना नाम NOOR JAHAN KHATOON से बदलकर SURAIYA FARUQI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/o- LIYAKAT ALI NASIRI ADD-760 RAJAJIPURAM DIST-LUCKNOW-226017 (U.P)
**सी.आर.-471/L-25**

## सूचना

मैंने अपना नाम VAIBHAV KUMAR से बदलकर नया नाम KUMAR VAIBHAV S/o SATCHIDA NAND YADAV रख लिया है। Add.- 3/43, Bahar Ramgadhtal Sahara Estate MMMTU Khorabar URF Soobabazar Gorakhpur U.P.
**सी.आर.-471/L-25**

## सूचना

मैं MOHAMMAD NADEEM पुत्र श्री MOHAMMAD ATEEQ, निवासी-4, सरस्वतीपुरम, लखनऊ, उ.प्र., सबको सूचित करता हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर NADEEM पुत्र MOHAMMAD ATEEQ रख लिया है, अतः आज से मुझे NADEEM के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।
**सी.आर.-471/L-25**

# रेलवे कालोनियों में पर्यावरण जागरूकता अभियान



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल द्वारा 'विश्व पर्यावरण दिवस' के उपलक्ष्य में 22 मई से 05 जून 2025 तक 'विश्व पर्यावरण संरक्षण पखवाड़ा' का आयोजन किया जा रहा है। मण्डल में मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मण्डल यांत्रिक इंजीनियर, ईएनएचएम रोहित कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में गोरखपुर, लखनऊ, बादशाहनगर, गोण्डा, मनकापुर, बस्ती, खलीलाबाद, और ऐशबाग स्टेशनों के साथ-साथ रेलवे कालोनियों में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इस अभियान के अंतर्गत स्टेशनों एवं रेलवे कालोनियों के आसपास के पार्कों में साफ-सफाई व रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया गया। इस दौरान स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए बच्चों की कला प्रतियोगिता और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। यात्रियों को जूट बैग के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया गया। मण्डल के स्वास्थ्य निरीक्षकों द्वारा रेलवे स्टेशनों, पटरियों, और कॉलोनियों के आसपास

सामुदायिक सहभागिता से स्वच्छता अभियान चलाया गया। मण्डल के स्टेशनों पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रसारित करने के लिए पर्यावरण गीत, पोस्टर, और बैनर का उपयोग किया जा रहा है।

पूर्वोत्तर रेलवे
खुली ई–निविदा सूचना
NER-LJN-2025-54

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत् है:– **ई–निविदा सं.: NER-LJN-2025-54; कार्य का नाम:** पूर्वोत्तर रेलवे–लखनऊ मंडलः– गोण्डा जंक्शनः– लोको शेड गोण्डा में स्टोर डिपो के बुनियादी ढांचों में सुधार।; **अनुमानित लागत (₹): ₹2,16,48,239.10; अग्रिम धन (₹): ₹2,58,300/-; समापन अवधिः** 12 माह। 1. उपरोक्त ई–निविदा संख्या **NER-LJN-2025-54** तक के लिए ई–निविदा दिनांक 24.06.2025 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई–निविदा खोली जायेंगी। 2. उपरोक्त ई–निविदा से संबंधित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से संबंधित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग
मुजाधि/डब्ल्यू–94 लखनऊ
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

अदालती सूचना ता. पेशी 18.07.2025 हेतु संदर्शित करने की सूचना(साधारण प्रारुप) न्यायालय सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर दीवानी प्रकीर्ण वाद सं. 263 वर्ष 2024 (मूलवाद संख्या 320 वर्ष 2010) सैय्यद राशिद हुसैन बनाम सैय्यद अरशद हुसैन आदि बनाम 1- सैय्यद अरशद हुसैन पुत्र सैय्यद ऐजाज हुसैन 2- श्रीमती आविदा वेगम वेबा सैय्यद ऐजाज हुसैन निवासीगण मोहल्ला तारीन टिकली पर. व तह. सदर शहर व जिला शाहजहांपुर....विपक्षीगण चूंकि उपरिनिमांकित सैय्यद राशिद हुसैन वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि वाद को पुर्नास्थापन किया जावे। अतएव आपको एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2025 ई.के माह 07 के 18 दिवस को दस बजे के पूर्वान्ह में स्वंया या सम्येक रूपेण अनादिष्ट अपने अभिवक्ता द्वारा उपसंजात हों और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। आज सन् 2025 के माह 05 के 30 दिवस को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया। **न्यायालय के आदेशानुसार मुंसरिम सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर।**
**सी.आर.-472/D-CN**

उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड
ई–निविदा आमंत्रण सूचना

**(1) अति अल्पकालीन ई–निविदा संख्या 17–वि.पा.मं.(प्र.)ल./2025–26,** विद्युत पारेषण खण्ड–II, लखनऊ के अन्तर्गत Revetment of the Tower by construction of Retaining Wall at Tower Loc-No-, 35'C+0' of 132 KV NKN-Hardoi Raod DC Transmission Line का कार्य कराने हेतु ई. निविदा आमन्त्रित की गयी है, जिसे www.etender.up.nic.in पर दिनोंक 02.06.2025 को प्रकाशित किया जायेगा। कार्य की अनुमानित लागत रू0 31.39 लाख (कर सहित) का कार्य की अवधि 01 माह धरोहर धनराशि रू. 30500.00 ऑन लाइन ई. निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनांक 09.06.2025 को 16:00 बजे तक है।

**(2) ई–निविदा संख्या 18– वि.पा.मं. (प्र.) ल./2025–26,** विद्युत पारेषण खण्ड–III, लखनऊ के अन्तर्गत 132 के0वी0 उपकेन्द्र हैदरगढ, बाराबंकी पर स्थापित दोषपूर्ण/अक्रियाशील Relays के स्थान पर नये Relays की आपूर्ति, Retrofitting & Commissioning का कार्य कराये जाने हेतु ई. निविदा आमन्त्रित की गयी है, जिसे www.etender.up.nic.in पर दिनाँक 02.06.2025 को प्रकाशित किया जायेगा। कार्य की अनुमानित लागत रू0 4.64 लाख (कर सहित) का कार्य की अवधि 01 माह धरोहर धनराशि रु. 5000.00 ऑन लाइन ई. निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनाँक 23.06.2025 को 16:00 बजे तक है।

**(3) अल्पकालीन ई–निविदा संख्या 19– वि.पा.मं. (प्र.)ल./2025–26,** विद्युत पारेषण खण्ड–I, लखनऊ के अन्तर्गत 220 के०वी० जी०आई०एस० उपकेन्द्र कानपुर रोड, 132 के0वी0 उपकेन्द्र टी०आर०टी० एवं 132 के0वी0 उपकेन्द्र मोहान रोड पर विभिन्न उपकरणों पर पेंटिंग सम्बन्धी कार्य हेतु ई. निविदा आमन्त्रित की गयी है, जिसे www.etender.up.nic.in पर दिनाँक 02.06.2025 को प्रकाशित किया जायेगा। कार्य की अनुमानित लागत रू0 4.64 लाख (कर सहित) का कार्य की अवधि 01 माह धरोहर धनराशि रू. 5000.00 ऑन लाइन ई. निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनाँक 12.06.2025 को 16:00 बजे तक है।

**(4) अल्पकालीन ई–निविदा संख्या 20– वि.पा.मं. (प्र.) ल./2025–26,** विद्युत पारेषण खण्ड–I, लखनऊ के अन्तर्गत पारेषण भवन, गोमती नगर के लिये एल०ई०डी० लाईट, स्विच बोर्ड आदि क्रय करने हेतु ई. निविदा आमन्त्रित की गयी है, जिसे www.etender.up.nic.in पर दिनाँक 02.06.2025 को प्रकाशित किया जायेगा। कार्य की अनुमानित लागत रू0 1.93 लाख (कर सहित) का कार्य की अवधि 01 माह धरोहर धनराशि रू. 2000.00 ऑन लाइन ई. निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनाँक 12.06.2025 को 16:00 बजे तक है।

अतः उपरोक्त वर्णित ई–निविदाओं के कार्य की कुल मात्रा ई–निविदा विशिष्टीकरण व अन्य नियम एवं शर्ते www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अद्योहस्ताक्षरकर्ता को बिना कोई कारण बताये किसी भी ई. निविदा अथवा सभी ई. निविदाओं को अस्वीकार/विभाजित करने का अधिकार सुरक्षित है।

निर्धारित तिथि के विस्तार तथा शुद्धि पत्र से सम्बन्धित सूचना यदि कोई होगी केवल वेबसाइट पर डाली जाएगी। अतः स्वयं को अपडेट रखने के लिए उपरोक्त वेब साईट को नियमित देखते रहना चाहिए।

**अधीक्षण अभियन्ता विद्युत पारेषण मण्डल–प्रथम, कक्ष संख्या 111 से 114, भू–तल, पारेषण भवन, विभूति खण्ड–II, निकट मंत्री आवास गोमतीनगर, लखनऊ–226010**
**पत्रांकः 1356/वि.पा.मं.(प्र.) ल./निविदा मण्डल दिनांकः 31.05.2025**
'राष्ट्रहित में बिजली बचाएं'

# पूर्वोत्तर रेलवे के 23 कर्मचारी सेवानिवृत्त



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय के 'बहुउद्देशीय हाल' में सोमवार को मण्डल वित्त प्रबंधक उमेश कुमार की उपस्थिति में सहायक मण्डल कार्मिक अधिकारी प्रमोद कुमार भारती द्वारा 23 रेल कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने के अवसर पर भाव भीनी विदाई देते हुए समापक भुगतान के रूप में समापक राशि का प्रपत्र एवं सेवानिवृत्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर मण्डल वित्त प्रबंधक द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनकी रेलवे के प्रति समर्पण, निष्ठा एवं अतुलनीय योगदान के लिए आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने सेवानिवृत्त हुए रेलकर्मियों के दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

कार्यालय केन्द्रीय नजारत,
जनपद न्यायालय, लखनऊ

नीलामी सूचना दिनांक 30.05.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय लखनऊ के न्यायालयों कक्षों तथा विश्राम कक्षों से निकाले गये निष्प्रयोज्य ए0सी0 की नीलामी दिनांक 01.07.2025 को सायंकाल 04:00 बजे मीडिएशन सेन्टर माननीय उच्च न्यायालय पुराना परिसर में होगी। निष्प्रयोज्य सामग्री के सम्बन्ध में लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के कार्य अधीक्षक (अ0वि0नि0ई0वि0/याँ) लो0नि0वि0 लखनऊ से प्राप्त आख्या में कार्यालय अधीक्षक, (अ0वि0नि0ई0वि0/यां) लो0नि0वि0 द्वारा विन्डो ए0सी0 1.5 टन क्षमता रू0 2850.00 प्रति नग (जी0एस0टी0 अतिरिक्त), स्पिलिट ए0सी0 इनडोर आउटडोर 1.5 टन क्षमता रू0 3900.00 प्रति नग (जी0एस0टी0 अतिरिक्त), व स्पिलिट ए0सी0 इनडोर आउटडोर 2.0 टन क्षमता रू0 4100.00 प्रति नग (जी0एस0टी0 अतिरिक्त), की दर बताया गया है। नीलामी समिति द्वारा सर्वसम्मति से उक्त वर्णित निष्प्रयोज्य सामग्री की दर से न्यूनतम मूल्य नीलामी हेतु निर्धारित किया गया है।

उपरोक्त जनपद न्यायालय लखनऊ के न्यायालयों कक्षों तथा विश्राम कक्षों से निकाले गये निष्प्रयोज्य ए0सी0 की बोली लगाने हेतु प्रतिभूति के रूप में मु0 20,000/–रू0 की नकद धनराशि माननीय उच्च न्यायालय लखनऊ के पुराने परिसर में स्थित इस जनपद न्यायालय के केन्द्रीय नजारत में नीलामी के नियत तिथि के पूर्व दिनांक 30.06.2025 तक जमा होगी। प्रत्येक कार्य दिवस में अपरान्ह् 02 से 05 बजे तक जमा करते हुए उससे सम्बन्धित रसीद प्राप्त की जा सकेगी। प्रतिभूति की धनराशि जमा न करने की स्थिति में उसे नीलामी बोली बोलने का अधिकार नहीं होगा। उपरोक्त जनपद न्यायालय लखनऊ के न्यायालयों कक्षों तथा विश्राम कक्षों से निकाले गये निष्प्रयोज्य ए0सी0 माननीय उच्च न्यायालय पुराना परिसर के कक्ष में एकत्र है, जिसे किसी भी कार्य दिवस में अपरान्ह् 12:00 से 02:00 बजे तक देखा जा सकता है।

उपरोक्त पुराने निष्प्रयोज्य सामग्री की नीलामी से सम्बन्धित अन्तिम बोली जिस प्रतिभागी के पक्ष में छूटेगी, उस पर नियमानुसार कर की धनराशि अलग से जमा करना अनिवार्य होगा तथा अंतिम बोली की धनराशि के 50 प्रतिशत की धनराशि तुरन्त नीलामी स्थल पर जमा करना होगा तथा अन्तिम बोली की अवशेष 50 प्रतिशत की धनराशि तीन दिवस में जमा करने के पश्चात् उपरोक्त निष्प्रयोज्य सामग्रियों को स्थल से तुरन्त उठवाया जायेगा अन्यथा प्रभार के रूप में स्वीकृत बोली 01 प्रतिशत धनराशि का भुगतान करना अनिवार्य होगा।

उपरोक्त से सम्बन्धित जमा की जाने वाली धनराशि नकद जमा की जायेगी। उससे सम्बन्धित किसी प्रकार की चेक, ड्राफ्ट व बिल आदि ग्रहण नहीं किया जायेगा।

उपरोक्त नीलामी की तिथि में किसी भी प्रकार का परिवर्तन/वृद्धि किये जाने अथवा स्वीकृत/अस्वीकृति का अधिकार तथा किसी प्रकार के विवाद के लिए अंतिम निर्णय लिये जाने का अधिकारी माननीय जिला जज, लखनऊ के अधीन सुरक्षित होगा। जो सभी को मान्य होगा।

(अतुल सिंह)
अध्यक्ष नीलामी समिति/
विशेष न्यायाधीश भ्र0नि0अधि0–06
लखनऊ।

उ0प्र0 234534 दिनांक- 02.06.2025
Web.: www.upidadv.gov.in

# एलडीए ने जमा किया ४३.२३ लाख रुपये अनुरक्षण शुल्क



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण फ्लैटों का अनुरक्षण शुल्क जमा करने के लिए अपार्टमेंट्स में कैम्प लगा रहा है। इस क्रम में रविवार को गोमती नगर स्थित पारिजात अपार्टमेंट व जानकीपुरम विस्तार के सेक्टर-जे स्थित सृष्टि अपार्टमेंट में कैम्प लगाया गया, जिसमें आवंटियों ने 43.23 लाख रूपये अनुरक्षण शुल्क जमा कराया। अपर सचिव सीपी त्रिपाठी ने बताया कि आवंटियों ने मांग की थी कि अनुरक्षण शुल्क जमा कराने के लिए अपार्टमेंट्स में ही कैम्प आयोजित किया जाए। जिस पर उपाध्यक्ष द्वारा जनहित में निर्णय लेते हुए स्थल पर ही कैम्प आयोजित करने के निर्देश दिये गये थे। इसके अनुपालन में पारिजात एवं सृष्टि अपार्टमेंट में रविवार सुबह 11 बजे से शाम 5:00 बजे तक कैम्प लगाया गया। इसमें प्राधिकरण के अभियंत्रण व लेखा एवं वित्त अनुभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। दिन भर चली कार्रवाई के दौरान सृष्टि अपार्टमेंट में 30,49,752 रूपये और पारिजात अपार्टमेंट में 12,73,704 रूपये अनुरक्षण शुल्क प्राप्त किया गया। उन्होंने बताया कि आवंटियों की सुविधा के लिए आगामी शनिवार व रविवार को भी अपार्टमेंट्स में कैम्प लगाकर अनुरक्षण शुल्क जमा कराया जाएगा।

# अदब के शहर में भाई का काल बना भाई

## गाली के विरोध पर गला घोंट उतारा मौत के घाट, जानकीपुरम थाना क्षेत्र का मामला

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** यूं तो प्रदेश की राजधानी लखनऊ को अदब का शहर कहा जाता है और नजाकत व तहजीब ही यहां की पहचान है। वहीं सोमवार को जानकीरपुम थाना क्षेत्र में ऐसी घटना सामने आई, जिसने न सिर्फ यहां की पहचान को ही शर्मसार किया बल्कि मानवता को भी हिला कर रख दिया। यहां एक भाई ही अपने भाई का काल बन गया। गाली देने के विरोध पर उसने गला घोंटकर छोटे भाई को मौत के घाट उतार दिया। हत्याकांड से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन के बाद शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आरोपी को हिरासत में ले लिया।

पुलिस के मुताबिक, निर्मला मिश्रा जानकीपुरम में अपने दो बेटों के साथ रहती हैं। बड़ा बेटा अमित मिश्रा उर्फ बाला व छोटा बेटा रवि मिश्रा के बीच सोमवार को शराब के नशे में विवाद हो गया। अमित ने रवि की पिटाई कर दी। दोनों में झगड़ा और बढ़ गया। इसके बाद गुस्से में अमित ने रवि की गला दबाकर हत्या कर दी। निर्मला ने बताया, अमित और रवि के बीच आपसी विवाद था। अमित शराब के नशे में रवि से गाली गलौज कर रहा था, रवि ने गाली देने से मना किया। इस पर अमित तेज आवाज में गाली देने लगा। रवि की सांसें थम जाने के बाद अमित के भी होश उड़ गए। वहीं चीख-पुकार सुनकर पड़ोसियों की भीड़ भी इकट्ठा हो गयी।

### पिटाई के बाद घोंटा गला

सुबह करीब साढ़े 11 बजे की बात है, जब अमित और रवि के बीच पहले मामूली बात पहले कहासुनी शुरू हो गयी। फिर धीरे-धीरे गाली-गालौज के बाद मारपीट होने लगी। इसी बीच बात इतनी बढ़ गयी कि अमित ने रवि को जमकर पीट दिया। इससे भी जब उसका मन शांत नहीं हुआ तो गला घोंट रवि को हमेशा के लिए मौत की नींद सुला दिया। रवि की मौत के बाद अमित के भी होश उड़ गए और वह शव के पास हक्काबक्का खड़ा रहा। कुछ देर बाद पहुंची पुलिस ने उसे अपनी गिरफ्त में ले लिया।

### मां ने बुलाई पुलिस

दोनों भाई के बीच झगड़े के बाद जब मारपीट शुरू हो गयी तो निर्मला ने बीच-बचाव कराने का प्रयास किया, लेकिन अमित के सिर पर खून सवार था और उसने मां की एक न सुनी। पीटने के बाद रवि की हत्या कर उसके मन को शांति मिली। छोटे बेटे रवि को मरा देख निर्मला के होश उड़ गए और उन्होंने सबक सिखाने की नीयत से पुलिस को सूचना दी। निर्मला ने पुलिस को बताया कि उनके बड़े बेटे ने छोटे बेटे को मार डाला है। जल्दी आकर आरोपी को गिरफ्तार कर लीजिये और कड़ी सजा दिवाइए। इसके बाद निर्मला ने ही तहरीर देकर अमित के खिलाफ हत्या समेत कई संगीन धाराओं में केस दर्ज कराया है।

### अक्सर होता था भाईयों में विवाद

रवि हत्याकांड के बाद उनके पड़ोसियों ने बताया कि दोनों भाई मां के साथ तो रहते थे, लेकिन आपस में उनकी बिल्कुल नहीं बनती थी। आए दिन किसी न किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी और मारपीट होती थी। किसी को इस बात का अंदाजा नहीं था कि एक दिन भाई ही भाई का काल बन जाएगा।

## डीआईजी होमगार्ड संतोष सुचारी बने आईजी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** नवागंतुक आईजी होमगार्ड मुख्यालय संतोष सुचारी ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि महिला होमगार्ड स्वयं सेवकों को वह



मातृत्व अवकाश दिलाने का पूरा प्रयास करेंगे। यह उनकी प्राथमिकता है। विभाग में होमगार्डों की ड्यूटी की आनलाइन व्यवस्था है। वह निष्पक्ष और सुचारू रूप से चलती रहेगी। होमगार्डों और विभाग के हित में शासन के निर्देशों का पालन कराएंगे। इस दौरान मंडलीय कमांडेंट मिर्जापुर सुधाकराचार्य पांडेय के अलावा अमित पांडेय, कमांडेंट बीके सिंह, गिरीश पांडेय व अन्य अफसरों ने उन्हें पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। संतोष सचारी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए दो बार राष्ट्रपति पदक से सम्मानित हो चुके हैं। इस दौरान डीजी होमगार्ड्स विजय कुमार मौर्य ने उन्हें रैंक बैच लगाया।

# स्क्रैप कारोबारी से 14 लाख की ठगी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के गिंदन खेड़ा कैलाश विहार कालोनी निवासी स्क्रैप कारोबारी से रेल लाइन के स्क्रैप खरीदने के नाम पर 14 लाख रुपये की ठगी हुई। आरोप है कि आशियाना निवासी आयुष सिन्हा ने देवी मां शक्ति कंट्रेक्शन एंड कंसटैल्सी सर्विस प्रा. लि. नाम की कंपनी के खाते में रुपये मंगाए। इसके बाद स्क्रैप की लोडिंग नहीं कराई। पूछताछ करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ति ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की तो रिपोर्ट दर्ज की गई। गिंदनखेड़ा कैलाश विहार कालोनी निवासी गुरुबचन सिंह सतगुरु स्टील के नाम से कंपनी चलाते हैं। गुरुबचन सिंह के मुताबिक मार्च में आयुष सिन्हा से समझौता हुआ। यह समझौता 100 मैट्रिक टन रेल लाइन के स्क्रैप लेने का था। विश्वास में आकर अपनी कंपनी सतगुरु स्टील के करेंट अकाउंट से आयुष की फर्म के खाते में रकम आरटीजीएस कर दिया। गुरुबचन सिंह ने कहा कि माल न मिलने पर कई बार आयुष को कॉल किया तो आयुष ने कहा कि मेरे घर पर आने की जरूरत नहीं है। कोई रकम नहीं मिलेगी। आरोप है कि जान से मारने की धमकी दी। पीड़िति ने इस संबंध में आशियाना थाने में तहरीर दी। इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह के मुताबिक, रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### महिला से एक लाख 80 हजार की ठगी

आलमबाग में एक महिला साइबर ठगी का शिकार हो गई। ब्लंट स्क्वायर निवासी दिशा नवलानी को टेलीग्राम पर एक व्यक्ति ने संपर्क किया। उसने खुद को आनंद कुमार बताया। आरोपी ने ऑनलाइन पैसे कमाने का लालच देकर एक पोर्टल से जुड़ने को कहा। आरोपी ने पीड़िता को कई खातों में पैसे ट्रांसफर करने को कहा। दिशा ने कुल 1.80 लाख रुपए ट्रांसफर किए। इसके बाद आरोपी ने पोर्टल को बंद कर दिया। पीड़िता को जब ठगी का एहसास हुआ, तो उसने साइबर सेल और आलमबाग थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच में पता चला कि आरोपी ने वर्क फ्रॉम होम के नाम पर यह ठगी की। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

## खबर एक नजर

### भाजपा राज में बिजली व्यवस्था ध्वस्त : अखिलेश

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने बिजली व्यवस्था चौपट कर दी है। इस सरकार ने अपने आठ साल के कार्यकाल में बिजली उत्पादन बढ़ाने के लिए कोई नया पावर प्लांट नहीं लगाया। आज जनता को जो भी बिजली मिल रही है वह समाजवादी सरकार की देन है। सपा ने पावर प्लांट और बिजली उत्पादन बढ़ाने का कार्य किया था। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में अघोषित कटौती हो रही है। ग्रामीण इलाके और छोटे शहरों में बिजली कटौती से आमजन त्रस्त है। भाजपा सरकार ने आम जनता के हित में कोई काम नहीं किया। जनता बिजली, पानी के संकट से जूझ रही है। जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। लोगों में आक्रोश है। लोग जगह-जगह उपकेन्द्रों पर सरकार के खिलाफ अपने आक्रोश का प्रदर्शन कर रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार बिजली व्यवस्था ठीक करने के बजाय विद्युत निगमों को बेचने और उनके निजीकरण के लिए सारे तिकड़म अपना रही है। सरकार का ध्यान बिजली उत्पादन बढ़ाने और वितरण व्यवस्था सुधारने की जगह कर्मचारियों को डराने, धमकाने और विभाग के जबरदस्ती निजीकरण पर है। भाजपा सरकार का पूरा फोकस् कमीशनखोरी पर है। विभागों को बेचना और बदले में कमीशन खाना ही सरकार का एक मात्र ध्येय रह गया है।

### समीक्षा बैठकों में भाग ना लेना भी विद्युत में बाधा पहुंचाने जैसा : डा. गोयल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन एवं अन्य ऊर्जा निगमों के अध्यक्ष डा. आशीष कुमार गोयल ने कहा है कि समीक्षा बैठकों या वीडियो कान्फ्रेंसिंग में भाग न लेकर बहिष्कार करना भी विद्युत आपूर्ति में व्यवधान पहुंचाने जैसा ही कार्य है। कारपोरेशन या डिस्काम स्तर पर जो भी समीक्षा बैठकें की जाती हैं वे सब विद्युत व्यवस्था एवं आपूर्ति को लेकर ही होती हैं। इसलिए ऐसा कोई कार्य न करिए जो विद्युत व्यवधान की श्रेणी में आता है। अन्यथा मजबूरन कठोर कार्रवाई करनी पड़ेगी। सामग्री प्रबंधन एवं ट्रांसफार्मर वर्कशाप की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि सेवा शर्तों आदि के लिए हम हमेशा वार्ता के लिए तैयार हैं। कोई भी संगठन आकर बात कर सकता है। लेकिन सरकार की नीति क्या है। यह तय करना संगठनों के अधिकार क्षेत्र में नहीं है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में कार्य बहिष्कार या हड़ताल जैसे कार्य करना उचित नहीं है । अध्यक्ष ने निर्देशित किया कि प्रदेश में ट्राली ट्रांसफार्मर सही रहे इसके लिए अधिकारी रेगुलर सजगता बरतें। ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने पर इन्हें लगाकर तत्काल आपूर्ति बहाल की जाए। लेकिन लंबे समय तक इन्हें लगाकर ना रखें।

### जंगल में नवजात का शव मिलने से हड़कंप

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** गुड़ंबा थाना क्षेत्र के कुकरैल जंगल में सोमवार को नवजात का शव मिलने से हड़कंप मच गया। कुछ ही देर में लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गयी। लोगों ने फौरन पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक, मामले की जांच की जा रही है और इस बात का पता लगाया जा रहा है कि किसने नवजात को मृत अवस्था में जंगल में फेंका गया था। जानकारी के बाद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण का उद्घाटन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** भारतीय नौसैनिक एलनहाउस पब्लिक स्कूल की ओर से 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन रविवार को सेना के कैम्प कमांडर गौरव शुक्ला की अगुवाई में किया गया। इस शिविर में ज्ञानवर्धक प्रशिक्षण कार्यक्रम 1 जून से 10 जून तक आयोजित किया जा रहा है। इसमें 421 कैडेट्स शामिल होंगे जिनमें 286 लड़के व 135 लड़कियाँ भाग ले रहे हैं। उक्त कार्यक्रम में इस वर्ष आयोजित होने वाले प्री-नौसैनिक और अखिल भारतीय नौसैनिक शिविर के लिए तैयार करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। कैम्प कमांडेंट कमाण्डर गौरव शुक्ला ने अपने सम्बोधन में शिविर की सुरक्षा, अनुशासन एवं सतर्कता को सर्वोपरि बताते हुए सभी कैडेट्स से पूर्ण निष्ठा व समर्पण के साथ प्रशिक्षण में भाग लेने का आग्रह किया।

### ग्रांट थॉर्टन पर कार्रवाई होना तय : अवधेश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** बयालिस जनपदों के निजीकरण का मसौदा तैयार करने वाली ग्रांट थॉर्टन कंपनी जिसने स्वंय अपने शपथ पत्र में कहा है कि पिछले तीन वर्षों में उसके ऊपर कोई भी पेनाल्टी नहीं लगी है। इन तथ्यों को छुपाकर उसने पावर कारपोरेशन में ट्रांजैक्शन एडवाइजर का टेंडर तो हथिया लिया। लेकिन जब उपभोक्ता परिषद ने भंडाफोड़ किया कि अमेरिका रेगुलेटर द्वारा ग्रांट थॉर्टन के ऊपर 40000 हज़ार डॉलर की पेनल्टी लगाई गई है तो पावर कॉरपोरेशन उसको बचाने में जुटा। अंततः तीन बार कंसल्टेंट कंपनी ने पावर कारपोरेशन को जबाब दिया, तीसरी बार 23 अप्रैल 2025 को ग्रांट थॉर्टन भारत ने जवाब दिया कि वर्तमान में उसके ऊपर कोई पेनाल्टी नहीं लगी है, जो लगी थी उसने उसे जमा कर दिया है।

### जल शक्ति मंत्री की दो टूक, योजनाएं कागजों में नहीं धरातल पर दिखें

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** अधिकारियों के साथ बैठक में जल शक्ति मंत्री सोमवार को सख्त तेवर में दिखे। उन्होंने दो टूक कहा कि अब योजनाएं कागजों से निकलकर धरातल पर दिखनी चाहिए। प्रत्येक अधिकारी की जवाबदेही तय है। शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हर किसान तक समय पर सिंचाई सुविधा पहुंचे। हर घर तक शुद्ध जल पहुंचे। बाढ़ जैसी आपदाओं पर प्रभावी नियंत्रण हो। लेकिन यह तभी होगा जब धरातल पर काम होगा। इसलिए चालू परियोजनाओं को तेजी से पूरा करें।

## डीजी रैंक के तीन आईपीएस अधिकारियों का तबादला

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** शासन ने उत्तर प्रदेश में पुलिस महानिदेशक (डीजी) रैंक के तीन आईपीएस अधिकारियों का सोमवार को तबादला कर दिया है। आईपीएस राजीव कृष्ण के रूप में यूपी पुलिस को नया मुखिया मिलने के बाद शासन की ओर से यह पहली तबादला सूची जारी की गई है। तबादले के क्रम में 1991 बैच के आईपीएस पीसी मीणा को वर्तमान पद डीजी/सीएमडी पुलिस आवास निगम के साथ साथ कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। 1992 बैच के आईपीएस आशुतोष पाण्डेय को पुलिस महानिदेशक टेलीकॉम का कार्यभार मिला है। उनका हाल ही में डीजी पद पर पदोन्नति हुई है। प्रमोशन के बाद अब उन्हें बड़ी जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। उनके अलावा प्रमोशन पाने वालों में 1992 बैच की ही आईपीएस नीरा रावत को पुलिस महानिदेशक ईओडब्ल्यू उप्र के साथ यूपी 112 का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

# नल पर पानी भरने के विवाद में दबंगों ने युवती को पीटा

### काकोरी थाना क्षेत्र का मामला

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** काकोरी थाना क्षेत्र के विश्वेश्वर खेड़ा में दबंगों ने नल पर पानी भरने के विवाद में एक युवती को जमकर पीटा। बचाव में वह भागी तो घर के अंदर घुसकर पीटा और कपड़े फाड़ दिए। शोर सुनकर मां बचाव में दौड़ी तो उनके हाथ की अंगुली में दांत से काट लिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उधर, आरोपित संतोष कनौजिया की पत्नी ने युवती के भाई, पिता और अन्य पर मारपीट, गाली-गलौज का और लूट का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। विश्वेश्वर खेड़ा में रहने वाली युवती शुक्रवार शाम को मोहल्ले में लगे नल पर पानी भरने गई थी। पीड़िता का आरोप है कि पानी भरने के दौरान मोहल्ले में रहने वाला प्रिंस कनौजिया आ गया। उसने पानी भरने का विरोध किया और गाली-गलौज करने लगा। शोर सुनकर उसके पिता संतोष कनौजिया भी आ गए। उन्होंने पीटना शुरू कर दिया। बचाव में भागी तो दोनों घर के अंदर घुस आए। जमकर पीटा और कपड़े फाड़ दिए। शोर सुनकर मां बचाने दौड़ी तो उसकी अंगुली में दांत से काट लिया। आस पड़ोस के लोग दौड़े तो दोनों भाग निकले। भागते समय दोनों गले से सोने की चेन भी तोड़कर ले गए। पीड़िता के मुताबिक घटना के समय उसके पिता और भाई काम पर गए थे। सूचना पर दोनों पहुंचे तो अस्पताल लेकर गए। इलाज के बाद हालत सामान्य होने पर रविवार को काकोरी थाने में तहरीर दी। इंस्पेक्टर काकोरी ने बताया कि दोनों पक्षों में विवाद हुआ था। संतोष कनौजिया की पत्नी राजरानी ने भी युवती के भाई, पिता और अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। राजरानी का आरोप है कि युवती के भाई और पिता ने उन्हें भी जमकर पीटा। जाति सूचक गालियां दीं। सोने की चेन लूट ली। दोनों ओर से दर्ज मुकदमे की जांच की जा रही है।

## शिक्षामित्रों ने हाथों में रोटी लेकर किया प्रदर्शन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राजधानी के इको गार्डन में टेट और सीटीईटी उत्तीर्ण शिक्षामित्रों का प्रदर्शन सोमवार को सातवें दिन भी जारी रहा। प्रदर्शनकारी शिक्षामित्रों ने अपने हाथों में सूखी रोटी लेकर सरकार के प्रति नाराज़गी जाहिर की और पक्की नौकरी की मांग दोहराई। इस अनोखे विरोध में उनके बच्चे भी शामिल हुए, जिन्होंने हाथों में रोटी लेकर ÷दो जून की रोटी दो÷ के नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि प्रदेश भर में करीब 50,000 शिक्षामित्र टेट और सीटीईटी पास कर चुके हैं और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीटीई) के मानकों के अनुसार पूरी तरह योग्य हैं। इसके बावजूद वर्षों से उन्हें स्थायी नियुक्ति नहीं दी गई है। बलरामपुर से प्रदर्शन में शामिल हुए शिक्षामित्र मुकेश कुमार ने कहा कि वे पिछले कई सालों से सरकार से न्याय की गुहार लगा रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। उन्होंने कहा कि शिक्षामित्रों को केवल 10 हजार रुपये मासिक मानदेय मिलता है, वह भी केवल 11 महीनों के लिए।

# कार से मुर्गा दबने पर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राजधानी के चिनहट इलाके में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक कार से मुर्गा दबने को लेकर हुए विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। इस मारपीट में बाप-बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनके सिर में चोटें आई हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, डूडा कॉलोनी, हरदासी खेड़ा, चिनहट निवासी जगने प्रसाद पुत्र शंकर अपने घर पर मुर्गा पालन करते हैं। रविवार दोपहर मोहल्ले में रहने वाले अविनाश नामक युवक ने अपनी कार से उनके एक मुर्गे को कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। रात करीब 10 बजे जब जगने प्रसाद अपनी ड्यूटी से लौटे, तो उन्हें इस घटना की जानकारी मिली। मुर्गे की मौत से आहत जगने शिकायत लेकर अविनाश के घर पहुँचे। आरोप है कि वहाँ अविनाश, शनि, अमित, उदय, करन और उनके अन्य साथियों ने जगने प्रसाद के साथ मारपीट शुरू कर दी।

## नगर निगम में सेवानिवृत कर्मचारियों को विदाई

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** नगर निगम मुख्यालय में सोमवार को दो महत्वपूर्ण अवसरों पर नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी एकत्रित हुए। एक ओर जहां आठ सेवानिवृत्त कर्मचारियों विदाई दी गई वहीं दूसरी ओर नगर निगम कर्मचारी संघ के महामंत्री राम अचल के असामयिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। राम अचल का निधन 31 मई को सड़क दुर्घटना में हो गया था। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, अपर नगर आयुक्त नम्रता सिंह, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह, मुख्य अभियंता (सिविल) महेश वर्मा, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी.के. श्रीवास्तव सहित नगर निगम के अधिकारियों, अभियंताओं और कर्मचारियों ने राम अचल के साथ बिताए पलों को साझा किया। महापौर सुषमा खरकवाल एवं नगर आयुक्त गौरव कुमार ने भी शोक व्यक्त किया।

# दो पक्षों में फायरिंग युवक की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** गाजियाबाद के थाना नन्दग्राम क्षेत्रान्तर्गत राजनगर एक्सटेंशन महोटल में पार्टनरशिप के विवाद में दो पक्षों में गोलियां चली। जिसमें राहुल चौधरी (32वर्ष)की मौत हो गयी, जबकि एक अन्य युवक घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल कराया गया है। घटना रविवार की देर रात की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने दो आरोपियों की पहचान भी कर ली है।डीसीपी नगर धवल जायसवाल ने सोमवार को बताया कि राजनगर एक्सटेंशन इलाके के हार्मनी पॉइंट मार्केट में देर रात दो पक्षों में गोली चल गई। शुरूआती जांच में हल्द्वानी स्थित एक होटल की पार्टनरशिप को लेकर विवाद सामने आया है। गोली नागेंद्र और उसके एक साथी ने चलाई है। दोनों आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं।उन्होंने बताया कि कुछ युवकों के बीच गोली चलने की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई । पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा जांच पडताल की गई जिसमे यह तथ्य सामने आये है कि कुछ युवक जो आपस मे पूर्व से परिचित है। उनके बीच किसी बात को लेकर गोली चली है। जिसमे राहुल चौधरी नाम के व्यक्ति को गोली लगी है और उनकी ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई है । इसके अतिरिक्त आशीष नामक व्यक्ति को भी गोली लगी है जिनका ईलाज चल रहा है । वह खतरे से बाहर है । सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## शहर में बने अवैध होटलों का होगा ध्वस्तीकरण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** शहर के होटलों पर एलडीए का प्रवर्तन विभाग कार्रवाई करने का मन बना चुका है। मोहन होटल में लगी आग के बाद से विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन जोनों के अपने -अपने क्षेत्रों में बने अवैध होटलों को चिन्हित करना शुरू कर दिया है। इन होटलों के चिन्हित करने का कार्य पूरा होते ही प्राधिकरण इनको नोटिस देकर अगली कार्रवाई सुनिश्चित करेगा। चूंकि मोहन होटल जोन छह के तहत आता है। इसलिए सबसे पहले इस इलाके के होटलों का सर्वे कर प्राधिकरण के प्रवर्तन जोन छह के कर्मचारियों ने लगभग 23 होटलों को लगभग चिन्हित किया है। इसी तरह अन्य इलाकों में भी अवैध बने होटलों को चिन्हित किये जाने का कार्य चल रहा है। सभी जोनों की रिपोर्ट आने के बाद इन होटलों के खिलाफ प्राधिकरण अपना अवैध निर्माण हटाओं अभियान एक मुहिम चलाकर तोड़ेगा।

# पुलिस की लापरवाही : पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार कराना भूली

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** यूपी के झांसी जिले की पुलिस की घोर लापरवाही व लावारिस शव की बेकदरी का एक शर्मनाक मामला सोमवार को प्रकाश में आया है।

पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार कराना ही पुलिसकर्मी भूल गई। करीब 18 दिन बीतने के बाद शव से भीषण बदबू उठने लगी इससे मोर्चरी में खलबली मचा दी।

इसकी जांच पड़ताल अस्पताल व पोस्टमार्टम गृह के कर्मचारियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पहले तो पुलिसकर्मियों ने शव को साथ ले जाने को राजी नहीं हुए ऐसे में एंबुलेंस चालक को मजबूरन शव को अंतिम संस्कार के लिए अकेले लेकर जाना पड़ा। इस संबंध में पुलिस अफसरों से बात करने का प्रयास किया गया किसी कारणवश सीयूजी नंबर पर बात नहीं हो सकी।

अस्पताल व सूत्रों के मुताबिक एंबलेंस चालक ने शव को करीब दो सौ मीटर पीठ पर लादकर उसने बड़ागांव गेट बाहर मुक्तिधाम पहुंचाया। यहां उसका अंतिम संस्कार हुआ। सोमवार को इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

अभी तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है।18 दिन पहले महरानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में लावारिश हाल में 40-42 साल के एक युवक का शव बरामद हुआ था। पंचनामा भरकर शव मोर्चरी में रखवा दिया गया। 72 घंटे बाद इसका पोस्टमार्टम हुआ। नियमों के मुताबिक पोस्टमार्टम के तुरंत बाद लावारिश लाश का विधि विधान से अंतिम संस्कार कराया जाना चाहिए लेकिन, पुलिसकर्मियों ने अंतिम संस्कार न कराकर वापस उसे मोर्चरी भिजवा दिया।भीषण बदबू उठी, तब जाकर खलबली मची। आनन-फानन में शव बाहर निकालकर अंतिम संस्कार के लिए भिजवा गया। किसी कर्मचारी के साथ जाने से इन्कार करने पर एंबुलेंस चालक को अकेले ही उसका अंतिम संस्कार करना पड़ा। एसपी सिटी ज्ञानेंद्र सिंह का कहना है कि मामले की जांच कराई जा रही है।

# ऊर्जा मंत्री बताएं निजीकरण के बाद सरकार सब्सिडी देगी या नहीं

## निजीकरण के विरोध में प्रांत व्यापी प्रदर्शन जारी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने कहा है कि ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा यह स्पष्ट करें कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत निगम के निजीकरण के बाद सरकार निजी घरानों को सब्सिडी की धनराशि देगी या नहीं। आरोप हैं कि ग्रांट थॉर्टन को क्लीन चिट देने के मामले में पॉवर कॉरपोरेशन के पैनल पर काम कर रहे अधिवक्ताओं से राय लेकर निदेशक वित्त ने फाइल पर क्लिन चिट दे दी है। निजीकरण के विरोध में सोमवार 187 वें दिन प्रांत व्यापी विरोध प्रदर्शन जारी रहा। इसके चलते प्रयागराज में बुद्धि शुद्धि यज्ञ किया गया।



संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा से पूछा है कि वह बताएं कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के अंतर्गत आने वाले 42 जनपदों का निजीकरण हो जाने के बाद निजी कंपनी को उत्तर प्रदेश सरकार सब्सिडी की धनराशि देगी या नहीं देगी। संघर्ष समिति ने कहा कि विगत वर्ष किसानों, बीपीएल उपभोक्ताओं, बुनकरों आदि की सब्सिडी की धनराशि 22000 करोड़ रुपए से ऊपर की है। यह धनराशि सरकार ने सब्सिडी के रूप में दी है। ऊर्जा मंत्री और पावर कारपोरेशन के चेयरमैन घाटे के नाम पर निजीकरण करने की दलील देते समय इस धनराशि को जोड़कर घाटा बता रहे हैं। संघर्ष समिति ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 01 अप्रैल 2024 से किसानों को ट्यूबवेल के लिए मुफ्त बिजली देने का ऐलान किया है। वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव के पहले भारतीय जनता पार्टी द्वारा जारी किए गए संकल्प पत्र में यह लिखा था कि बीपीएल उपभोक्ताओं को 03 रुपए प्रति यूनिट की दर पर बिजली दी जाएगी। इसी प्रकार बुनकरों आदि को भी लागत से कम मूल्य पर बिजली दी जाती है, जो सरकार की और पार्टी की घोषित नीति के अनुसार है। अब जब निजीकरण की दलील देते समय यह कहा जा रहा है कि सरकार यह बोझ नहीं उठा सकती तो ऊर्जा मंत्री को आम जनता के सामने स्पष्ट करना चाहिए कि बिजली का निजीकरण हो जाने के बाद सरकार यह सब्सिडी की धनराशि का भार उठाएगी या नही, जिससे निजीकरण को लेकर आम जनता धोखे में न रहे । उधर दूसरी ओर निदेशक वित्त निधि आरंग का एक और फर्जीवाड़ा सामने आया है। यह पता चला है कि अमेरिका में पेनाल्टी लगने के मामले में और झूठा शपथ पत्र देने के मामले में ट्रांजैक्शन कंसलटेंट ग्रांट थॉर्टन को क्लीन चिट देने के लिए निदेशक वित्त ने पावर कारपोरेशन के पैनल पर काम कर रहे कुछ अधिवक्ताओं से विधिक राय लेकर क्लीन चिट दे दी है। संघर्ष समिति ने कहा की निदेशक वित्त निधि नारंग के फर्जीवाड़ा लगातार सामने आ रहे हैं फिर भी निधि नारंग पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे स्पष्ट हो जाता है कि पावर कारपोरेशन के चेयरमैन और निधि नारंग की मिली भगत है।187 वें दिन प्रदेश भर में बिजली कर्मचारियों ने समस्त जनपदों और परियोजनाओं पर विरोध प्रदर्शन किया।

## पूर्व पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार के सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** कार्यवाहक डीजीपी राजीव कृष्ण द्वारा पुलिस मुख्यालय में आज पूर्व डीजीपी प्रशान्त कुमार के 31 मई को अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने के परिपेक्ष्य में आयोजित विदाई समारोह में विभाग के प्रति दीर्घकालिक समर्पण, अनुकरणीय नेतृत्व एवं बहुमूल्य योगदान के लिये स्मृति चिन्ह भेंट किया गया तथा उनके एवं उनके परिवार के सुख, समृद्धि एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गयी। कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक व चेयरमैन यूपीएस एसएससी, एसएन साबत एवं सेवानिवृत्त अपर पुलिस महानिदेशक व राज्य मानवाधिकार आयोग के सदस्य बृज भूषण द्वारा अपने संबोधन में प्रशान्त कुमार द्वारा सेवाकाल के दौरान किये गये कार्यों की सराहना करते हुये उनके साथ बिताये गये अपने कार्यकाल के दौरान के संस्मरण साझा किये गये तथा उनके उज्जव भविष्य की कामना की गयी। इस अवसर पर पूर्व पुलिस महानिदेशक प्रशान्त कुमार द्वारा संबोधन के दौरान सेवाकाल के अनुभव एवं संस्मरण साझा करते हुये अपने माता-पिता, भाई-बहन तथा पत्नी व बच्चों को धन्यवाद दिया गया, जिन्होने यहां तक की यात्रा में सहयोग किया। अपने उद्बोधन में यह भी कहा कि विश्व के सबसे बड़े पुलिस बल के मुखिया के तौर पर कार्य करना बहुत गर्व की बात रही।सेवाकाल के दौरान अपने अधीनस्थों का जो सहयोग प्राप्त हुआ उससे सफलतापूर्वक अपना कार्यकाल पूर्ण करने में सफल रहा। पुलिस बल द्वारा मिले भरपूर स्नेह और सहयोग के लिये पूरे पुलिस बल का तहेदिल से धन्यवाद दिया गया।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## यह कैसी उपेक्षा

राजनीति का मुख्य सिद्धांत जनसेवा है। इसके लिए जरूरी यह है कि जनता की समस्याओं को प्रमुखता के साथ उठाया ही न जाए बल्कि उनके हल, समाधान की दिशा में प्रभावी कदम उठाने के प्रयत्न किए जाएं। संसदीय व्यवस्था के पीछे यही खास मकसद था। इसीलिए यह भी स्वाभाविक बात है कि जनप्रतिनिधि संसद की बैठकों के दौरान सदनों में बराबर मौजूद रहें और अपने क्षेत्र की समस्याओं को उठाते हुए सरकार को उनके बारे में कार्रवाई करने के लिए सतर्क करें। यह काम संसदीय समितियों की बैठकों में और कायदे से हो सकता है जिसमें काफी अनुभवी सांसदों को रखा जाता है और बैठकों में अहम मुद्दों पर चर्चा होती है। उन्हीं चर्चाओं के आधार पर आवश्यक सुधार के कदम उठते हैं। इन्हीं निष्कर्षों से ही सरकारी योजनओं का बेहतर ढंग से लागू होना और सभी पात्र लोगों तक इसका लाभ पहुंचाना भी संभव हो पाता है। इसलिए स्वाभाविक रूप से जरूरी है कि इन समितियों के सदस्यों की बैठकों में उपस्थिति अधिक से अधिक तथा नियमित रूप से रहे। पर खुद लोकसभा के आंकड़े बताते हैं कि लोकसभा की 16 स्थायी समितियों की बैठकों में सदस्यों की मौजूदगी केवल साठ फीसदी रही है। इससे स्पष्ट है कि इन सांसदों के भीतर जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी का अहसास नहीं है। इस तथ्य की गंभीरता को इसी बात से समझा जा सकता है कि संसद में विभिन्न मंत्रालयों के कामकाज से जुड़ी अलग-अलग समितियां होती हैं। वहीं विपक्ष की प्रायः यह मांग होती है कि कोई भी विधेयक सदन में पेश किए जाने से पहले अध्ययन के लिए संबंधित स्थायी समिति के पास भेजा जाए। ऐसी अनिवार्यता की स्थितियां होने के बाद भी समितियों की बैठकों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की भावना सांसदों में कम ही दिखाई देती है। यह विशुद्ध रूप से अपनी जिम्मेदारी के प्रति पूरी तरह से उपेक्षा भाव है जो एक लोकतांत्रिक व्यवस्था की आत्मा के अनुरूप नहीं है। यदि यही सिलसिला चलता रहा तो आमतौर पर बिना किसी नैतिक दबाव के काम करने की अभ्यस्त सरकारें भी पूरी तरह और मनमाने ढंग से काम करेंगी। इसके साथ ही सरकार द्वारा उठाए जाने वाले कदमों की गुणवत्ता में भी निश्चित रूप से कमी आएगी जिनमें जनता के प्रति जिम्मेदारी की कोई भावना नहीं रहेगी। इसलिए संसद के सदस्यों को समझना चाहिए कि जनता उन्हें जिस उम्मीद से उन्हें सदन में भेजती है, उसे वे पूरा करें।

## गर्वीली उपलब्धि

सरकार का कहना है कि इस साल खाद्यान्न उत्पादन 6.5 फीसदी बढ़कर 3,539.59 लाख टन हो गया है। यह अब तक की सर्वाधिक वृद्धि है। भारतीय कृषि के लिए यह बड़ी उपलब्धि है। निश्चित ही यह उपलब्धि किसानों की अथक मेहनत, कृषि वैज्ञानिकों की कुशलता, केंद्र सरकार की किसान हितैषी योजनाओं और राज्य सरकारों के सहयोग से संभव हुई है। धान, गेहूं, मक्का, मूंगफली और सोयाबीन के रिकॉर्ड उत्पादन का अनुमान है। इसके अलावा 2024-25 में धान उत्पादन 1,490.74 लाख टन (रिकॉर्ड), गेहूं उत्पादन 1,175.07 लाख टन (रिकॉर्ड) और मक्का उत्पादन 422.81 लाख टन (रिकॉर्ड) हुआ है। रिकॉर्ड धान उत्पादन के कारण इस वर्ष चीन को पछाड़ते हुए भारत शीर्ष धान उत्पादक बन जाएगा। पोषक मोटे अनाजों का उत्पादन 621.40 लाख टन अनुमानित है, जो पिछले वर्ष से 52.04 लाख टन अधिक है। जबकि कुल दलहन उत्पादन में करीब 10 लाख टन की वृद्धि हुई है, हालांकि इनमें उड़द का उत्पादन घटा है। खाद्य उत्पादन में वृद्धि अर्थव्यवस्था के लिए बहुत सकारात्मक है। इसलिए कि अपने यहां कृषि क्षेत्र अर्थव्यवस्था के बेहतर प्रदर्शन में हमेशा ही बड़ी भूमिका निभाता रहा है। दूसरे अधिक उत्पादन से खाद्य मुद्रास्फीति कम रहेगी, जो बहुत बड़ी राहत है। वैश्विक उथल-पुथल के बीच रिकॉर्ड अनाज उत्पादन न सिर्फ भारत को जोखिम से मुक्त रखेगा, बल्कि इसके जरिये सबसे तेज गति से आर्थिक वृद्धि का सिलसिला भी जारी रहेगा। खाद्यान्न उत्पादन में लगातार वद्धि सिंचित क्षेत्रों में बढ़ोतरी और उन्नत बीजों के इस्तेमाल से ही संभव हो पायी है। वर्ष 2024 में मानसून की वर्षा सामान्य से अधिक रही, जो खरीफ के साथ-साथ रबी की बुवाई में भी काफी लाभकारी रही। चूंकि इस वर्ष भी मानसून की वर्षा सामान्य से अधिक रहने का अनुमान है, ऐसे में अगले फसल वर्ष में भी कृषि उत्पादन से स्वाभाविक ही बड़ी उम्मीद है। अब जरूरी यह है कि खासतौर पर हमारे कृषकों की इस मेहनत का सिलसिला बनाए रखने के लिए उनके लिए और प्रभावी कदम उठाए जाएं।

## काँव-काँव

♦♦♦

**अहिल्याबाई का जीवन हमारे लिये प्रेरणा-योगी**
मतलब बांकेबिहारी मंदिर का अस्तित्व खतरे में!

**बंगाल की जनता दिखाये सिंदूर की ताकत-शाह**
गृहमंत्री की योग्यता तो पहलगाम में दिख गयी!

**पूर्वोत्तर राज्यों में दिखा बारिश का भयानक कहर**
वैसे मानसून के लिये दिल्ली भी ज्यादा दूर नहीं!

**मई माह में दो लाख करोड़ की जीएसटी वसूली**
नेता न सही, देश की जनता तो ईमानदार है!

**पाकिस्तान आतंकवाद का स्पांसर देश-ओवैसी**
डेलीगेशन न जाते तो दुनिया को पता नहीं था!

**दो दशकों के बाद मतदाता सूचियों में संशोधन**
केंचुआ से इससे ज्यादा रफ्तार की उम्मीद नहीं!

♦♦♦

# शेख हसीना की बढ़ती जा रहीं मुश्किलें

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की मुश्किलें बढ़ रही हैं। वहां की पुलिस ने शेख हसीना पर शिकंजा कसने के लिए पूरी ताकत झोंक रखी है। अब खबर है कि बांग्लादेश पुलिस के नेशनल सेंट्रल ब्यूरो (NCB) ने इंटरपोल से 12 लोगों के खिलाफ रेड नोटिस जारी करने का अनुरोध किया है। इस सूची में अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना का नाम भी शामिल है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, 77 वर्षीय शेख हसीना पिछले साल 5



**- अशोक भाटिया**

अगस्त बांग्लादेश से भाग चुकी हैं। राजधानी ढाका में उग्र छात्र आंदोलन के बाद हसीना बांग्लादेश से भाग आई थीं। इस आंदोलन ने उनकी पार्टी अवामी लीग (एएल) के 16 साल के शासन को समाप्त कर दिया था। ज्ञात हो कि शेख हसीना तख्तापलट के बाद से ही भारत में रह रही हैं। वह विरोध प्रदर्शनों के बाद भारत भाग आई थी। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार शेख हसीना की वापसी की मांग कर रहा है, लेकिन भारत ने ऐसी किसी भी मांग पर प्रतिक्रिया नहीं दी है। भारत और बांग्लादेश के रिश्ते शेख हसीना के समय मजबूत रहे हैं, लेकिन उनके तख्तापलट के बाद इनमें दरार आ गई है। बांग्लादेश की नई यूनुस सरकार का झुकाव चीन औप पाकिस्तान की तरफ है, जबकि बांग्लादेश से भारत रिश्ते बनाए रखने की कोशिश कर रहा है।

द डेली स्टार के अनुसार, NCB ऐसे अनुरोधों को अदालतों, लोक अभियोजकों या जांच एजेंसियों की अपीलों के आधार पर प्रक्रिया में लाता है। सहायक पुलिस महानिरीक्षक (मीडिया) एनामुल हक सागर ने पुलिस मुख्यालय में कहा, ये आवेदन उन आरोपों के संबंध में दायर किए जाते हैं, जो जांच के दौरान या किसी चल रही केस प्रोसिडिंग में सामने आते हैं।रेड नोटिस का उपयोग इंटरपोल द्वारा किसी व्यक्ति की अस्थायी गिरफ्तारी के लिए किया जाता है, ताकि प्रत्यर्पण या अन्य कानूनी प्रक्रिया की जा सके। इंटरपोल विदेशों में रह रहे भगोड़ों का पता लगाने में मदद करता है और एक बार पुष्टि हो जाने पर संबंधित अधिकारियों को यह जानकारी साझा की जाती है।

बांग्लादेश में 8 अगस्त को अंतरिम सरकार ने देश की बागडोर संभाली थी और इस सरकार में मुहम्मद यूनुस को मुख्य सलाहकार की जिम्मेदारी मिली थी। यूनुस के पद संभालने के कुछ ही हफ्तों बाद बांग्लादेश के अंतराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (ICT) ने हसीना और कई पूर्व कैबिनेट मंत्रियों, सलाहकारों, सैन्य और नागरिक अधिकारियों के खिलाफ 'मानवता के खिलाफ अपराध और नरसंहार' के आरोपों में गिरफ्तारी वारंट जारी किए थे।पिछले साल नवंबर में ICT के मुख्य अभियोजक कार्यालय ने पुलिस मुख्यालय से हसीना और अन्य भगोड़ों की गिरफ्तारी में इंटरपोल की मदद लेने का औपचारिक अनुरोध किया था। 21 जनवरी को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने कहा था कि वो अपदस्थ हसीना को भारत से वापस लाने के प्रयास जारी रखेगी और यदि जरूरत हुई तो अंतरराष्ट्रीय हस्तक्षेप भी मांगा जाएगा।

वैसे बताया जाता है कि रेड कॉर्नर नोटिस कोई गिरफ्तारी वारंट नहीं होता है। यह एक अनुरोध होता है इंटरपोल सदस्य देशों से कि वे उस व्यक्ति को अस्थायी रूप से गिरफ्तार करें ताकि उसे प्रत्यर्पण के लिए तैयार किया जा सके। यानी गिरफ्तारी जरूरी नहीं है। ये सदस्य देश की मर्जी पर निर्भर करता है।हालांकि, जानकारों का कहना है कि अगर इंटरपोल रेड कॉर्नर नोटिस जारी करता है तब भी शेख हसीना का प्रत्यर्पण पूरी तरह भारत पर निर्भर करेगा। इंटरपोल के नोटिस पर सीधे गिरफ्तारी करने के लिए भारत कानूनी रूप से बाध्य नहीं है। भारत पहले देखेगा कि क्या बांग्लादेश के साथ प्रत्यर्पण संधि है? क्या आरोप राजनीतिक प्रकृति के हैं? अगर ऐसा है तो भारत इनकार भी कर सकता है। इसके अलावा, भारत की अपनी राजनीतिक और कूटनीतिक प्राथमिकताएं क्या हैं? अगर भारत को लगता है कि हसीना को प्रत्यर्पित करना राजनीतिक उत्पीड़न जैसा होगा तो वो मना कर सकता है।

समाचारों के अनुसार मुहम्मद यूनुस की नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतिम सरकार ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग पर पहले ही बैन लगा दिया है। यह फैसला आतंकवाद विरोधी कानून के तहत लिया गया है। अवामी लीग ने इस बैन का विरोध जताते हुए कहा कि दमनकारी और अलोकतांत्रिक निर्णय बताया था। यूनुस सरकार ने कहा है कि आतंकवाद विरोधी कानून के तहत अवामी लीग पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसकी आधिकारिक सूचना अगले कार्यदिवस पर जारी की जाएगी। यह प्रतिबंध तब तक जारी रहेगा जब तक आवामी लीग के नेताओं के खिलाफ इंटरनेशनल



क्राइम्स ट्राइब्यूनल में मुकदमे पूरे नहीं हो जाते। मुहम्मद यूनुस की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में यह फैसला लिया गया था साथ ही इंटरनेशनल क्राइम्स ट्राइब्यूनल (आईसीटी) कानून में संशोधन किया गया है । जिसके तहत किसी भी राजनीतिक दल, उसके नेताओं के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति मिल गई। आवामी लीग का यूनुस सरकार की ओर से लगाए गए प्रतिबंध का विरोध जारी है। आवामी लीग ने कहा है कि यूनुस सरकार का यह फैसला बांग्लादेश को तानाशाही दिशा में धकेल रहा है। आवामी लीग ने अंतरराष्ट्रीय समुदायों और मानवाधिकार संगठनों से अपील की है कि वे इस अलोकतांत्रिक निर्णय की निंदा करें। साथ ही लोगों से एकजुटता दिखाने को कहा गया है। आवामी लीग ने कहा कि प्रतिबंध लगाकर बांग्लादेश की पहचान को मिटाने की कोशिश की जा रही है। यह बांग्लादेश के इतिहास का काला दिन है।

गौरतलब है कि आवामी लीग बांग्लादेश की सबसे पुरानी पार्टी है। 1971 में बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान के नेतृत्व में बांग्लादेश को पाकिस्तान से आजादी मिली थी। 2024 में हुए आंदोलन के बाद शेख हसीना को मजबूर भारत में शरण लेना पड़ा और वहां मुहम्मद यूनुस ने सरकार बना ली। इसी घटनाक्रम में बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार के पूर्व मंत्री अनिसुल हक पर अदालत में पेशी के बाद जेल वैन में ले जाते समय भीड़ ने हमला कर दिया था। यह खबर को बांग्लादेश के कई प्रमुख अखबारों में छपी थी ।वहां के लोकप्रिय अखबार 'प्रथोम आलो' और अन्य मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वकीलों समेत भीड़ ने पूर्व कानून मंत्री अनिसुल हक पर तब हमला किया जब पुलिस उन्हें जेल वैन तक ले जा रही थी। पुलिस सुरक्षा कम होने की वजह से भीड़ हमला करने में कामयाब रही। ये लोग पूर्व शेख हसीना सरकार का विरोध कर रहे थे। यह हमला तब हुआ था जब नारायणगंज नामक नदी बंदरगाह शहर की एक अदालत ने पुलिस को तीन दिनों के लिए अनिसुल को हिरासत में भेजने का आदेश दिया था। हत्या के मामले में अनिसुल से पूछताछ की जानी है। स्थानीय पुलिस के अनुसार, पुलिसकर्मी सुरक्षा का घेरा बनाकर अनिसुल को लेकर जेल की वैन की ओर ले जा रहे थे। तब ही भीड़ ने हमला कर दिया। हालांकि, उन्हें गंभीर चोटें नहीं आई। अखबार प्रथोम आलो के अनुसार, जब अनिसुल को अदालत से जेल वैन की ओर ले जाया जा रहा था तब कुछ लोगों ने अंधाधुंध हमला करना शुरू कर दिया।

## प्रेमचंद की कहानियां



### दो बैलों की कथा

दढ़ियल झल्लाकर बैलों को जबरदस्ती पकड़ ले जाने के लिए बढ़ा। उसी वक्त मोती ने सींग चलाया। दढ़ियल पीछे हटा। मोती ने पीछा किया। दढ़ियल भागा। मोती पीछे दौड़ा। गांव के बाहर निकल जाने पर वह रुका; पर खड़ा दढ़ियल का रास्ता देख रहा था। दढ़ियल दूर खड़ा धमकियां दे रहा था, गालियां निकाल रहा था, पत्थर फेंक रहा था और मोती विजयी शूर की भांति उसका रास्ता रोके खड़ा था। गांव के लोग यह तमाशा देखते थे और हंसते थे।

जब दढ़ियल हारकर चला गया, तो मोती अकड़ता हुआ लौटा। हीरा ने कहा- मैं डर रहा था कि कहीं तुम गुस्से में आकर मार न बैठो। 'अगर वह मुझे पकड़ता, तो मैं बे-मारे न छोड़ता।' 'अब न आएगा।' 'आएगा तो दूर ही से खबर लूंगा। देखूं, कैसे ले जाता है?' 'जो गोली मरवा दे?' 'मर जाऊंगा; पर उसके काम तो न आऊंगा।' 'हमारी जान को कोई जान ही नहीं समझता।''इसलिए कि हम इतने सीधे होते हैं।'जरा देर में नांदों में खली-भूसा, चोकर और दाना भर दिया गया और दोनों मित्र खाने लगे। झूरी खड़ा दोनों को सहला रहा था और बीसों लड़के तमाशा देख रहे थे। सारे गांव में उछाह-सा मालूम होता था।

उसी समय मालकिन ने आकर दोनों के माथे चूम लिए।

### राजा हरदौल

बुंदेलखंड में ओरछा पुराना राज्य है। इसके राजा बुंदेले हैं। इन बुंदेलों ने उपहाडों की घाटियों में अपना जीवन बिताया है। एक समय ओरछे के राजा जुझारसिंह थे। ये बडे साहसी और बुद्धिमान थे। शाहजहां उस समय दिल्ली के बादशाह थे। जब लोदी ने बलवा किया और वह शाही मुल्क को लूटता-पाटता ओरछे की ओर निकला, तब राजा जुझारसिंह ने उससे मोरचा लिया। राजा के इस काम से गुणग्राही शाहजहां बहुत प्रसन्न हुए। **क्रमशः...**

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**गुणाः सर्वत्र पूज्यन्ते न महत्योअपि सम्पदः।**
**पूर्णेन्दुः किं तथा वन्द्यो निष्कलङोक यथा कृशः।।**

अपने गुणों के कारण व्यक्ति को जैसा सम्मान मिलता है, वैसा सम्मान उसे अपार धन-सम्पत्ति पाकर भी नहीं मिलता। उदाहरणार्थ, पूर्णिमा के समृद्ध चांद को भी अपने कलंक के कारण पूजा नहीं जाता, जबकि क्षीण होने पर भी दूज के चांद की पूजा की जाती है।

♦♦♦

# भारत को पाकिस्तान पर अब स्ट्रेटेजिक और मनोवैज्ञानिक एडवांटेज

अभी तक पाकिस्तान फेक नैरेटिव, दुष्प्रचार और झूठ के आधार पर भारत के खिलाफ मनोवैज्ञानिक युद्ध भी लड़ता रहा था। जैसे कहा जाता था कि पाकिस्तान के पास 170 के करीब न्यूक्लियर बम हैं और पाकिस्तान ने यह बम शोरूम में सजाने के लिए नहीं रखे हैं। पाकिस्तान सरकार तो यहां तक धमकी दे रही थी



**- राजीव ओझा**

कि अगर हम डूबे तो तुमको भी ले डूबेंगे। लेकिन 11 मई के बाद से मामला उलट गया है। पाकिस्तान के सारे नैरेटिव ध्वस्त हो गए। विश्व में ऐसा पहली बार हुआ जब एक न्यूक्लियर पावर पर दूसरी न्यूक्लियर पावर ने हमला बोलकर उसके ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। पाकिस्तान के न्यूक्लियर ठिकानों को कितनी चोट पहुंची, यह जांच और रिसर्च का विषय है लेकिन यह तय है कि पाकिस्तान एटम बम की धमकी देकर अब भारत को ब्लैकमेल करने की कोशिश अब नहीं करेगा। भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के 11 एयर बेस पर हमला कर उसे ध्वस्त कर दिया। इसके साथ ही यह भ्रम भी टूट गया पाकिस्तान के पास 170 परमाणु बम हैं। कुछ लोग तो इसे अमेरिका का बनाया हुआ नैरेटिव मानते हैं। दुनिया को यह विश्वास दिलाया गया है कि पाकिस्तान ने अपनी वैज्ञानिक क्षमता और रणनीतिक आत्मनिर्भरता के ज़रिए एक विशाल परमाणु जखीरा तैयार कर रखा है। हालाँकि, इस कहानी के पीछे की सच्चाई इससे बिलकुल अलग है विशेषज्ञ मानते हैं यह अमेरिका और उसके पश्चिमी सहयोगियों का रचा गया एक राजनीतिक और रणनीतिक धोखा है। एक्सपर्ट्स का अब मानन हैं कि पाकिस्तान के पास 170 परमाणु बम के बजाय हैं वास्तव में लगभग 20 ऑपरेशनल परमाणु बम ही हैं। इन्हें मुख्य रूप से चार स्थानों पर रखा गया था- 1. किराना हिल, जहाँ जहाँ ये असेम्बल फॉर्म में नहीं थे, 2. तोरी/खोरी (बलूचिस्तान) लगभग 10 बम और बाकी 3. नूर खान एयरबेस (चकलाला, रावलपिंडी) तैनाती के लिए तैयार और 4. सरगोधा एयरबेस पर वायु सेना के उपयोग के लिए आरक्षित थे। तभी यहाँ स्न-16 की तैनाती थी।भारत के 10-11 मई के हमलो में इन सभी बेस को भारी नुकसान पहुंचा है। इससे अब मनोवैज्ञानिक दबाव पाकिस्तान पर है। पाकिस्तानी जनरल और प्रधानमंत्री हर रात अब खौफ के साए में सोते हैं और सुबह खुद को सही सलामत पाकर राहत महसूस करते हैं। हालांकि पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ और जनरल मुनीर दुनिया में घूम-घूम कर खुद को कितनी भी तसल्ली दें लें लेकिन असलियत उन्हें भी पता है कि वह जमाने गए जब पाकिस्तान हवाई न्यूक्लियर फाख्ते उड़ाया करता था। भारत ने एक झटके में उन हवाई फ़ख्तों की हवा निकाल दी। अब भारत को पाकिस्तान पर स्ट्रेटेजिक एडवांटेज के साथ मनोवैज्ञानिक एडवांटेज भी है।

पहलगाम में 22 अप्रैल के हुए नरसंहार के बाद से अब तक सिंधु, झेलम, चिनाब, रवि और सतलज में बहुत पानी बह चुका है। लेकिन पाकिस्तान की नदियों का पानी लगभग सूख चुका है या सूखने के कगार पर है। इस बार भारत ने पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक में मिसाइल्स और ड्रोन से हमला कर पाकिस्तान के दुस्साहस का उसको ऐसा जवाब दिया कि उसकी कमर ही टूट गई। खास बात यह कि पिछले सर्जिकल स्ट्राइक पर विपक्ष भारत सरकार से सुबूत मांग रहा था। लेकिन इस बार मजेदार बात हुई कि पाकिस्तान बार-बार सुबूत दे रहा है, रो रो कर सबूत दे रहा है। पाकिस्तान की इस कदर कुटाई हुई है कि वह बावला सा हो गया है। कभी टैंक पर चढ़कर, कभी नकली तस्वीर दिखाकर अपनी पीठ ठोकता और कभी अपने पिटे हुए जनरल का प्रमोशन करके फेक नैरेटिव गढ़ता लेकिन बीच-बीच में वह रोता हुआ अपनी कुटाई का सबूत



दिखाता चल रहा। सवाल तो इस बार भी विपक्ष कर रहा, खास कर कांग्रेस। लोकतंत्र में सवाल करने मैं कोई हर्ज नहीं लेकिन जब सवाल करने के पीछे की मंशा गलत हो तो सवाल उठेंगे, जब विपक्ष के सवाल पर पाकिस्तान की तबीयत बाग-बाग हो जाए तो सवाल उठेंगे, जब पाकिस्तान की फेक नॉरैटिव को कुछ लोग भारत में टूल की तरह इस्तेमाल करने की कोशिश करें तो भी सवाल उठेंगे।

भारत ने 7 मई से 11 में तक पाकिस्तान को जिस बुरी तरह पीटा है उससे चीन अमेरिका समेत पूरी दुनिया चकित है। ऐसा पहली बार हुआ है जब एक न्यूक्लियर पावर ने दूसरी न्यूक्लियर पावर पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की और उसे संभलने तक का मौका नहीं मिला यह कहिए हमले के पहले भनक तक नहीं लगी। पहली बार रणभूमि में भारत की पूर्णत स्वदेशी तकनीक ने अपनी क्षमता का लोहा मनवा दिया। ध्यान देने वाली बात है कि शुरुआत पाकिस्तान ने 22 अप्रैल को पहलगाम नरसंहार से की और भारत में सिर्फ उसे कायराना हरकत का जवाब दिया है। कुछ लोग सवाल कर रहे हैं कि जब भारत में एक तरफ सफलता हासिल की फिर रुक क्यों गया। उनको समझना जरूरी के भारत में सिर्फ जवाब दिया था अगर 11 मई के बाद पाकिस्तान फिर कोई हमला करता तो भारत का जो जवाब होता वह फुल और फाइनल होता लेकिन भारत ने पहले ही जाता दिया था कि वह युद्ध को बढ़ाना नहीं चाहता लेकिन आतंकवादियों को छोड़ेगा भी नहीं और उनके पीछे की ताकतों को भी निपटा देगा। इसे भारत की कार्रवाई का अल्पविराम समझा जाए और भारत की मिलिट्री पावर का एक परसेंट भी 5 दिन की कार्रवाई में प्रयुक्त नहीं हुआ।

यह नया भारत है जो ताकत और तकनीफ में पाकिस्तान को रौंद रहा है लेकिन मानसिक रूप से भी उसको रोज पराजित कर रहा है। तकनीक और ताकत के साथ मनोवैज्ञानिक प्रहार भी अब भारत की युद्ध नीति का हिस्सा है और नए भारत के लिए यही न्यू नॉर्मल है। भारत मोक ड्रिल की घोषणा कर के उसे कैंसिल करने के पीछे भी एक रणनीति है। भारत की मोक ड्रिल की घोषणा मात्र से पाकिस्तान परेशान हो जाता है यह मनोवैज्ञानिक युद्ध का हिस्सा है और यह स्ट्रेटेजिक एडवांटेज अब भारत के पास है। भारत सरकार युद्ध अभ्यास की घोषणा के बाद भारतीय वायु सेना पाकिस्तान की वर्तमान हवाई गतिविधि और दुश्मनों की प्रतिक्रिया पर बारीक नजर रखती है और उनके बारे में बहुत सारी गुप्त जानकारी एकत्र करती है। यह विशेष रूप से शत्रुओं के खिलाफ आगे की रणनीति बनाने में बहुत उपयोगी है।

## प्रेरक प्रसंग

### परोपकार क्या है

एक बार आदि शंकराचार्य समुद्र के किनारे बैठे हुए थे। उनकी शिष्य मण्डली में से एक चाटुकार शिष्य उनके पास आया और कहने लगा गुरुदेव आपने इतना अधिक ज्ञान कैसे प्राप्त किया होगा, यह सोचकर हमें आपपर आश्चर्य और गर्व होता है।

शंकराचार्य ने उससे कहा तुम्हे किसने कहा की मेरे पास ज्ञान का भंडार है।

शिष्य का सर शर्म से झुक गया, यह वार्तालाप सुनकर अन्य शिष्य भी उनके पास आ गए। शंकराचार्य जी ने अपने शिष्यों को अपने ज्ञान का अहंकार उत्पन्न ना हो। यह समझाने के लिए अपने हाँथ में एक पतली टहनी लेकर उसे समुद्र में डुबोया।

कुछ देर बाद बाहर निकाला और शिष्य से पूछा इसने कितना पानी ग्रहण किया। कुछ शिष्यों ने कहा कुछ भी नहीं, कुछ ने कहा मात्र कुछ बून्द। शंकराचार्य ने कहा मैं भी ज्ञान के सागर में डुबकी लगाता हूँ। और बाहर निकलने पर मुझे अनुभूति होती है। कि मै कितना कम जानता हूँ। मै लगातार ज्ञान ग्रहण करने की कोशिस करता रहता हूँ।

सच्चा ज्ञानी व्यक्ति ज्ञान की सीमा जानता है। इसी कारण उसमे अहंकार जन्म नहीं ले पाता, अल्पज्ञ अपने आप को सर्वज्ञानी समझकर अहंकारी हो जाता है।

मनुष्य में ज्ञान ग्रहण करने की क्षमता का कभी अंत नहीं होता, ज्ञान की कोई सीमा नहीं है, हमें हर समय कुछ ना कुछ ग्रहण करते रहना चाहिए।

ज्ञान एक ऐसा समुद्र है जिसमे जितना प्राप्त होगा उतना ही कम है। अतः ज्ञान का सदुपयोग परोपकार में हो अहंकार उत्पन्न करने में नहीं।

## आपका पत्र मिला

### देश में साइकिल युग को वापस लाना जरूरी

आज विश्व साइकिल दिवस (तीन जून) है। साइकिल का इंसान के जीवन में कितना महत्व है, यह हर कोई जानता है। निस्संदेह 'पहला सुख, निरोगी काया' तो काया को निरोगी रखने के लिए साइकिल चलाने से बेहतर कोई दूसरी चीज नहीं है। आज भी रहना है फिट तो, साइकिल चलाओ का मूलमंत्र कारगर है। नीदरलैंड तो अपनी साइकिल संस्कृति के लिए प्रसिद्ध है ही, जापान, चीन, जर्मनी, बेल्जियम जैसे कई देशों में भी साइकिल मुख्य आवाजाही के साधन के रूप में इस्तेमाल की जाती है। हमारे देश में भी बहुतायत साधन के रूप में साइकिल थी। लेकिन अब ऊंगली पर गिनने वाले लोग रह गए हैं जो साइकिल का उपयोग करते हैं। यह विडंबना ही कही जाएगी की स्वस्थ रहने व मोटापा कम करने हेतु लोग पैसे देकर जिम में जाकर साइकिलिंग करेंगे, मगर रोजमर्रा में साइकिल नहीं चलाएंगे। रोज साइकिल चलाएं तो न तो जिम में जाने की जरूरत पड़े, न पैसे बिगाड़ने की। साइकिल शरीर व स्वास्थ्य के लिए तो लाभदायक है ही, पर्यावरणीय दृष्टि से भी फायदेमंद है। न धूल उड़ाती है, न धुआं, न शोर करती है, न ट्रैफिक जाम, न दुर्घटना। साथ ही पैट्रोल डीजल भी नहीं पीती है। इससे जहां जेब में पैसों की बचत होती है, वही देश के खजाने में बहुमूल्य डालर भी बचाती है। साइकिल आत्मनिर्भर भी बनाती है। भारत जैसे देश में साइकिल युग की वापसी होना चाहिए। नागरिकों को पुनः साइकिल चलाने का संकल्प लेना, हर दृष्टि से लाभकारी होगा।

**हेमा हरि उपाध्याय 'अक्षत'**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com*








## चौथा बड़ा मंगल आज, पूजा का महत्व और उपाय

ज्येष्ठ माह में हनुमान जी की श्रद्धा भाव से पूजा करना अत्यंत शुभ माना जाता है। इस दौरान भक्तों को

**मंत्र**
ॐ नमो हनुमते रुद्रावताराय विश्वरूपाय अमित विक्रमाय प्रकटपराक्रमाय महाबलाय सूर्य कोटिसमप्रभाय रामदूताय स्वाहा।

नियमपूर्वक हनुमान जी का पूजन करना चाहिए और अपनी श्रद्धा के अनुसार मंदिरों में दान या जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। धार्मिक मान्यता है कि बड़े मंगल के दिन व्रत रखने और हनुमान जी की आराधना करने से जीवन के समस्त संकट दूर होते हैं और बजरंगबली की कृपा बनी रहती है।

**चौथा बड़ा मंगल शुभ मुहूर्त**

3 जून 2025 को ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि और मंगलवार का संयोग बन रहा है. इस दिन चौथा बुढ़वा मंगल भी पड़ रहा है, जो हनुमान जी की विशेष पूजा का अवसर माना जाता है. पंचांग के अनुसार, अष्टमी तिथि की शुरुआत 2 जून की रात 8¬35 बजे से होगी और इसका समापन 3 जून की रात 9¬56 बजे होगा. मंगलवार को ही बड़ा मंगल का पूजन किया जाएगा. इसके साथ ही इस दिन धूमावती जयंती और मासिक दुर्गाष्टमी का पर्व भी मनाया जाएगा.

**मंत्र**

इस दिन 'ॐ हनु हनुमते नमः' मंत्र का जाप करने से मानसिक तनाव और जीवन में आने वाले संकटों से मुक्ति मिलती है।

**उपाय**

-बजरंग बाण का पाठ अवश्य करें। आर्थिक परेशानियों को दूर करने के लिए तीसरे बड़े मंगल को हनुमान जी के साथ



प्रभु श्रीराम की भी पूजा करें. रामायण का पाठ करना भी फलदायी रहेगा।

-बड़े मंगल के दिन हनुमान चालीसा का 11 बार श्रद्धा से पाठ करें। माना जाता है कि इससे जीवन में आने वाले सभी संकट और बाधाएं दूर हो जाती हैं।

-इस दिन हनुमान जी को सिंदूर चढ़ाएं, लाल रंग का चोला पहनाएं और बूंदी का भोग लगाएं। ये उपाय बजरंगबली को प्रसन्न करने के लिए बेहद फलदायी माने जाते हैं।

-हनुमान मंदिर में नारियल अर्पित करें और लाल रंग का झंडा (ध्वज) चढ़ाएं। ऐसा करने से मनोकामनाएं पूरी होने की मान्यता है। बड़ा मंगल के शुभ अवसर पर भंडारे या प्रसाद वितरण का आयोजन करें। इस दिन जरूरतमंदों को भोजन कराना विशेष पुण्य का कार्य माना जाता है।

**पूजा-विधि**

प्रातःकाल स्नान के बाद स्वच्छ लाल वस्त्र धारण करें. फिर हनुमान जी को लाल पुष्प अर्पित करें, सिंदूर में चमेली का तेल मिलाकर चोला चढ़ाएं, साथ ही चना, गुड़ और नारियल चढ़ाएं. हनुमान जी को बेसन या बूंदी के लड्डू का भोग लगाएं. फिर घी का दीपक जलाकर सुंदरकांड या हनुमान चालीसा का पाठ करें और आरती करें. व्रत का संकल्प लें और श्रीराम-सिता जी के साथ हनुमान जी की उपासना करें. पूजा के अंत में क्षमा याचना करना न भूलें।

**बड़ा मंगल का महादान**

बुढ़वा मंगलवार के दिन मिट्टी की चीजों का दान भी बहुत ही शुभ माना जाता है. घड़े, मटके, सुराही आदि का दान कर सकते हैं. ज्योतिष शास्त्र में मंगल को गर्म ग्रह माना जाता है. ऐसे में ठंडी चीजों का दान करने से मंगल के शुभ प्रभाव का जीवन पर असर होता है। मांगलिक दोष से मुक्ति मिलती है।

## गंगा दशहरा पर दुर्लभ योग में करें ये उपाय



गंगा दशहरा का पर्व ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है, जिसे धार्मिक दृष्टि से अत्यंत शुभ माना जाता है। इस दिन को मां गंगा के धरती पर अवतरण का पावन दिवस माना जाता है, इसलिए इसे गंगा दशहरा कहा जाता है। मान्यता है कि इस दिन गंगा नदी में स्नान करने से व्यक्ति के समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं और आत्मा को शुद्धि प्राप्त होती है। लाखों श्रद्धालु इस दिन गंगा के तट पर एकत्र होकर आस्था के साथ स्नान और पूजा-अर्चना करते हैं।

इस शुभ अवसर पर यदि व्यक्ति स्नान करने के बाद कुछ विशेष धार्मिक उपाय करता है, तो उसका जीवन सुख-समृद्धि से भर सकता है। गंगा दशहरा के दिन दान-पुण्य, विशेष मंत्र जाप और व्रत रखने से भाग्य को सकारात्मक दिशा मिलती है। मां गंगा की कृपा से जीवन की कठिनाइयां दूर होती हैं और मन को शांति मिलती है। इसलिए यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि आत्मिक उन्नति और शुद्धि का अवसर भी प्रदान करता है।

**गंगा दशहरा तिथि**

*ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि आरंभ- 4 जून, बुधवार, रात्रि 11: 54 मिनट पर*

*ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि समाप्त- 5 जून, गुरुवार, रात्रि 02:16 मिनट तक ।*

**गंगा दशहरा 2025 स्नान मुहूर्त**

गंगा दशहरा स्नान करने का ब्रह्म मुहूर्त 05 जून, प्रातः 04: 02 मिनट से लेकर प्रातः 04:42 मिनट तक है।

गंगा दशहरा पर करें ये विशेष उपाय

एक साफ कागज पर गंगा स्त्रोत लिखें और उसे पीपल के पेड़ के नीचे गाड़ दें। इससे आर्थिक परेशानियां दूर होंगी और व्यापार में सुधार होगा।

गंगा नदी में स्नान करें या नहाने के पानी में गंगाजल मिलाएं। शिवलिंग का गंगाजल से अभिषेक करें और सूर्य को तांबे के लोटे में जल, गंगाजल व कुमकुम मिलाकर अर्घ्य दें। इससे करियर में सफलता मिलेगी।

घर से दूर अनार का पेड़ लगाएं। मिट्टी के घड़े में जल भरकर उसमें गंगाजल डालें, दक्षिण दिशा की ओर रखें और फिर जरूरतमंद को दें। इससे आर्थिक तंगी दूर होगी और भाग्य खुलेगा।

पूरे घर में गंगाजल छिड़काव करें। एक नारियल पर काला धागा बांधें, शिवलिंग का अभिषेक करें और नारियल को शाम को बहते जल में प्रवाहित करें (पीछे मुड़े बिना)। इससे परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

गंगा में स्नान के बाद सुपारी, आम, जल से भरा घड़ा, फल और अन्य सामग्री का दान करें। इससे मोक्ष की प्राप्ति होती है और कष्ट दूर होते हैं।

गंगा स्नान के बाद माता गंगा की पूजा करें और गंगा स्त्रोत का पाठ करें। **'बृहत्यै ते नमस्ते'** मंत्र का 108 बार जाप करें। शिवलिंग का अभिषेक करें और उसका जल घर में छिड़कें। इससे स्वास्थ्य और धन की वृद्धि होती है।

## कितने घंटे रखा जाएगा निर्जला एकादशी का व्रत

ज्येष्ठ माह में जल से जुड़े व्रत और त्योहारों का विशेष महत्व होता है, क्योंकि इस समय गर्मी अपने चरम पर होती है। ऐसे में जल का दान करना और निर्जल रहकर उपवास करना धार्मिक दृष्टि से अत्यंत फलदायी माना जाता है। मान्यता है कि इस उपवास को करने से वर्षभर सुख और समृद्धि की प्राप्ति होती है। इसी कारण निर्जला एकादशी, जो इस माह आती है, अत्यंत पावन मानी जाती है।

इस एकादशी पर व्रत रखने से सालभर की सभी 24 एकादशियों के बराबर पुण्य प्राप्त होता है। आमतौर पर यह उपवास 24 घंटे का होता है, लेकिन इस वर्ष यह अवधि अधिक लंबी होगी। आइए जानते हैं इसके पीछे की वजह।

**निर्जला एकादशी कितने समय तक रखी जाएगी?**

निर्जला एकादशी की तिथि 6 जून 2025 को सुबह 2:15 बजे शुरू होकर 7 जून को सुबह 4:47 बजे तक रहेगी।

इस बार एकादशी की तिथि करीब 24 घंटे तक बनी रहेगी और दोनों ही



दिन उदयातिथि का संयोग बन रहा है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार जब एकादशी दो तिथियों पर आती है, तो गृहस्थ जनों को पहले दिन व्रत रखना चाहिए।

**पारण समय**

इस बार व्रत की अवधि बढ़कर 24 घंटे से अधिक की हो गई है, क्योंकि व्रत का पारण अगले दिन दोपहर में किया जाएगा। व्रत पारण का समय 7 जून 2025 को दोपहर 1:44 बजे से शाम 4:31 बजे के बीच रहने वाला है।

**सन्यासियों के लिए एकादशी**

जो लोग संन्यास मार्ग पर हैं या मोक्ष की कामना रखते हैं, वे 7 जून को एकादशी का व्रत रख सकते हैं। वैष्णव संप्रदाय और इस्कॉन मंदिरों में यही दिन एकादशी के रूप में मान्य होता है। इस दिन व्रत रखने वाले 8 जून 2025 को सुबह 5:23 बजे से 7:17 बजे के बीच उपवास का पारण करें।

**एकादशी व्रत से पहले क्या करें?**

व्रत की शुद्धता बनाए रखने के लिए भक्तों को चाहिए कि दशमी की संध्या से ही अनाज का सेवन बंद कर दें, ताकि एकादशी के दिन व्रत की शुरुआत के समय शरीर में अन्न का कोई अंश न हो।

## महेश नवमी का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व

महेश नवमी का पर्व सिर्फ शिव उपासना का दिन नहीं है, बल्कि यह माहेश्वरी समाज की उत्पत्ति और उसके आध्यात्मिक उत्थान से जुड़ा हुआ विशेष अवसर भी है। मान्यता है कि ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को माहेश्वरी समाज के पूर्वज, जो किसी ऋषि के श्राप से पीड़ित थे, भगवान शिव की कृपा से उस श्राप से मुक्त होकर नया जीवन प्राप्त कर सके। इसी कारण इस दिन को 'महेश नवमी' के रूप में मनाया जाता है। माहेश्वरी समाज इस दिन को अपनी संस्थापक तिथि के रूप में श्रद्धा और भक्ति से मनाता है। इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की विधिपूर्वक पूजा की जाती है। शिव को कुलदेवता मानने वाला यह समाज मानता है कि शिव की आज्ञा से ही उन्होंने क्षत्रिय कर्म त्यागकर वैश्य धर्म को अपनाया और समाज सेवा, व्यापार और आध्यात्मिक मार्ग पर अग्रसर हुए। इस दिन शिवभक्त अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना करते हैं और एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हैं, जिससे सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गर्व भी सशक्त होता है।

## कल मनाई जाएगी महेश नवमी? जानें तिथि, शुभ योग और पूजा विधि

महेश नवमी हिंदू धर्म का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और पावन पर्व है, जो देवों के देव भगवान शिव और माता पार्वती के दिव्य स्वरूप को समर्पित है। यह त्योहार मुख्य रूप से माहेश्वरी समुदाय द्वारा बड़े ही उत्साह, श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, इसी दिन माहेश्वरी समाज की उत्पत्ति हुई थी, इसलिए यह पर्व उनके लिए विशेष महत्व रखता है और इसे अपने पूर्वजों और संस्कृति से जुड़ने का दिन माना जाता है। ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाए जाने वाला यह पावन पर्व, शिव भक्तों के लिए सुख, समृद्धि और शांति की प्राप्ति का अवसर लेकर आता है। इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है, जिससे परिवार में खुशहाली बनी रहती है और सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। माहेश्वरी समुदाय इस दिन शोभायात्राएं निकालते हैं, धार्मिक अनुष्ठान करते हैं और समाज सेवा के कार्य भी करते हैं, जो इस पर्व के आध्यात्मिक और सामाजिक महत्व को और भी बढ़ा देता है। आइए इस लेख में महेश नवमी 2025 की सही तारीख, शुभ योग, मुहूर्त और पूजा विधि के बारे में जानते हैं।

**महेश नवमी 2025 की तिथि और समय-** हिंदू पंचांग के



अनुसार, महेश नवमी ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाई जाती है। इस साल महेश नवमी 4 जून 2025, बुधवार को मनाई जाएगी। नवमी तिथि 3 जून 2025 को रात 9¬56 बजे शुरू होगी और 4 जून 2025 को रात 11¬54 बजे समाप्त होगी। उदयातिथि के आधार पर, यह पर्व 4 जून को ही मनाया जाएगा। इस दिन रवि योग और सर्वार्थ सिद्धि योग का संयोग बन रहा है, जो पूजा और धार्मिक कार्यों के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है।

**महेश नवमी का शुभ मुहूर्त**

महेश नवमी पर पूजा के लिए सबसे शुभ समय ब्रह्म मुहूर्त में माना जाता है। 4 जून 2025 को ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4¬02 बजे से 4¬43 बजे तक रहेगा। इस समय भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है।

**पूजा विधि-** महेश नवमी के दिन सुबह जल्दी उठें और स्नान करें। स्वच्छ वस्त्र पहनकर पूजा स्थल को गंगाजल से शुद्ध करें। एक चौकी पर लाल या पीला कपड़ा बिछाकर भगवान शिव, माता पार्वती और गणेश जी की मूर्ति या चित्र स्थापित करें। सबसे पहले गणेश जी की पूजा करें, फिर शिवलिंग को जल, दूध, बेलपत्र, धतूरा और फूल अर्पित करें।

## धन समृद्धि, पद प्रतिष्ठा चाहते हैं तो सावन के सोमवार के दिन रुद्राक्ष धारण करें




राजीव आचार्य, ज्योतिषाचार्य एवम वास्तुशास्त्री


सनातन धर्म के अनुसार भगवान शिव आदिदेव हैं । शिव स्वयम्भू है अर्थात स्वयं से उत्पन्न । शिव परम् बह्म है, परम सत्य हैं । सावन की शिवरात्रि और सोमवार के दिन भक्त समस्त विधि विधानों से भगवान शिव की आराधना करते है।

सावन शिवरात्रि या सावन सोमवार को विधि विधान से विशेष प्रकार के रुद्राक्ष धारण करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है । व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है तथा कठिनाइयां दूर होती हैं। शिव पुराण के अनुसार रुद्राक्ष का अर्थ है रुद्र या शिव के अश्रु । शिवपुराण के विन्द्येश्वर संहिता के अनुसार भगवान शिव ने स्वयं पार्वतीजी को रुद्राक्ष की महिमा और उसकी उत्तपत्ति के विषय मे बताया है। शिवपुराण के अनुसार भगवान शिव ने हजारों वर्षों तक घोर तपस्या की, एक दिन सहसा उनका मन क्षुब्ध हो उठा । उस समय मात्र लीलावश ही उन्होंने अपने दोनों नेत्र खोले , नेत्र खोलते ही उनके मनोहर नेत्रपुटों से जल की कुछ बूंदे पृथ्वी पर जा गिरी , जिनसे रुद्राक्ष का जन्म हुआ । भगवान शिव रुद्राक्ष की महिमा का वर्णन करते हुए पार्वती जी से कहते हैं कि जहाँ रुद्राक्ष की पूजा होती है , वहां से लक्ष्मी जी कभी दूर नहीं जाती , इसे धारण करने वाले व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। शिवपुराण के अनुसार सभी आश्रमों , समस्त वर्णों ,स्त्रियों को भगवान शिव की आज्ञानुसार सदैव रुद्राक्ष धारण करना चाहिए। **(शिवपुराण विन्द्येश्वर संहिता 25/47 )**



शिवपुराण में भगवान शिव ने 14 प्रकार के रुद्राक्ष का वर्णन , उनके भेदों और मंगलकारी विधानों का वर्णन किया है। ज्योतिष के अनुसार व्यक्ति को रुद्राक्ष शुभ नक्षत्र , तिथि , वार को धारण करने से अत्यंत लाभ होता है। सावन में शिवरात्रि का दिन और सावन में पढ़ने वाले सोमवार रुद्राक्ष धारण करने के लिये अत्यधिक शुभ है। सावन शिवरात्रि सावन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाई जाती है। सावन शिवरात्रि और सावन मास के सोमवार को रुद्राक्ष धारण करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं । सनातन धर्म में सावन माह का विशेष महत्व है। इस माह में भगवान शिव और मां पार्वती के पूजन का विधान होता है। इस वर्ष 2025 में सावन के माह की शुरुआत 11 जुलाई से होगी और समापन अगले माह 09 अगस्त को होगा। इस बार सावन में 4 सोमवार के व्रत होंगे । 14 जुलाई को सावन का पहला सोमवार व्रत, 21 जुलाई को सावन का दूसरा सोमवार व्रत ,28 जुलाई को सावन का तीसरा सोमवार व्रत तथा 04 अगस्त को सावन का चौथा सोमवार व्रत होगा । रुद्राक्ष कब और किसे धारण करना चाहिये , यह अत्यंत महत्वपूर्ण है। हम आपको रुद्राक्ष के सभी प्रकारों का एक एक कर वर्णन करेंगे जो आपके लिए लाभकारी होगा । आज हम एकमुखी रुद्राक्ष के गुणों और उसकी विशेषताओं का वर्णन करेंगे ।जो निम्न प्रकार है - 'एकमुखी रुद्राक्ष' ----यदि आप राजनैतिक या प्रशासनिक क्षेत्र में सफलता प्राप्त करना चाहते है तो आपको एकमुखी रुद्राक्ष धारण करना चाहिए । एकमुखी रुद्राक्ष को साक्षात भगवान शिव का स्वरूप माना जाता है । राजनैतिक या प्रशासनिक पद प्रतिष्ठा के लिए जन्मकुण्डली में सूर्य देव का बली होना अत्यंत आवश्यक होता है। सूर्य राजसत्ता , तेज , सिहासन , पद प्रतिष्ठा, मान सम्मान , सरकार से सहयोग आदि के द्योतक है। एकमुखी रुद्राक्ष धारण करने से सूर्य देव को बल प्राप्त होता है जिसके कारण पद , प्रतिष्ठा , मान सम्मान में अप्रत्याशित वृद्धि होती है। यदि आप सरकारी नौकरी में है , अथवा राजनैतिक क्षेत्र में राज्य या सत्ता प्राप्त करना चाहते हैं तो आपको एकमुखी रुद्राक्ष विधिविधान के साथ धारण करना चाहिये । एकमुखी रुद्राक्ष को धारण करने से जन्मकुंडली में सूर्य देव को बल प्राप्त होता है जिससे सूर्य से मिलने वाले फलों में वृद्धि होती है । एकमुखी रुद्राक्ष का ही दूसरा रूप बारहमुखी रुद्राक्ष भी है । यदि एकमुखी धारण करने या मिलने में कठिनाई हो तो बारहमुखी रुद्राक्ष भी धारण किया जा सकता है। इसे द्वादश आदित्य भी कहते है। पद्मपुराण में इसकी महिमा का वर्णन करते हुए इसे सूर्यदेव का फल देने वाला और सभी प्रकार के भय और परेशानियों से मुक्ति दिलाने वाला बताया गया है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

## दैनिक पंचांग लखनऊ सोमवार, 3 जून 2025

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ ज्येष्ठ मासोत्तमे शुक्ल पक्षे, अष्टमी तिथौ मंगल वासरे 21/57/ पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्रे 24/59/ हर्षण योग 08/08/ भद्रा करणे 09/16/ सिंह राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** भद्रा समाप्त घं.09 मि.16 पर। श्री दुर्गाष्टमी व्रत। धूमावती जयंती।

**मेष :** यात्रा की स्थिति सुखद एवं लाभकारी होगी। जीविका के प्रयास फलीभूत होगे। आत्मबल में बढ़ोतरी होगी।

**वृष :** निजी सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। परिवारिक सम्बन्ध प्रगाण होंगे। सम्पर्क का लाभ मिलेगा।

**मिथुन :** रोग और विरोधी सक्रिय होगे। वाणी पर संयम रखें। जीवन साथी का सहियोग रहेगा। धनागमन होगा।

**कर्क :** ससुराल पक्ष का सहयोग मिलेगा। सम्बन्धों में निकटता आयेगी। चली आरही समस्या का समाधान होगा।

**सिंह :** वाहन चलाते समय सावधानी रखें। व्यावसायिक योजना को बल मिलेगा। अतिथि समागम रहेगा।

**कन्या :** पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। यात्रा का योग है। सम्बन्ध प्रगाण होगे। रचनात्मक कार्यों में सफल रहेंगे।

**तुला :** जीविका के प्रयास को बल मिलेगा। विरोधी परास्त होगें। परिवारिक सम्बन्ध मधुर होगे। यश प्राप्ति होगी।

**वृश्चिक :** शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। मान सम्मान में बढ़ोतरी होगी।

**धनु :** आर्थिक योजना को बल मिलेगा। परिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगा।

**मकर :** धन, यश कीर्ति में वृद्धि होगी। सम्बन्ध प्रगाढ़ा होगे। स्वस्थ्य के प्रति उदासीन न रहें।

**कुंभ :** शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। परिवारिक समस्या का समाधन होगा। रोग बाधा रहेगी। मन अशान्त रहेगा। व्यर्थ की उलझने रहेगी। यात्रा का योग है। लाभ मार्ग प्रशस्त रहेगा।

**मीन :** सत्परामर्श का लाभ मिलेगा। व्यावसायिक मामलों में प्रगति होगी। आर्थिक पक्ष मजूबत होगा। झगड़ा विवाद से बचें। धर्म में रुचि रहेगी।

## खबर एक नजर

### आपत्तिजनक फोटो और भद्दे कमेंट्स वायरल करने का आरोप

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के कुर्मी सराय गांव के तीन ग्रामीणों ने गांव के ही एक युवक पर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक फोटो और अभद्र टिप्पणियां वायरल करने का आरोप लगाया है। पीड़ितों ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर सौंपी और आरोपी के खिलाफसख्त कार्यवाही की मांग की। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि आरोपी युवक वर्तमान में मुंबई में रह रहा है और गांव से पुरानी रंजिश के चलते उनके खिलाफसोशल मीडिया पर आपत्तिजनक फोटो और वीडियो बनाकर पोस्ट कर रहा है। ग्रामीण विनोद कुमार पटेल, अशोक पटेल और ऋषभ पटेल ने बताया कि जब उन्होंने इस संबंध में आरोपी के परिजनों से बात करने की कोशिश की, तो आरोपी के परिवार के सदस्य भी गाली-गलौज और मारपीट पर अमादा हो गए। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### उप जिलाधिकारी डलमऊ को ज्ञापन सौंपा

**डलमऊ रायबरेली।** मेल्थुआ में तालाब में किये जा रहे कब्जे एवं जगतपुर बरदरा की सुरक्षित जमीन की शिकायत को लेकर कोई कार्रवाई न होने से भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष अजमेर सिंह ने किसान यूनियन के पदाधिकारी के साथ मिलकर उप जिलाधिकारी डलमऊ को ज्ञापन सौपा है। एसडीएम को दिए गए ज्ञापन में किसान यूनियन ने आरोप लगाया है की तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांव में सुरक्षित जमीनों पर लगातार कब्जे किए जा रहे हैं जगतपुर बारा में चारागाह की जमीन पर कब्जे की शिकायत कई बार तहसीलदार से की गई लेकिन लेखपाल कानून को एवं तहसीलदार की मिली भगत से कब्जेदारों पर कार्रवाई नहीं हो पा रही है मेल्थवा में तालाब की जमीन पर लगातार कब्जा किया जा रहा है जिस पर राजस्व विभाग की टीम कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। किसान यूनियन ने कई बार तहसीलदार डलमऊ को शिकायती पत्र दिया लेकिन राजस्व अधिकारी कार्रवाई करने के बजाय भू माफियाओं को संरक्षण दे रहे हैं। किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष अजमेर सिंह ने समस्याओं के निराकरण न होने की दशा में आगामी 24 जून को तहसील परिसर में विशाल किसान पंचायत की चेतावनी भी दी है।

### स्पोर्टिंग क्लब ने जीता फाइनल

डलमऊ रायबरेली। डलमऊ के सराय लखनी में पिछले 15 दिनों से चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच सोमवार को खेला गया जिसमें बेहद ही रोमांचक मुकाबले में एडीए स्पोर्टिंग क्लब ने बेला खारा स्पोर्टिंग क्लब को दो विकेट से हरा दिया। बेला खारा के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया और निर्धारित 15 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 112 रन बनाए जिसमें दुर्गेश ने नाबाद 26 रनों का योगदान दिया एडीए स्पोर्टिंग क्लब की तरफसे अमन अदनान मंगल एवं शुभम ने निर्धारित तीन-तीन ओवरों में दो.दो विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एडीए स्पोर्टिंग क्लब ने संभल कर बल्लेबाजी करते हुए मुकाबला 10 गेंद शेष रहते दो विकेट से जीत लिया जिसमें फैयाज ने पारी की शुरुआत करते हुए 29 एवं अमित चंदी ने 29 रन का योगदान दिया। बेला खारा की ओर से सनी सिंह ने निर्धारित तीन ओवरों में चार विकेट हासिल किए जिन्हें मैन ऑफ सीरीज का पुरस्कार दिया गया। एडीए स्पोर्टिंग क्लब के अमन को 12 रन 2 विकेट एवं एक बेहतरीन कैच लेने के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे ग्राम प्रधान पखरौली रमेश पासी के द्वारा विजेता टीम के कप्तान विशेश्वर मौर्य को विजेता ट्रॉफी सौपी गई।

### लूट और टप्पे बाजी की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो बदमाश चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायबरेली।** लालगंज पुलिस को दौरान ग्रस्त उस समय भारी सफलता हासिल हो गई जब उन्होंने डलमऊ ओवरब्रिज के पास से दो बदमाशों को चोरी के सामान के साथ पकड़ लिया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि लालगंज नगर में 28 अप्रैल को कैलाश गुप्ता की दुकान से पकड़े गए बदमाशों ने गल्ले से रुपए चोरी कर लिए थे, वहीं 29 मई को बैंक के सामने से टिंकू गौतम से 30 हजार रुपए ठग लिए थे। लूट और टप्पे बाजी की दोनों घटनाओं को अंजाम देने वाले बदमाश मोहम्मद अजहरुद्दीन पुत्र जमालुद्दीन कटरा अब्दुल गनी सराय जीटी रोड थाना कोतवाली फतेहपुर का निवासी है तो वहीं दूसरा बदमाश मोहम्मद अरमान पुत्र मोहम्मद शकील सैयद बाड़ा फतेहपुर का ही निवासी है। प्रभावी निरीक्षक ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों के पास से चोरी और टप्पे बाजी का 26200 रुपए बरामद हुआ है। वही तीन अदद मोबाइल, 6 अदद पर्स सहित अपाचे बाइक भी बरामद हुई है। बदमाशों को पकड़ने वाली टीम में सब इंस्पेक्टर नितिन मलिक, सब इंस्पेक्टर अमरेश द्विवेदी, सिपाही अमित, ऋषभ और मुकुल चौधरी शामिल रहे।

### 72 घंटे बाद भी शव की शिनाख्त नहीं

**डलमऊ रायबरेली।** डलमऊ के वीआईपी घाट पर बीते दिनों मिले अज्ञात शव की पहचान नहीं हो सकी 72 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस शव की शिनाख्त नहीं कर सकी सोमवार को उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। डलमऊ के वीआईपी घाट के निकट गुरुवार को कुछ स्नानार्थियों ने गंगा नदी में शव उतरता हुआ देखा लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी उस समय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। सोमवार को 72 घंटे बीत जाने के बाद भी शव की पहचान नहीं हो सकी इसलिए उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### व्यापारी का बैग चोरी कर भाग रहे थे चोर, दौड़ा कर पकड़ा

**डलमऊ रायबरेली।** दिनदहाड़े सीमेंट सरिया व्यवसायी का बैग चोरी कर भाग रहे दो चोरों को पूर्व प्रधान व रिटायर्ड फौजी ने दौड़ाकर ग्रामीणों की मदद से पकड़ लिया। उनके पास से चोरी किया गया बैग एवं एक बाइक भी बरामद हुई है। गदागंज थाना क्षेत्र के सरदारगंज तिराहा पर हमीर मऊ निवासी अरुण कुमार सिंह की सीमेंट सरिया की दुकान है। सोमवार लगभग 11.00 बजे वह दुकान के बाहर बैग रखकर गोदाम की तरफ चले गए तभी बाइक से आए दो युवक बैग चोरी कर बाइक से भागने लगे तभी कुछ दूरी पर खड़े पूर्व प्रधान व रिटायर्ड फौजी कमलेश बहादुर सिंह ने उन्हें देख लिया और अपनी कार से अरुण कुमार सिंह के साथ पीछा किया। लगभग 4 किलोमीटर तक पीछा करने के बाद युवक बैग फेक कर भाग रहे थे तभी पूर्व प्रधान फौजी ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल निकाल ली। डर कर दोनों युवक रुक गए वहां पर बड़ी संख्या में ग्रामीण भी इकट्ठे हो गए। युवकों ने झाड़ी में फेके गए बैग को लाकर सुपुर्द किया वहीं पूर्व प्रधान कमलेश बहादुर सिंह ने बताया कि पकड़े गए दोनों युवक शोभित तिवारी एवं राहुल यादव थाना हुसैनगंज जनपद फतेहपुर के रहने वाले हैं दोनों को बाइक के साथ गदागंज थाने में पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया है।

### आमने-सामने भिड़ंत में बुजुर्ग की मृत्यु

**नसीराबाद रायबरेली।** सड़क हादसे में इलाज के दौरान मौत तेज रफ्तार कार व ई रिक्शा के आमने-सामने भिड़ंत में गम्भीर रूप से घायल एक बुजुर्ग की मृत्यु हो गई। कार चालक के खिलाफ केस दर्ज बताते चलें कि बीते रविवार को करीब चार बजे नसीराबाद थाना क्षेत्र के जायस सलोन मार्ग पर पूरे मर्दन से चन्द्रपाल सिह, सोना देवी व प्रेमा देवी ई रिक्शा से मेहंदी गंज बाजार जा रहे थे। कि चतुरपुर मोड़ पर संजय मौर्य पुत्र शिवराम निवासी ग्राम धरई थाना नसीराबाद ने कार संख्या यूपी 32 एफ यू 208 से जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे ई रिक्शा पलट गया। लोगों ने नसीराबाद अस्पताल भेजवाया जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने चन्द्रपाल सिह को जिला अस्पताल रिफर कर दिया। सोमवार उनकी मृत्यु हो गई। चन्द्रपाल की लड़की ज्ञान वती पत्नी मनोज कुमार सिंह ने नसीराबाद थाने में तहरीर दी है।

## मौरंग भरे डम्पर ने दो महिलाओं को कुचला, दोनों की हुई दर्दनाक मौत, एक अन्य घायल



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, सरेनी, रायबरेली।** सोमवार की दोपहर को सरेनी सेमरी मार्ग के पूरे शीतलहा मजरे धूरेमऊ गांव के पास सड़क किनारे वाहन का इंतजार कर रही नंद व भाभी को ओवरलोड़ डंपर चालक ने कुचल दिया। इससे दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना से कोहराम मच गया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृत बहन के भाई की तहरीर पर पुलिस ने डंफर के अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। घटना को अंजाम देने के बाद चालक व खलासी मौके से फरार हो गए हैं। थाना क्षेत्र के बरुवाबाग मजरे रमईपुर कला गांव के रहने वाले आलोक कुमार पुत्र शिवनाथ सोमवार की दोपहर करीब साढ़े 11 बजे अपनी भाभी नीतू उम्र करीब 39 वर्ष पत्नी अशोक कुमार व बहन अंजू उम्र करीब 25 वर्ष पुत्री शिवनाथ के साथ सरेनी सेमरी मार्ग के पूरे शीतलहा मजरे धूरेमऊ गांव के आगे सड़क के किनारे खड़े होकर सेमरी जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहे थे। तभी पीछे से डंफर संख्या यू पी 35 ए टी 2925 के अज्ञात चालक ने दोनों को रौंद दिया।

इससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि आलोक कुमार बाल-बाल बच गया। घटना को अंजाम देने के बाद चालक व खलासी मौके से फरार हो गए, जबकि डंपर को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आलोक की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात डंफर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। कोतवाल शिवाकांत पांडेय का कहना है कि मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है, चालक की तलाश की जा रही है।

## ननिहाल से बाजार गई किशोरी के अपहरण का आरोप, पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई

**रायबरेली।** ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र से प्रतापगढ़ के कुंडा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव ननिहाल गई किशोरी का उस समय अपहरण हो गया जब वह अपनी मां के साथ बाजार गई हुई थी । पीड़िता इसमें कार्रवाई के लिए कुंडा और ऊंचाहार पुलिस के चक्कर काट रही है, पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। मामला कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के गांव की रहने वाली एक महिला अपनी बेटी के साथ प्रतापगढ़ जनपद के कुंडा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव अपने मायके गई हुई थी। महिला का कहना है कि उसके मायके के पास में एक प्रसिद्ध बाजार लगती है जहां पर वह अपनी बेटी के साथ खरीदारी करने गई थी। वह अपनी बेटी से थोड़ी दूर पर खरीदारी कर रही थी, सभी बाइक सवार कुछ युवक पहुंचे और उसकी बेटी को जबरन बाइक पर बैठा कर भाग गए। वह उसने अपनी बेटी को अपहरण होते हुए देखा तो वह चीखी चिल्लाई आसपास के लोग जब तक कुछ समझ पाते, तब तक बाइक सवार उसकी बेटी को लेकर फरार हो चुके थे। उसके बाद पीड़िता ने मामले की तहरीर कुंडा कोतवाली में दी। कुंडा कोतवाली पुलिस ने उसे ऊंचाहार कोतवाली भेज दिया। उसने ऊंचाहार पहुंचकर मामले की तहरीर कोतवाली में दी, किंतु ऊंचाहार पुलिस ने भी मामले को कुंडा कोतवाली बताकर टरका दिया। पीड़िता ने अब पुलिस अधीक्षक से प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई है। महिला का कहना है कि उसकी बेटी के साथ अनहोनी हो सकती है। इसलिए उसे तत्काल बरामद किया जाए। कोतवाल संजय कुमार ने बताया कि घटना कुंडा कोतवाली क्षेत्र की है । इसलिए इस प्रकरण में कार्रवाई कुंडा पुलिस करेगी।

## रोटरी क्लब द्वारा नई साइकिलें पाकर कन्याएं उत्साहित

### आधा दर्जन कन्याओं को रोटरी क्लब द्वारा नई साइकिलें वितरित




**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** रोटरी क्लब, रायबरेली द्वारा आधा दर्जन ज़रूरतमंद कन्याओं को निशुल्क साइकिलें वितरित की गईं। साइकिल वितरण समारोह शहर के रोटरी सेवा केन्द्र में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि रोटरी क्लब के पूर्व मंडलाध्यक्ष सुनील बंसल रहे। मुख्य अतिथि ने रायबरेली में रोटरी क्लब द्वारा संचालित सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यदि हर व्यक्ति स्वस्थ और शिक्षित होगा तभी देश का विकास तेजी से संभव होगा, उन्होंने यह भी कहा कि रोटरी क्लब, रायबरेली इन दोनों ही क्षेत्रों में अपनी सेवाएं नियमित रूप से प्रदान कर रहा हैए जो अत्यंत सराहनीय है। रोटरी क्लब, रायबरेली के अध्यक्ष राकेश कक्कड़ ने आए हुए अतिथियों और सदस्यों का स्वागत किया। रोटरी मंडल से आए अमित जायसवाल और विवेक अग्रवाल ने कहा कि 50 वर्षों से निरंतर सामाजिक क्षेत्र में अपनी निःशुल्क सेवाएं देकर रायबरेली में रोटरी क्लब द्वारा नया कीर्तिमान स्थापित किया है। रायबरेली में रोटरी क्लब द्वारा संचालित सेवा कार्यों की जानकारी पूर्व अध्यक्ष अजय त्रिवेदी द्वारा दी गई। समारोह का संचालन गोविंद खन्ना के द्वारा किया गया। इस अवसर पर रोटरी सचिव विवेक सिंह, रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष एसएल चंदवानी, संजय सबरवाल, अरविंद श्रीवास्तव, आरके सोनी, विकास दीक्षित, राकेश चन्दनानी, राजीव भार्गव, डॉ ज्ञानेन्द्र चतुर्वेदी विशेष रूप से उपस्थित रहे। लक्ष्मी, अंकिता, आराधना सहित 6 बालिकाओं को साइकिलें वितरित की गईं। अंत में कार्यक्रम अधिकारी पूर्व अध्यक्ष पीएस सलूजा ने आए हुए अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पुलिस के हत्थे चढ़े दो शातिर चोर, नगदी, मोबाइल व बाइक बरामद, जेल भेजे गए



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली पुलिस ने सोमवार को डलमऊ रोड स्थित ओवरब्रिज के पास से दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी हाल ही में कस्बे में हुई दो अलग-अलग चोरी की वारदातों वारदातों को अंजाम दिया था। पकड़े गए चोरों ने कस्बे की दोनों वारदतों को अंजाम देना कबूल कर लिया है। चोरो के पास से नगदी भी बरामद हुई। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान फ तेहपुर जनपद के गनी सराय, कटरा अब्दुल मोहल्ला निवासी अजहरुद्दीन और सैयद बाड़ा निवासी मोहम्मद अरमान के रूप में हुई है। बताते चलें कि 28 अप्रैल 2025 को इन दोनों ने चिकमण्डी रोड पर स्थित हार्डवेयर दुकानदार कैलाश चंद गुप्ता की दुकान के काउंटर से सरिया दिखाने का झांसा देकर नगद राशि चोरी कर फरार हो गए थे। इसके आलावा बीते 30.05.2025 को इण्डियन बैंक (पूर्व इलाहाबाद बैंक) की शाखा से पैसे निकालने आए एक व्यक्ति टिंकू गौतम से भी इन आरोपियों ने धोखाधड़ी करते हुए 90 हजार रुपये की रद्दी कागज की गड्डी थमा दी और बदले में उसके 30 हजार रुपये ठग लिए थे। इन दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच कर रही थी। सोमवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान शातिरों के पास से 26,200 रुपये नकद, तीन मोबाइल फोन, छह पर्स और एक बाइक बरामद हुई। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि दोनों शातिरों को गिरफ्तार कर जेल भेजदिया गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पकड़े गए दोनो शातिरों को लम्बा चौड़ा अपराधिक इतिहास है।

## ग्राम प्रधान ने दिव्यांगों को वितरित किए उपकरण खिले चेहरे



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लालगंज (रायबरेली)।** विकासखंड क्षेत्र के बेलहनी ग्राम पंचायत में दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल बैसाखी सहित अन्य उपकरण वितरित किए गए। उपकरण पाकर दिव्यांगजनों के चेहरे खिल उठे। युवा ग्राम प्रधान अखिलेश यादव के प्रयासों से गांव के दिव्यांगजनों का ऑनलाइन पंजीकरण कराया गया। जिसके बाद गांव निवासी रंजीत यादव, महराजदीन पासवान, पिंटू गुप्ता, सुन्दर दर्जी को ट्राईसाईकल व गाँव के ही सत्रोहन पाल और महिला मंगेश विश्वकर्मा को बैसाखी वितरित की गई। ग्राम प्रधान ने बताया कि सभी उपकरण दिव्यांग कल्याण विभाग की सहयोग से उपलब्ध कराए गए।

## संशिक्षा एकेडमी के छात्र हर्षवर्धन यादव ने जनपद का नाम किया रोशन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** संशिक्षा एकेडमी के प्रतिभाशाली छात्र हर्षवर्धन यादव ने जेईई एडवांस्ड 2025 की परीक्षा में अखिल भारतीय रैंक 784' तथा ओबीसी रैंक 120 प्राप्त कर रायबरेली सहित पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह सफलता उनकी मेहनत, अनुशासन और प्रतिबद्धता का प्रतिफल है, साथ ही यह संस्था द्वारा दिए गए उचित मार्गदर्शन और सही दिशा का भी प्रमाण है। हर्षवर्धन की इस उपलब्धि के पीछे कई महत्वपूर्ण कारण रहे हैं। जिन्हें हर छात्र और अभिभावक को समझना चाहिए। उन्होंने कक्षा में लगभग पूरी उपस्थिति बनाए रखी और पढ़ाई के समय पूर्ण एकाग्रता को प्राथमिकता दी। वे अनावश्यक बातचीत से दूर रहते थे और प्रतिदिन का होमवर्क समय पर व नियमित रूप से पूरा करते थे। उन्होंने हमेशा अपने शिक्षकों से जुड़ाव बनाए रखा, किसी भी शंका को तुरंत स्पष्ट किया और मार्गदर्शन को गंभीरता से लिया।

उनकी तैयारी में टेस्टों की निरंतरता भी विशेष भूमिका में रही। उन्होंने प्रत्येक टेस्ट को आत्ममूल्यांकन का अवसर माना और अपनी गलतियों से लगातार सुधार करते गए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने फ ॉर्मूलों और महत्वपूर्ण बिंदुओं की दैनिक पुनरावृत्ति की तथा एनसीईआरटी की पुस्तकों का गहराई से अध्ययन किया, जिससे उनकी अवधारणाएं और बुनियाद मज़बूत होती गई। केवल हर्षवर्धन ही नहीं, बल्कि संशिक्षा एकेडमी के कई अन्य छात्रों ने भी जेईई एडवांस्ड 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अनेक छात्रों ने ऐसे अंक प्राप्त किए हैं जिनसे उन्हें आईआईटीए एनआईटी एवं अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश प्राप्त होगा। यह संशिक्षा एकेडमी की मज़बूत शैक्षणिक व्यवस्था, व्यक्तिगत मार्गदर्शन और छात्रों के साथ सतत संवाद का प्रत्यक्ष परिणाम है। संशिक्षा एकेडमी रायबरेली में इंजीनियरिंग एवं मेडिकल जैसे प्रतिस्पर्धी क्षेत्रों की तैयारी के लिए एक विश्वसनीय व परिणामोन्मुख संस्थान के रूप में विख्यात है। संस्था के निदेशक नीरज सोनी जो स्वयं आईआईटी कानपुर के पूर्व छात्र हैं, का मानना है कि दृढ़ संकल्प, अनुशासित दिनचर्या और सही मार्गदर्शन से कोई भी छात्र ऊँचाइयों को छू सकता है। अभिभावकों, छात्रों और शिक्षकों के सामूहिक प्रयासों से प्राप्त यह सफलता पूरे जनपद के लिए गर्व का विषय है। संशिक्षा एकेडमी भविष्य में भी इसी प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ विद्यार्थियों को उनके लक्ष्यों की ओर अग्रसर करती रहेगी।

## नसीराबाद देहात की खुली बैठक सम्पन्न

**रायबरेली।** विकास खण्ड छतोह के ग्राम पंचायत नसीराबाद देहात की खुली बैठक ग्राम प्रधान सुमित्रा देवी की अध्यक्षता में पंचायत सभागार में सोमवार को संपन्न हुई। बैठक में सैकड़ों महिला सहित ग्राम वासी शामिल हुए। प्रधान सुमित्रा देवी ने खुली बैठक में आए सभी निर्वाचित सदस्यों का माल्यार्पण कर स्वागत किया फिर बैठक आरम्भ हुई।लोगों ने आवास खड़ंजा, नाली इंटरलॉकिंग आदि के प्रस्ताव किये। मैमुना ने इंटरलॉकिंग, पूजा देवी ने खड़ंजा निर्माण, जलील अहमद ने कुछ लोगों द्वारा बंद किए गए नाले को खुलवाने, भागीरथी ने नाली बनवाने का प्रस्ताव किया। खुली बैठक में प्रधान पति तुलसीराम पासी ने ग्राम पंचायत के तीन मजरों के नामकरण पूरे सम्राट पूरे उदय राज, पूरे अंबेडकर करने तथा चक्रवर्ती सम्राट अशोक मौर्य के नाम पर प्रवेश द्वार बनवाने का प्रस्ताव रखा। सदस्य नवी बख्श ने सदस्यों के मानदेय के नियमित भुगतान का प्रस्ताव रखा। ग्राम पंचायत अधिकारी नागेश कुमार ने उपस्थित जन समुदाय को जानकारी दी कि 10 दिन के अंदर जन्म मृत्यु की सूचना ग्राम पंचायत कार्यालय में उपलब्ध कराना जरूरी है। परिवार रजिस्टर का अद्यतन नवीनीकरण कर दिया गया है। भूमि प्रबंधन समिति की खुली बैठक में कृषि भूमि करीब 39 किसानों और आवासीय पट्टे के लिए 102 ग्रामीणों के नाम का प्रस्ताव भी पारित किया बैठक में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत अधिकारी नागेश कुमार, लेखपाल संदीप त्रिपाठी, पंचायत सहायक ममता, मनरेगा रोजगार सहायक अशोक कुमार मौर्य, डाक्टर श्याम सुन्दर तिवारी, मंसाराम मौर्य, मोहम्मद यूनुस खान आदि लोग मौजूद रहे।

## तेज तूफान ने मचाई तबाही



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, अमावां, रायबरेली।** सोमवार की शाम आए तेज तूफान ने विकास क्षेत्र के एक गांव में जमकर तबाही मचाई तूफान की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि गांव के आधा दर्जन घरों पर रखे टीन सेड व सीमेंट की चादरें हवा के साथ उड़ गई और गिरकर चूर-चूर हो गई।

सोमवार की शाम 3.30 बजे आए जोरदार तूफान ने क्षेत्र के पूरे बृजवासी मजरे कोड़ रस बुजुर्ग गांव में जमकर तबाही मचाई गांव निवासी जसवंत ने बताया करीब एक बीघा चौड़ाई में आया तूफान इतनी जोरदार था की गांव के बृजेश पुत्र रामनारायण, भोले शंकर पुत्र ललई, शिवकुमार पुत्र हरीनाथ, शिव वरदान पुत्र महादेव, राजेश पुत्र शिव शरण के अलावा राजरानी पत्नी राम बसंत के घरों पर रखे तीन सेट हवा के साथ उड़ गए और टूट कर चकनाचूर हो गए। जसवंत ने बताया राजरानी के घर पर टीन की चादर रखी थी जो एक साथ पूरा टीन का छप्पर उड़ गया। जबकि सीमेंट की चादरें हवा के साथ ही उड़ती चली गई। जसवंत ने बताया करीब 15 मिनट तक चले तूफान के एक झोंके ने गांव का जीवन अस्त.व्यस्त कर दिया। लोग अपने.अपने टीन सेड दुरुस्त करने में जुट गए। उन्होंने बताया की तूफान की रफ्तार को देखते ही ग्रामीण घरों में कैद हो गए जिससे बड़ा हादसा टल गया और गनीमत रही की कोई चोटिल नहीं हुआ।

## जिला स्वच्छता समिति संग जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण मैनेजमेंट कमेटी की बैठक सम्पन्न



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** जिला स्वच्छता समिति एवं जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण मैनेजमेंट कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के तहत हुए कार्यो की समीक्षा की गई। मंडलायुक्त रोशन जैकब के निर्देश पर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने सख्त निर्देश दिए कि रेट्रो फिटिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए। डीपीआरओ सौम्य शील सिंह ने बताया कि इसके लिए सभी एडीओ पंचायत को दिशा निर्देश जारी किए गए थे जिससे पूरे प्रदेश में जनपद की रैंकिंग रिट्रोफिटिंग में दूसरी हो गई है। बैठक का मुख्य एजेंडा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु चयनित मॉडल ग्रामों की प्रगति, व्यक्तिगत शौचालय हेतु प्राप्त आवेदन, वित्तीय वर्ष 2024.25 में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की प्रगति, वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 23-24 के रिसोर्स रिकवरी सेंटर के संचालन की स्थिति, सीएससी संचालन की समीक्षा, सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा आदि रहा। ठोस एवं तरंग प्रबंधन किये जा रहे कार्यो की प्रगति जानते हुए प्रबंधन में नवाचार को अपनाने का निर्देश दिया। डीएम ने प्राप्त धन राशि के सापेक्ष कार्य मे प्रगति लाने का निर्देश सभी एडीओ पंचायतो को दिया।

उन्होंने ने कहा कि व्यक्तिगत शौचालय आवेदन में हुई कार्यवाही समय से पूरी कराई जाए। उन्होंने ने डीपीआरओ को निर्देशित किया कि सभी एडीओ पंचायत के कार्यों का सत्यापन जिला स्तरीय अधिकारियों से कराया जाए। इनकी मोनिटरिंग भी की जाए। सीएचसी संचालन में ध्यान दिया जाए। डीएम ने सीएम डैशबोर्ड की प्रगति जानते हुए रैंकिंग सुधारने के निर्देश दिए। सभी एडीओ पंचायत को निर्देश दिया कि ई-ग्राम स्वराज प्रणाली को बढ़ावा दिया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, एसीएमओ डॉ अशोक, पीडी सतीश प्रताप मिश्रा, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, स्वच्छ भारत मिशन सदस्य राघवेंद्र सिंह सहित सभी एडीओ पंचायत उपस्थित रहे।

## दरोगा पर लगा रिश्वत लेने का आरोप

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** जिले के सतरिख थाना क्षेत्र की लखइचा चौकी के दरोगा विनोद कुमार तिवारी पर रिश्वत लेने का आरोप सामने आया है। हांसेमऊ गांव के एक घरेलू विवाद में दरोगा तिवारी ने एक पक्ष की एफआईआर तुरंत दर्ज की। दूसरे पक्ष की बात तक नहीं सुनी।उमेश वर्मा नाम के व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर में उनके स्कूली बच्चों को भी आरोपी बनाया गया। परिवार का कहना है कि बच्चे घटना के समय मौके पर मौजूद भी नहीं थे। जब उमेश ने बच्चों के नाम हटाने की विनती की, तो दरोगा ने 4000 रुपए की मांग की।उमेश ने पैसे दे दिए, लेकिन इसके बाद दरोगा ने और पैसों की मांग की। उन्होंने उमेश को सफेदाबाद बुलाकर कहा कि ऊपर तक पैसे देने पड़ते हैं। दरोगा की यह पैसे मांगने वाली ऑडियो रिकॉर्डिंग अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।मामला सामने आने के बाद स्थानीय प्रशासन और पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है।

# पुलिस ने की परम्परागत रूप से बकरीद पर्व मनाने की अपील



**स्वतंत्र भारत, जैदपुर बाराबंकी।** मसौली थाना प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह की अध्यक्षता में आज कस्बा शाहबपुर मे बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई जिसमे मे पुलिस ने परम्परागत रूप से पर्व मनाने की अपील की वही जनप्रतिनिधियों ने पुलिस को सहयोग का आश्वासन दिया।बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने कहा कि हमारी प्राथमिकता शांति, सद्भाव और एक दूसरे के प्रति विश्वास बनाए रखना है। ये समर्पण का पर्व है और हम सभी को अपने जिम्मेदारी का निर्वहन सामाजिक संदर्भ में करने के लिए सतत् प्रयास करना चाहिए प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने कहा कि कुर्बानी के समय कोई वीडियो न बनाया जाय और न वाट्सअप फेसबुक पर डाला जाय ऐसी हरकत करने वालो पर पुलिस की कड़ी नजर है उन्होंने कुर्बानी के बाद के उतिष्ठ सामग्री को व्यवस्थित ढंग से निष्पादित करने का निर्देश मुस्लिम समाज को दिया ताकि उसके आड़ में असामाजिक तत्व कोई फायदा न उठा न सके साथ ही किसी भी प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी नहीं देने की सख्त हिदायत दी और ऐसा करने वाले के खिलाफ सख्त करवाई करने की बात कही। बैठक मे उपस्थित जनप्रतिनिधियों एव बुद्धजीवियों ने पुलिस का हरसम्भव सहयोग का आश्वासन दिया।इस मौके पर अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक सनत मिश्रा,, वरिष्ठ उपनिरीक्षक शमशाद अली उप निरीक्षक उमेश प्रसाद,ग्राम प्रधान, हाजी अनीस अफजाल अंसारी, मोलाना इमरान नदवी, मोलाना शादाब ,हाजी ऐजाज़ बदरुद्दुजा अंसारी, हबीबुर्रहमान, अफ़रोज़ नेता,हमजा, मो0 सालिम अंसारी, उसमान समानी,इस्तिखार अंसारी,हाफ़िज़ सलाहुद्दीन,हाजी इब्राहीम,शकील, जुनैद ,रिहान, जयप्रकाश सोनी, राजेन्द्र गौतम रामसरन आदि लोग मौजूद रहे।

## पंपिंग सेट पर पानी पीने गई महिला की मौत

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** जिले के सिरौलीगौसपुर थाना कोतवाली बदोसरांय क्षेत्र में एक महिला की मौत हो गई। ग्राम सेवरहा मजरे मुड़यिडीह की रहने वाली 38 वर्षीय रुपरानी शाम करीब 5 बजे पंपिंग सेट पर पानी पीने गई थी।पानी पीते समय रुपरानी की साड़ी इंजन में फंस गई। मृतका के भाई लक्ष्मण खेत में काम कर रहे थे। उन्होंने साड़ी को काटकर बहन को निकाला। परिजन तुरंत रुपरानी को संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर ले गए।चिकित्सालय की इमरजेंसी में मौजूद डॉक्टर ने रुपरानी को मृत घोषित कर दिया। मृतका के तीन पुत्र हैं। उनके पति गुड्डू कानपुर में भट्ठे पर काम करते हैं। परिजनों ने उन्हें घटना की सूचना दे दी है।कोतवाली बदोसरांय पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिजनों ने पोस्टमार्टम नहीं कराने की इच्छा जताई है।

# अवैध खनन में लगे तीन ट्रैक्टर हुए सीज



**स्वतंत्र भारत, जैदपुर बाराबंकी।** मसौली थाना क्षेत्र अंतर्गत भयारा मार्ग पर नैनामऊ मोड़ के निकट ट्रैक्टर और ढोलू करहा से पिछले कई दिनों से मिट्टी खनन किया जा रहा था। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंचे खनन अधिकारी बाराबंकी द्वारा मौके पर तीन ट्रैक्टर ढोलू करहा सहित मिट्टी खनन में संलिप्त पाए गए। खनन अधिकारी द्वारा तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करते हुए तीनों ट्रैक्टर को मसौली थाने के सुपुर्द कर दिया। वहीं इस संबंध में जिला खनन अधिकारी ने बताया कि बीते कई दिनों से अवैध खनन की सूचना मिल रही थी। सूचना पर मौके पर छापेमारी की गई इस दौरान मौके पर तीन ट्रैक्टर ढोलू करहा मिट्टी खनन में संलिप्त पाए गए। आवश्यक विधिक कार्यवाही कर तीनों ट्रैक्टर ढोलू करहा को निकटतम थाना मसौली में खड़ा करवा दिया गया है।आगे भी मिट्टी खनन में संलिप्त माफियाओं पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। वहीं इस कार्यवाही से क्षेत्रीय खनन ठेकेदारों में हड़कंप मचा हुआ है।

## विद्युत पोल से टकराई बाईक

**स्वतंत्र भारत, जैदपुर बाराबंकी।** कहते है कि दुर्घटना से देर भली आज ऐसी ही एक घटना बांसा चौराहे पर उस समय घटी जब एक बाईक सवार तेजी के कारण विद्युत पोल से टकरा कर सीधे अस्पताल पहुंच गया जिसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। बताते चले कि सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पलहरी निवासी 32 वर्षीय रंजीत वर्मा किसी कार्य से मसौली आये हुए थी दोपहर करीब 1 बजे घर वापसी के दौरान तेजगति होने के कारण असुंतलित होकर सड़क के किनारे लगे विद्युत खम्भे से लड़ गया जिससे बाईक सवार रंजीत वर्मा बुरी तरह जख्मी हो गया जिसे आनन फानन मे सीएचसी बड़ागांव लाये जहा प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है जिसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

## खबर एक नजर

### नगदी एवं जेवरों की चोरी

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी।**पिछले दरवाजे से घर में घुसे अज्ञात चोर 15000 की नकदी सहित लाखों रुपए के जेवर चुराकर चंपत हो गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की गुहार लगाई है।थाना क्षेत्र के सरैया गांव निवासी रणवीर वर्मा पुत्र रामजस वर्मा ने पुलिस को दी गई थी तहरीर में बताया कि बीती रात जब वह अपने परिवार के साथ सो रहा था की तभी सक्रिय अज्ञात चोर घर के पीछे लगे वेंटिलेशन की सरिया काटकर कमरे में दाखिल हो गये। सरिया काटने में चोरों ने घर में ही रखी सीढ़ी का इस्तेमाल किया। कमरे में लगे पिछले दरवाजे को अंदर से खोलकर घर में प्रवेश हुए चोरों ने गहरी नींद में कमरो में सोए कुछ सदस्यों को उनके कमरों में ही बाहर से बन्द कर दिया। जिसके बाद चोरों ने कमरे में रखे कई लाख रूपये कीमत के जेवरातो में शामिल सोने का हार, सोने की जंजीर, एक जोड़ी सोने के कंगन, एक मंगल सूत्र, एक जोड़ी पायल, पाँच जोड़ी चाँदी की बिछिया, एक जोड़ी सोने का झाला व लगभग 15 हजार की नगदी चोरी कर चम्पत हो गए। घटना के समय परिवार के अन्य सदस्यों में शामिल रणवीर वर्मा, सारिका पटेल, अक्षत, आकृति व राज वर्मा, खुशबू वर्मा छत के ऊपर सो रहे थे। सुबह लगभग 3 बजे जब बूँदा बाँदी शुरू हुई, छत पर सो रहे लोग नीचे आये तब घटना का पता चल सका।

### कार चालक ने यात्री पर किया हमला , रिपोर्ट दर्ज

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी।** यात्रा के दौरान कार चालक द्वारा किए गए हमले में घायल युवक ने कोतवाली में तहरीर देकर चाकू से हमला करने वाले कार चालक के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके मामले की छानबीन शुरू कर दी है।पड़ोसी जनपद अमेठी के थाना कमरौली अंतर्गत पलिया पश्चिम गाँव निवासी विशाल तिवारी पुत्र स्वर्गीय नीरज तिवारी ने दर्ज कराए गए मुकदमे में बताया कि वह व्यक्तिगत काम से लखनऊ गया था और 31 मई की रात्रि लखनऊ से वापस अपने घर आ रहा था रात्रि लगभग 10:30 बजे अहमामऊ से वैगन आर कार पर भेल जगदीशपुर के लिए सवार हो गया । ड्राइवर ने पूछने पर अपना नाम मोहम्मद आदिल पुत्र स्वर्गीय इम्तियाज निवासी अमहर जिला सुल्तानपुर बताया। सफर के दौरान हुई बातचीत के दौरान पता लगा कि चालक नशे की हालत में है। पीड़ित ने बताया कि हैदरगढ़ से 4 किलोमीटर आगे गोसपुर गांव के निकट पहुंचा तो ड्राइवर रांग साइड में कार चलाने लगा । इसका विरोध करने पर गालियां देने लगा। चालक ने चौबिसी में सीएनजी डलवाई और खड़ा हो गया। चलने के लिए कहने पर पुनः गालिया देने और विरोध करने पर थप्पड़ मार दिया । यही नहीं और विरोध करने पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया जिससे उसके दाहिने हाथ की कलाई कट गई। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपी ने अपने को वकील का ड्राइवर होने की बात कहते हुए जान से मारने की धमकी भी दी है।

### मोबाइल व सिम व्यापारियों की बैठक संपन्न

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** कोतवाली हैदरगढ़ में सोमवार को मोबाइल व्यापारियों और सिम डिस्ट्रीब्यूटरों की बैठक गयीं। जिसमें कोतवाल अजय प्रकाश त्रिपाठी ने सभी व्यापारियों की समस्यायें सुनी। सिम बेचने वालों और मोबाइल का लॉक तोड़ने वालो को वैधानिक तरीके से काम करने की सलाह दी। व्यापारियों में प्रमुख रूप से मूवीमैन मोबाइल शॉप, मोबाइल वर्ल्ड, दीपू मोबाइल शॉप, बेस्ट डील पॉइंट,प्रहलाद मोबाइल शॉप, वैष्णवी मोबाइल शॉप, रवि मोबाइल शॉप, वी आई , जिओ और एयरटेल के डिस्ट्रीब्यूटर मौजूद रहे

### चोरी के सामान के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** थाना सतरिख पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना का अनावरण करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से चोरी के 14 कीपैड मोबाइल, एक एंड्राइड मोबाइल फोन, 20 ब्लूटूथ डिवाइस, 28 डिस्प्ले रिपेयरिंग कॉम्बो फोल्डर, 200 टेम्पर्ड ग्लास व घटना में प्रयुक्त एक सब्बल बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में जनपद में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सतरिख पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेन्स के आधार पर आज अभियुक्त सचिन कुमार यादव पुत्र प्रदीप कुमार निवासी मनेरा थाना सतरिख जनपद बाराबंकी को जफरपुर मोड़ सतरिख से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी के सामान 14 कीपैड मोबाइल फोन, एक एंड्राइड मोबाइल फोन (रेडमी), 20 ब्लूटूथ (नेकबैंड व एयरपॉड), 28 डिस्प्ले रिपेयरिंग कॉम्बो फोल्डर, 200 टेम्पर्ड ग्लास व घटना में प्रयुक्त एक सब्बल बरामद किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक अदद अवैध चाकू बरामद कर मु0अ0सं0 264/2025 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। पूछताछ एवं जांच से ज्ञात हुआ कि अभियुक्त द्वारा करीब एक सप्ताह पूर्व थाना सतरिख क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कमरपुर सरैया स्थित मोबाइल की दुकान से मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस, मोबाइल ग्लास टेम्पर्ड व अन्य सामान चोरी किया गया था, जिस संबंध में मु0अ0सं0 246/2025 धारा 305(ए)/317(2) बीएनएस पंजीकृत है।

### 695 पदों पर की जा रही हैं नियुक्तियां

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** जनपद के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में कुल 695 पदों पर नियुक्तियां की जा रही हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आज पहले दिन विभिन्न विषयों के 310 उम्मीदवारों की काउंसलिंग हुई। कल गैर-शैक्षणिक स्टाफ के 385 उम्मीदवारों की काउंसलिंग होगी।काउंसलिंग प्रक्रिया के लिए अलग-अलग विषयों के लिए अलग-अलग टेबल लगाई गई। प्रत्येक टेबल पर एक खंड शिक्षा अधिकारी और दो स्टाफ सदस्य शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की जांच कर रहे हैं।विद्यालयों में पूर्णकालिक शिक्षिका, अंशकालिक शिक्षिका और लेखाकार के पदों के साथ चपरासी, चौकीदार, मुख्य रसोइया और सहायक रसोइया के पद भी भरे जाएंगे। इन सभी पदों के लिए पहले विज्ञापन जारी किया गया था।बीओ बड़ेल चंद्रशेखर यादव के अनुसार, मेरिट के आधार पर प्रत्येक पद के लिए छह आवेदकों को काउंसलिंग के लिए बुलाया गया है। आवेदन पत्रों की जांच पहले ही एक समिति द्वारा की जा चुकी है।

## शस्त्र अनुज्ञा पत्र निरस्त

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** पुलिस/प्रशासन द्वारा एक लाइसेंसी बन्दूक का आयुध अधिनियम की धारा 17(3) के तहत शस्त्र अनुज्ञा पत्र निरस्त कराया गया।पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में बाराबंकी पुलिस द्वारा लाइसेंसी बन्दूक का दुरूपयोग करने/ लाइसेंसी द्वारा लाइसेंस के नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आयुध अधिनियम की धाराओं में जिलाधिकारी बाराबंकी को आख्या प्रेषित कर शस्त्र अनुज्ञा पत्र निरस्त कराने की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में लाइसेंसी बन्दूक का दुरुपयोग करने/ लाइसेंसी द्वारा लाइसेंस के नियमों का उल्लंघन करने के सम्बन्ध में थाना रामनगर पर अभियुक्त हरिओम पुत्र मंशाराम निवासी गौराचक थाना रामनगर जनपद बाराबंकी के विरूद्ध पंजीकृत मु0अ0सं0 549/2023 धारा 302/504/506 भादवि से सम्बन्धित एक अदद लाइसेंसी बन्दूक को चिन्हित कर श्रीमान जिला मजिस्ट्रेट बाराबंकी को आख्या प्रेषित की गई जिसके आधार पर श्रीमान जिला मजिस्ट्रेट बाराबंकी द्वारा शस्त्र अनुज्ञा पत्र निरस्त करने का आदेश पारित किया गया।

# डीएम व एसपी की पीस कमेटी के साथ बैठक सम्पन्न



**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में आगामी ईद-उल-अजहा (बकरीद) व शनिवार को आयोजित होने वाले भंडारों को लेकर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, प्रशिक्षु आईएएस तेजस के., सभी एसडीएम व जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ शांति समिति बैठक की। जिसमें जनपद से विभिन्न समुदायों के संभ्रांत नागरिक, धर्मगुरु, जनप्रतिनिधि व समाजसेवी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सबसे पहले बधाई देते हुए बैठक में भाग लेने वाले संभ्रांत नागरिकों, धर्मगुरुओं से सुरक्षा संबंधी सुझावों के आदान-प्रदान करने को कहा। साथ ही सभी से एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करने की अपील की। बैठक में अपर जिलाधिकारी श्री अरुण कुमार सिंह ने कहा है कि खुले व सार्वजनिक स्थल पर कुर्बानी नहीं दी जाएगी। साथ ही प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी ना करें। सड़क पर नमाज अदा न करें। साथ ही कोई भी नई परंपरा प्रारंभ नहीं होने दी जाएगी। अपर पुलिस अधीक्षक विकास चन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि कुर्बानी के फोटो व वीडियो न बनाये जाए और न ही उनको सोशल मीडिया पर शेयर/अपलोड किया जाए। कोई नई परम्परा न डाली जाए। यातायात न बाधित हो, सड़क पर नमाज न पड़ी जाए। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अवधेश कुमार यादव ने स्वास्थ्य सम्बंधित समस्याओं के विषय में जानकारी दी और कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जिला अस्पताल सहित सीएचसी पीएचसी पर चिकित्सकों से जरूरी परामर्श लें।पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने कहा कि सभी को जागरूक करें कोई नई परम्परा न डाली जाए। कुर्बानी से सम्बंधित फोटो वीडियो न अपलोड की जाए। अफवाहों को पुलिस प्रशासन से वेरिफाई कर ले, उन्हें शेयर न करें। सब लोग शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार को सम्पन्न कराने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। कुर्बानी के बाद अवशेषों को नगर पंचायत की गाड़ियों में निर्धारित स्थान पर गड्ढों में ही दबाएं। पुलिस अधीक्षक श्री अर्पित विजयवर्गीय ने कहा कि अगर कोई असामाजिक तत्व सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने का प्रयास करता है या फिर किसी भी प्रकार की आपराधिक अवांछित गतिविधि करता दिखाई देता है तो इसकी सूचना तत्काल संबंधित थाने की पुलिस को दे, ताकि उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके। किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें, बल्कि अफवाह की पुष्टि अधिकारियों से करें। सौहार्दपूर्ण वातावरण का माहौल बनाए रखने में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें। इसके साथ ही डीएम व एसपी ने सभी से अपील की है कि इंटरनेट मीडिया पर ऐसे कमेंट या पोस्ट न करें, जिससे किसी की धार्मिक भावनाएं आहत हो। किसी भी प्रकार की भड़काऊ, गलत व अशोभनीय पोस्ट शेयर न करें। बैठक में प्रशिक्षु तेजस के., अपर पुलिस अधीक्षक विकास चन्द्र त्रिपाठी, सभी एसडीएम, ईओ नगर पालिका, सभी नगर पंचायतों के ईओ, अधीक्षण अभियंता विद्युत, एक्सईएन जलनिगम, सहित जनपद के पीस कमेटी के सम्मानितजन, संभ्रांत नागरिक, धर्मगुरु व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## त्योहार मनाने में ना आने पाए किसी प्रकार की समस्या :डीएम

जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने कहा देवा महादेवा की पावन धरती पर आयोजित सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक में आये हुए सभी सम्भ्रांतजनों को मैं हार्दिक धन्यवाद देता हूँ। सभी लोग पीस कमेटी की बैठक के सन्देश को आगे बढ़ाए। जनपद स्तरीय अधिकारी समय से सभी तैयारियां पूरी कर लें। विद्युत आपूर्ति, जलापूर्ति और साफ-सफाई के इंतजाम सुनिश्चित कर लें। रास्ते में आवारा पशु न दिखाई दे। किसी प्रकार की कोई दिक्कत त्योहार मनाने में ना आने पाए, जिलाधिकारी ने कहा कि प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी ना होने पाए। फोटो, वीडियो और रील आदि सोशल मीडिया पर किसी भी दशा में कोई शेयर/अपलोड ना करे, रास्तों पर नमाज ना पढ़ी जाये और यातायात बाधित ना होने पाए।

# रेलवे ट्रैक के किनारे मिला युवक का शव

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** जनपद में रेलवे ट्रैक के किनारे एक युवक का क्षत-विक्षत शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। शौच के लिए गए लोगों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।यह पूरा मामला फतेहपुर थाना क्षेत्र के असोहना गांव का है। यहां सोमवार की सुबह में शौच के लिए गए ग्रामीणों को सीतापुर-बुढ़वल रेलवे ट्रैक के किनारे युवक का शव दिखते ही पैरों तले जमीन खिसक गए। इसकी जानकारी क्षेत्र में फैलते ही हड़कंप मच गया।पुलिस की ओर से किए गए छानबीन में मृतक की जेब से आधार कार्ड मिला। आधार कार्ड के जरिए युवक की पहचान 22 वर्षीय सोनू कुमार पुत्र शंभू महतो के रूप में हुई है। मृतक बिहार के पश्चिमी चंपारण जिला के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के जगीराहा अमवा बाजार गांव के अहवर शेख टोला का निवासी है।शव की स्थिति देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह कई दिन पुराना है। वहीं, उपनिरीक्षक विपिन कुमार ने प्रारंभिक जांच के बाद बताया कि युवक की मौत ट्रेन से गिरने के कारण हुई होगी। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले में आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

## सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से खोए मोबाइल सुपुर्द किए गए

**स्वतंत्र भारत,** थाना टिकैतनगर पुलिस द्वारा आवेदकगण धनंजय यादव पुत्र स्व0 धनीराम यादव निवासी ग्राम जासमऊ थाना टिकैतनगर जनपद बाराबंकी, सर्वेश कुमार तिवारी पुत्र श्री सुरेश कुमार तिवारी निवासी कस्बा व थाना टिकैतनगर जनपद बाराबंकी, मो0 सलमान सिद्दीकी पुत्र पुत्तू निवासी मोहल्ला शेखाना कस्बा इचौली थाना टिकैतनगर जनपद बाराबंकी, देवेन्द्र प्रताप पुत्र सालिक राम निवासी ग्राम अजईमऊ थाना टिकैतनगर जनपद बाराबंकी व विनय कुमार गुप्ता पुत्र रज्जन बाबू गुप्ता निवासी बाग महानरायन चौक लखनऊ द्वारा अपने मोबाइल फोन के गुम हो जाने के सम्बंध में सीईआईआर (सेन्ट्रल इक्विपमेन्ट आइडेन्टिटी रजिस्टर) पोर्टल पर शिकायत दर्ज करायी गयी थी। उक्त शिकायत पर कार्यवाही करते हुए थाना टिकैतनगर पुलिस द्वारा आज पांच मोबाइल फोन को बरामद कर आवेदकगण को सुपुर्द किया गया।

# डीएम ने की ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** जनपद में आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल, समावेशी और पर्यावरण के अनुकूल आयोजन हेतु जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने आज कलेक्ट्रेट के लोकसभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में सभी विभागों को उनके दायित्व स्पष्ट करते हुए जिलाधिकारी ने आयोजन को भव्य, सुव्यवस्थित बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम नहीं, बल्कि यह प्रकृति से जुड़ाव और जीवन में संतुलन लाने की भारतीय परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि 15 जून से 21 जून तक योग सप्ताह का आयोजन किया जाएगा जिसमें गांव-गांव, स्कूलों, कॉलेजों, सार्वजनिक स्थलों और कार्यालयों में योग प्रशिक्षण शिविर, अभ्यास सत्र और पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे, 21 जून की सुबह जीआईसी ऑडिटोरियम में मुख्य आयोजन होगा, जिसमें जनप्रतिनिधियों के साथ संगठनों, स्कूली छात्र-छात्राओं, अधिकारियों और नागरिकों की सहभागिता रहेगी। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि योग दिवस को जनआंदोलन के रूप में विकसित करने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से जनजागरूकता बढ़ाई जाए। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों और युवाओं को इस अभियान से जोड़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अ0 सुदन, अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह, जॉइंट मजिस्ट्रेट तेजस के0, उपजिलाधिकारी नवाबगंज आनन्द कुमार तिवारी, जिला आयुष अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# शार्ट सर्किट के चलते लगी आग



**स्वतंत्र भारत, जैदपुर बाराबंकी।** सोमवार की भोर लगभग तीन बजे सफदरगंज थाने के पीछे शार्ट सर्किट से लगी आग से दो बाईक सहित घरेलू सामान जलकर राख हो गया।सफदरगंज थाना मुख्यालय के पीछे स्थित नहरगंज नईबस्ती निवासी मो0 इसराइल पुत्र आशिक अली के घर लगे विद्युत मीटर मे शार्ट सर्किट चलते लगी आग से मो0 इसराइल की एच आप डिलक्स बाईक नम्बर यूपी 41 बी एफ 8290 मो0 आवेश पुत्र आशिक अली यूपी 41 बी के 8705 प्लास्टिक की पानी टंकी दहेज मे मिली कुर्सीया जलकर खाक हो गयी सूचना पर पहुंचे हलका लेखपाल एव ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अजय वर्मा ने नुकसान हुए सामान का आकलन किया।

# वरिष्ठ अधिवक्ता व पूर्व जिला बार अध्यक्ष की मनाई गई पुण्यतिथि




**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** सरदार बेन्त सिंह के जीवन एवं कार्यशैली से प्रेरणा लेकर कम समय में अधिक व अच्छा कार्य करना चाहिए। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ के न्यायमूर्ति राजीव सिंह ने उक्त बात जिला बार एसोसिएशन, बाराबंकी के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय सरदार बेन्त सिंह की 16वीं पुण्यतिथि के अवसर पर स्मृति दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अपना उदबोधन देते वक्त कही। न्यायमूर्ति श्री सिंह ने सरदार बेन्त सिंह के जीवन से अधिवक्तागण से तैयारी सहित पर युवा अधिवक्ताओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय सरदार बेन्त सिंह का जीवन चरित्र मौजूदा पीढ़ी के लिए प्रकाश मार्ग की भाँति है। न्यायमूर्ति ने स्व0 सरदार बेंत सिंह के दोनों अधिवक्ता पुत्रों सरदार आलोक सिंह एवं राजा सिंह को गुणवान पुत्र बताया और कहा कि पुत्र पिता के धर्मा की कहावत यहाँ चरितार्थ हो रही है।न्यायमूर्ति ने अधिवक्ताओं से कहा कि स्व0 बेंत सिंह ने अपने अध्यक्ष कार्यकाल में एक भी दिन हड़ताल नही होने दी थी, न्यायिक सिस्टम पूरी क्षमता से चलना चाहिए और हड़ताल से दूर रहना चाहिए।जनपद न्यायधीश श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव ने कहा स्व0 बेंत सिंह से नए अधिवक्ताओ को यह सीख लेनी चाहिए कि बोलने से साथ मौन रहना भी जरूरी होता है कहाँ क्या बोलना है, क्या नही बोलना है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती सुधा सिंह ने स्व0 सरदार बेंत सिंह को बहुआयामी प्रतिभा का धनी बताया और उनकी जीवन शैली से युवा पीढ़ी को सीख लेने की जरूरत बताई।उल्लेखनीय है कि स्व0 सरदार बेंत सिंह लखनऊ विश्वविद्यालय छात्रसंघ के महामंत्री तथा अध्यक्ष भी रहे। जिला बार एसोसिएशन बाराबंकी के लगभग 5 वर्षो तक अध्यक्ष रहे, इस दौरान उन्होंने अनावश्यक हड़ताल पर रोक लगा कर न्याय व्यवस्था सुचारू की।वरिष्ठ अधिवक्ता हुमायूँ नईम खान के।कुशल संचालन एवं जिला बार के अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा की अध्यक्षता की गई। स्व0 सरदार बेंत सिंह के पुत्रों सरदार आलोक सिंह एवं राजा सिंह द्वारा न्यायमूर्ति राजीव सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया गया। इस स्मृति दिवस कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्षगण मुचकुंद सिंह, जगत बहादुर सिंह, बृजेश दीक्षित, महेन्द्र प्रताप सिंह, हरीश अग्निहोत्री, प्रदीप सिंह, हिसाल बारी किदवई, पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्षगण दिलीप गुप्ता, मालिक अमीनुद्दीन, शंकर दयाल शर्मा, नरेश कुमार सिंह, अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष कौशल किशोर त्रिपाठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रितेश मिश्रा, महामंत्री रामराज यादव, पूर्व महामंत्री शाहीन अख्तर, सरदार अवतार सिंह, नरेन्द्र सिंह, खुशीराम यादव, संजय कुमार गुप्ता, रविंदर पाल सिंह, विजय प्रताप सिंह, दानिश सिद्दीकी, नवीन कुमार रस्तोगी, मनोज श्रीवास्तव हैप्पी, रमाकांत शुक्ला, पवन मिश्रा, हाईकोर्ट लखनऊ के अधिवक्तागण दिग्विजय सिंह, अभय कुमार सिंह, पी एन सिंह, फारुख अयूब, हेमंत, उत्कर्ष शुक्ला, प्रकाश शुक्ला, रोहित निगम, शावेज खान, मुस्त हसन जुबैर जिम्मी, सरवर हुसैन, अमित सिंह, सज्जवान किदवई, मो. आमिर, पंकज रावत, संदीप कुमार, रूबी सिंह सहित भारी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद थे।अंत मे स्व0 सरदार बेंत सिंह के पुत्रों सरदार आलोक सिंह एडवोकेट हाईकोर्ट एवं राजा सिंह एडवोकेट द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया।

## कैंपस प्लेसमेंट में 15 छात्र चयनित

**बाराबंकी।** जहांगीराबाद एजुकेशनल ट्रस्ट ग्रुप ऑ? इंस्टीट्यूशन में कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन हुआ। जिसमे लुमक्स इंडस्ट्री हरियाणा एवं वोल्टास बीको गुजरात ने आयोजन में भाग लिया। संस्थान के मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल के बी. टेक व डिप्लोमा इंजीनियरिंग के 15 छात्रों का चयन किया गया जिन्हे 2.00 लाख से 3.00 लाख वार्षिक का पैकेज प्रदान किया गया। इस अवसर पर चयनित छात्रों ने प्रसन्नचित और उत्साहित मुद्रा में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अफसर और शिक्षकण को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके अथक प्रयास की वजह से चयन हो सका। रजिस्ट्रार डॉ मसर्रत अली खान ने वोल्टास कंपनी के एचआर पाटिल डिगना, कौशिक वाघेला एवं लुमक्स कंपनी के एच.आर शक्ति और कुसुम का छात्रों के चयन करने पर धन्यवाद किया। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अफसर नियाज अहमद अंसारी ने प्रशासनिक अधिकारी अब्दुल नावेद, प्रिंसिपल इंजीनियरिंग डॉ फैजान आरिफ एवं उपस्थित सभी शिक्षकों का सहयोग के लिए आभार प्रकट किया।

# 18 साल का सूखा खत्म करने उतरेंगे बेंगलुरु और पंजाब

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और पंजाब किंग्स की टीम मंगलवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के फाइनल में आमने-सामने होंगी तो उनका लक्ष्य यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीतने का 18 साल का इंतजार खत्म करना होगा। सभी की निगाहें हालांकि हाल में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले विराट कोहली पर टिकी रहेंगी जो शुरू से आरसीबी से जुड़े होने के बावजूद अभी तक अपनी टीम को आईपीएल का चैंपियन नहीं बना पाए हैं। आरसीबी और कोहली का यह चौथा फाइनल होगा। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले फाइनल मुकाबले में कोहली का समर्थन करने के लिए 18 नंबर की जर्सी पहने हजारों प्रशंसक नजर आ सकते हैं। आरसीबी ने अपनी पिछली समस्याओं को पीछे छोड़कर इस बार शुरू से लेकर अंत तक अच्छा प्रदर्शन किया है। उसने पहले क्वालीफायर में पंजाब को आठ विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया और उनकी टीम अपने इसी प्रदर्शन को दोहराने के लिए प्रतिबद्ध होगी। कोहली (614 रन) ने हर साल की तरह इस बार भी अच्छा प्रदर्शन किया है। वह इस साल भी आरसीबी की बल्लेबाजी के मुख्य स्तंभ रहे। इस बार उन्हें अन्य खिलाड़ियों का भी अच्छा सहयोग मिला जिसने मुख्य अंतर पैदा किया। इस वर्ष कोहली अकेले ऐसे खिलाड़ी नहीं रहे हैं जिन पर सबका ध्यान केंद्रित रहा है, बल्कि उन्होंने चुपचाप आरसीबी को मजबूत करने का काम किया है। फिल साल्ट ने भारतीय सुपरस्टार का अच्छा साथ देकर आरसीबी को अच्छी शुरुआत दिलाई, जबकि मयंक अग्रवाल, कप्तान रजत पाटीदार और जितेश शर्मा बल्लेबाजी क्रम के भरोसेमंद खिलाड़ी हैं। टिम डेविड चोटिल होने के कारण आरसीबी के पिछले दो मैचों में नहीं खेल पाए इसलिए यह देखना बाकी है कि वह इस मुकाबले के लिए फिट हैं या नहीं। उन्होंने रोमारियो शेफर्ड के साथ मिलकर डेथ ओवरों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गेंदबाजी में शांत और धैर्यवान जोश हेजलवुड (21 विकेट) ने आरसीबी के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वह आईपीएल के वर्तमान सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में अभी चौथे स्थान पर है। मुल्लांपुर में अपने घरेलू मैदान पर पहले क्वालीफायर में आरसीबी से मिली करारी हार के बावजूद श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स की टीम ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ दूसरे क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन किया। उसने पांच बार की विजेता मुंबई इंडियंस को हराकर 11 वर्षों के बाद पहली बार फाइनल में प्रवेश किया। दस टीमों की अंक तालिका के दूसरे हाफ में लगातार शीर्ष पर रहने वाली पंजाब किंग्स ने कप्तान अय्यर और कोच रिकी पोंटिंग की देखरेख में महत्वपूर्ण प्रगति की है। अय्यर (603 रन) के नेतृत्व में पिछले साल कोलकाता नाइट राइडर्स चैंपियन बना था। इस तरह से लगातार दूसरी बार आईपीएल फाइनल में पहुंचना एक ऐसे नेतृत्वकर्ता के रूप में उनकी क्षमताओं के बारे में बहुत कुछ कहता है जो इस प्रारूप में किसी भी अन्य की तरह ही अपने खिलाड़ियों को अच्छी तरह से संगठित करता है। इसलिए यह आश्चर्य की बात नहीं है कि अय्यर टूर्नामेंट के 18 साल के इतिहास में एकमात्र क्रिकेटर हैं, जिन्होंने आईपीएल फाइनल में तीन अलग-अलग टीमों का नेतृत्व किया है, जिसमें दिल्ली कैपिटल्स तीसरी टीम है। प्रभसिमरन सिंह, जोश इंगलिस, प्रियांश आर्य और शशांक सिंह के रूप में अय्यर का साथ देने के लिए पंजाब किंग्स के पास अच्छे बल्लेबाज हैं, जिससे वह अपनी स्थिति को मजबूती से बनाए रख सकते हैं और विपक्षी खेमे पर आक्रामक हमले भी कर सकते हैं। मार्को यानसन के बिना पंजाब की गेंदबाजी थोड़ी कमजोर दिखी, लेकिन बल्लेबाजी के अनुकूल विकेट पर मुंबई इंडियंस को पूरी पारी में रोके रखने से पता चलता है कि उसका आक्रमण बहुत कमजोर नहीं है।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** रजत पाटीदार (कप्तान), विराट कोहली, फिल साल्ट (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, स्वास्तिक छिकारा, लियाम लिविंगस्टोन, क्रुणाल पंड्या, स्वप्निल सिंह, टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, मनोज भंडागे, जोश हेजलवुड, रसिख सलाम डार, सुयश शर्मा, भुवनेश्वर कुमार, नुवान तुषारा, लुंगी एनगिडी, अभिनंदन सिंह, मोहित राठी, यश दयाल.
**पंजाब किंग्स:** श्रेयस अय्यर (कप्तान), नेहल वढेरा, विष्णु विनोद (विकेटकीपर), जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), हरनूर पन्नू, पाइला अविनाश, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, हरप्रीत बराड़, अजमतुल्लाह उमरजई, प्रियांश आर्य, आरोन हार्डी, मुशीर खान, सूर्यांश शेडगे, मिच ओवेन, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल, विशाल विजयकुमार, यश ठाकुर, कुलदीप सेन, जेवियर बार्टलेट, प्रवीण दुबे, काइल जैमीसन।
**मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे शुरू होगा।**



## सर्वश्रेष्ठ पारी के बाद बोले श्रेयस, काम अभी अधूरा है

कप्तान श्रेयस अय्यर के लिये काम अभी अधूरा है क्योंकि उनकी नजरें नयी टीम पंजाब किंग्स के साथ लगातार दूसरा आईपीएल खिताब जीतने पर लगी है । पिछले साल कोलकाता नाइट राइडर्स को अपनी कप्तानी में खिताब दिलाने वाले अय्यर ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ रविवार को 41 गेंद में नाबाद 87 रन बनाकर 11 साल में पहली बार पंजाब किंग्स को फाइनल में पहुंचाया । पंजाब का सामना फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू से होगा । अय्यर ने आईपीएल के इस सत्र में करीब 176 की स्ट्राइक रेट से छह अर्धशतक समेत 16 पारियों में 603 रन बनाये हैं । अय्यर ने फाइनल से पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'' टीम के लिये मैच जीतना सबसे अच्छा अहसास है और दबाव के हालात में तो मैं इसे अपनी सर्वश्रेष्ठ पारी कहूंगा ।'' उन्होंने कहा ,'' मैं हालात के अनुरूप खेलने की कोशिश करता हूं और ज्यादा आगे की नहीं सोचता । अगर मैं लक्ष्य का पीछा कर रहा हूं तो जरूरी रनरेट देखता हूं और यह कि विकेट कैसा है और कौन से गेंदबाज आने हैं ।'' उन्होंने कहा ,''इसके आधार पर ही मैं रणनीति बनाता हूं और मैच को आखिर तक ले जाने की कोशिश करता हूं ।'' अय्यर ने कहा कि काम अभी आधा हुआ है लिहाजा रविवार को उनका जश्न मनाने का मन नहीं हुआ। उन्होंने कहा ,'' अभी काम पूरा नहीं हुआ है । हमें कल एक और मैच खेलना है । मैं यही सोच रहा हूं कि अभी काम अधूरा है । मुझे कल फिर खेलना है ।''

## आज मिलेगा आईपीएल ट्रॉफी को नया चैंपियन





## कोहली के लिए हमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा : पाटीदार

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार ने कहा कि विराट कोहली ने अपने सीनियर क्रिकेट करियर के 18 साल टीम को दिए हैं और वह बखूबी जानते हैं कि देश के महान क्रिकेटरों में शुमार इस स्टार बल्लेबाज के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का खिताब जीतना कितना मायने रखता है। आरसीबी ने इससे पहले 2009, 2011 और 2016 में तीन फाइनल खेले हैं जिसमें प्रत्येक में उसे हार का सामना करना पड़ा है। कोहली के शानदार प्रदर्शन के बावजूद टीम खिताब का सूखा खत्म नहीं कर पाई। सोमवार को पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर के साथ आईपीएल की पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान यह पूछे जाने पर कि क्या 'कोहली फैक्टर' हावी रहेगा तो पाटीदार ने कहा, ''बिलकुल। मुझे लगता है कि उन्होंने आरसीबी और अंतरराष्ट्रीय टीम को भी बहुत साल दिए हैं। हम फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। '' यह पूछने पर कि क्या सिर्फ एक ही खिलाड़ी पर ध्यान देना हताशाजनक है जबकि आरसीबी टूर्नामेंट की सबसे प्रभावशाली टीमों से एक है तो पाटीदार ने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि यह मेरे लिए निराशाजनक है। '' उन्होंने कहा, ''हम इस बात पर ध्यान नहीं दे रहे हैं कि हम फाइनल में हैं। हम अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलने की कोशिश करेंगे। मैं हमेशा चीजों को सरल रखना पसंद करता हूं। कोहली फैक्टर' निश्चित रूप से आरसीबी के लिए मजबूत पक्ष है जिसने हमेशा दर्शकों का समर्थन दिलाया है, भले ही टीम घरेलू मैदान से बाहर खेल रही हो और पाटीदार ने भी कहा कि इसकी बदौलत उन्हें महसूस होता है कि वे अपने घरेलू मैदान में ही खेल रहे हैं।

## बीसीसीआई '18 नंबर की जर्सी' को टेस्ट से 'रिटायर' करेगा?

**नई दिल्ली।** भारतीय टेस्ट टीम में निकट भविष्य में कोई भी खिलाड़ी दिग्गज विराट कोहली की 18 नंबर की जर्सी नहीं पहनेगा जो पिछले 14 साल से उनके पास रही है, हालांकि बंगाल के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार को कैंटरबरी में इंडिया ए और इंग्लैंड लायंस के बीच पहले अनौपचारिक 'टेस्ट' के दौरान 18 नंबर की जर्सी पहने देखा गया। हालांकि कोहली ने अभी भी वनडे से संन्यास नहीं लिया है जिसमें वह भारतीय टीम के लिए इस 18 नंबर की जर्सी में खेलते हुए देखेंगे। लेकिन यह माना जा रहा है कि जैसे सचिन तेंदुलकर (जर्सी नंबर 10) और महेंद्र सिंह धोनी (जर्सी नंबर 7) की जर्सी कोई नहीं पहनता, उसी तरह कोई भी नया खिलाड़ी 18 नंबर की जर्सी की जिम्मेदारी उठाना चाहेगा। मुकेश टेस्ट टीम का हिस्सा नहीं हैं और अगर उन्हें किसी खिलाड़ी की जगह चुना भी जाता है तो उनकी जर्सी का नंबर 49 होगा जो उन्होंने वेस्टइंडीज में अपने सीनियर टीम के पदार्पण के दौरान पहना था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सीनिययर अधिकारी ने पीटीआई को बताया, ''मुकेश ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहले 'टेस्ट' मैच में 18 नंबर की जर्सी पहनी थी। लेकिन भारत ए टीम में कोई निश्चित नंबर नहीं होता है क्योंकि जर्सी पर नाम नहीं होते हैं। कोई भी खिलाड़ी कोई भी 'रैंडम' नंबर चुन सकता है। जर्सी नंबर केवल अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए ही मान्य है। '' भारतीय टेस्ट टीम में दो नये सदस्य बी साई सुदर्शन और अर्शदीप सिंह शामिल हुए हैं लेकिन उन्हें जो जर्सी नंबर दिए गए हैं, वे अलग हैं।

भारतीय टीम में किसी विशेष जर्सी नंबर को आधिकारिक रूप से 'रिटायर' करने प्रथा नहीं है लेकिन कुछ मशहूर नंबर बाद में टीम में शामिल हुए खिलाड़ियों ने नहीं पहने हैं। एक दफा शार्दुल ठाकुर ने श्रीलंका में एक मैच में 10 नंबर की जर्सी पहनी थी लेकिन खेल प्रेमियों को यह गवारा नहीं हुआ और इस खिलाड़ी को अपना जर्सी नंबर बदलना पड़ा। जहां तक धोनी की बात है तो उनके अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद किसी ने भी सात नंबर की जर्सी नहीं बनी है।

### विराट कोहली के पब और रेस्तरां पर एफआईआर

क्रिकेटर विराट कोहली के सह-स्वामित्व वाले पब और रेस्तरां 'वन8 कम्यून' के प्रबंधक और कर्मचारियों के खिलाफ सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (कोटपा) का उल्लंघन करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। गश्त के दौरान मिली सूचना के आधार पर 29 मई को पुलिस की एक टीम ने कस्तूरबा रोड स्थित 'वन8 कम्यून' बार एवं रेस्तरां का निरीक्षण किया, जिसमें पाया गया कि पब के अंदर धूम्रपान के लिए कोई विशिष्ट क्षेत्र नहीं था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एक पुलिस अधिकारी की शिकायत के आधार पर, 'वन8 कम्यून' के प्रबंधक और कर्मचारियों के खिलाफ 31 मई को कोटपा की धारा 4 (सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान निषेध) और 21 (कुछ स्थानों पर धूम्रपान करने के लिए दंड) के तहत कानून का उल्लंघन करने के लिए क्यूबॉर्न पार्क थाने में मामला दर्ज किया गया है।

## इंग्लैंड लायंस और भारत ए के बीच मैच ड्रॉ रहा

**नई दिल्ली।** भारत ए और इंग्लैंड लायंस के बीच पहला अनौपचारिक टेस्ट मैच चौथे और अंतिम दिन ड्रॉ पर समाप्त हुआ। भारत ने करुण नायर के दोहरे शतक की मदद से पहली पारी में 557 रन बनाए थे, लेकिन टॉम हेन्स, डेन मोसले और मैक्स होल्डन के शतकों की मदद से इंग्लैंड लायंस ने पहली पारी में 587 रन बनाकर 30 रनों की बढ़त हासिल कर ली थी। दिन का खेल समाप्त होने तक भारत ने दूसरी पारी में दो विकेट पर 241 रन बनाए। इस मुकाबले की दोनों पारियों में भारतीय बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। दूसरी पारी में भारत के लिए शीर्ष क्रम के चारों बल्लेबाजों ने अर्धशतक लगाए। पहली पारी में सस्ते पर आउट हुए यशस्वी जायसवाल और कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन ने पहले विकेट के लिए 123 रन जोड़े। रेहान अहमद ने यशस्वी को आउट कर भारत ए को पहला झटका दिया जो 60 गेंदों पर आठ चौकों और दो छक्कों की मदद से 64 रन बनाकर आउट हुए। यशस्वी के आउट होने के कुछ देर बाद रेहान ने ईश्वरन को अपना शिकार बनाया जो 87 गेंदों पर आठ चौकों की मदद से 68 रन बनाकर पवेलियन लौटे। फिर विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल और नीतीश कुमार रेड्डी ने कमान संभाली और इंग्लैंड लायंस के गेंदबाजों को सफलता हासिल नहीं करने दी। ये दोनों बल्लेबाज भी अर्धशतक लगाने में सफल रहे। जुरेल 53 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 53 रन और नीतीश 47 गेंदों पर पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से 52 रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड लायंस के लिए दोनों विकेट रेहान अहमद ने लिए। इससे पहले, टॉम हेन्स, डेन मोसले और मैक्स होल्डन के शतकों की मदद से इंग्लैंड लायंस ने चौथे दिन पहली पारी में बढ़त हासिल की।

## राजीव शुक्ला बन सकते हैं बीसीसीआई के कार्यवाहक अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी का कार्यकाल इस साल जुलाई में समाप्त होने वाला है। विश्व कप विजेता ऑलराउंडर 70 वर्ष के हो जाएंगे। बीसीसीआई संविधान के अनुसार, 70 वर्ष की आयु तक पहुंचने के बाद कोई व्यक्ति पदाधिकारी नहीं रह जाता है। सूत्रों के अनुसार मौजूदा बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला सितंबर में होने वाली वार्षिक आम बैठक से पहले तीन महीने के लिए अंतरिम अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाल सकते हैं। एजीएम के दौरान, सांसद और पूर्व आईपीएल अध्यक्ष शुक्ला बीसीसीआई अध्यक्ष के रूप में पूर्ण कार्यकाल के लिए खड़े हो सकते हैं। शुक्ला वर्तमान में क्रिकेट बोर्ड के उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। राजीव शुक्ला इस प्रतिष्ठित पद के लिए किसी नए व्यक्ति के निर्वाचित होने तक अध्यक्ष के कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। बिन्नी को 2022 में बीसीसीआई अध्यक्ष के रूप में चुना गया था, क्योंकि उन्होंने सौरव गांगुली से पदभार संभाला था।

## क्लासेन ने क्रिकेट कहा अलविदा

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का फैसला लेकर सभी को चौंका दिया। 33 वर्षीय खिलाड़ी ने सोशल मीडिया पर अपने निर्णय की घोषणा की। उन्होंने बताया कि वह अपने परिवार पर ध्यान देना चाहते हैं। बता दें कि, क्लासेन ने पिछले साल टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। अब उन्होंने वनडे और टी20 को भी अलविदा कह दिया है। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर लिखा- यह मेरे लिए दुखद दिन है क्योंकि मैं घोषणा करता हूं कि मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर रहने का फैसला किया है। मुझे यह तय करने में बहुत समय लगा कि मेरे और मेरे परिवार के भविष्य के लिए क्या सबसे अच्छा है। यह वाकई बहुत कठिन फैसला था लेकिन मैं इस फैसले से पूरी तरह से संतुष्ट हूं। हेनरिक क्लासेन ने तीनों प्रारूपों में दक्षिण अफ्रीका का नेतृत्व किया। उन्होंने चार टेस्ट, 60 वनडे और 58 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले। इनमें उन्होंने क्रमश- 104, 2141 और 1000 रन बनाए। क्लासेन को आखिरी बार चैंपियंस ट्रॉफी में खेलते देखा गया था। इस दौरान उन्होंने सिर्फ दो मुकाबले खेले और 67 रन बनाए।

### मैक्सवेल ने वनडे से लिया संन्यास

ऑस्ट्रेलिया के स्टार ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने वनडे से संन्यास लेने की घोषणा की है। अब वह अपना ध्यान टी20ई पर केंद्रित करेंगे, विश्व कप 2026 में होना है। मैक्सवेल ने आखिरी बार आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में खेला था, जहां ऑस्ट्रेलिया सेमीफाइनल में हार गया था। उन्होंने 50 ओवर के प्रारूप में 149 मैच खेलने के बाद संन्यास ले लिया, जहां उन्होंने 33.81 की औसत से 3990 रन बनाए, जिसमें चार शतक और 23 अर्द्धशतक शामिल हैं। मैक्सवेल पार्ट-टाइम ऑफ स्पिनर के रूप में भी उपयोगी रहे। उन्होंने 77 विकेट लिए, जिनमें 4 बार पारी में चार विकेट शामिल हैं, जो टीम के लिए महत्वपूर्ण सफलताएं दिलाने की उनकी क्षमता का प्रमाण है।

## शेयर बाजार लाल निशान पर हुआ बंद, सेंसेक्स 77 अंक टूटा, निफ्टी 24750 से नीचे आया

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार सोमवार को लाल निशान पर बंद हुआ। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन निफ्टी और सेंकेक्स दोनों लाल निशान पर बंद हुए। जहां शुरुआती कारोबार में बाजार में भारी गिरावट दर्ज की गई हालांकि शाम को बाजार बंद होते-होते स्थिति थोड़ी संभली। सोमवार को जहां सेंसेक्स में 77 अंक की गिरावट दर्ज की गई वहीं, निफ्टी 34.10 अंक गिरकर बंद हुआ। वैश्विक व्यापार चिंताओं के बीच वैश्विक बाजारों में सुस्ती के रुझान के बाद बेंचमार्क इक्विटी सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। रूस- यूक्रेन संघर्ष, ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और विदेशी निवेशकों के बाहर जाने से घरेलू बाजार में थोड़ा असर दिखा। पूरे दिन घरेलू बाजार में उतार चढ़ाव की स्थिति देखने को मिली। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 77.26 अंक या 0.09 प्रतिशत गिरकर



81,373.75 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 224.55 अंक या 0.90 प्रतिशत गिरकर 24,526.15 पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 34.10 अंक या 0.14 प्रतिशत गिरकर 24,716.60 पर आ गया।

**फ्लिपकार्ट का शॉप्सी :** फ्लिपकार्ट का शॉप्सी,भारत का सबसे तेजी से बढ़ता किफायती ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म,अपनीएंड ऑफ सीजन सेल (ईओएसएस)शुरू करने जा रहा है। इसका मकसद खरीदारों को हर दिन के नए फैशन ट्रेंड्स और कम कीमतों वाले खास ऑफर्स की मदद से भीड़ से अलग दिखने में मदद करना है। यह सेल 30मई से 8जून तक चलेगी और भारत की सबसे बड़ी व बहुप्रतीक्षित एंड ऑफ सीजन सेल्स में से एक होगी,जिसमें विक्रेताओं की ओर से ग्राहकों को शानदार ऑफर्स दिए जाएंगे।

**एसएस25 कैंपेन :** बींग ह्युमन क्लोदिंग, जिसे दिल से फैशन ब्राण्ड के रूप में जाना जाता है, ने अपने एसएस25 कैंपेन का लॉन्च किया है, जो सजग जीवनशैली, वास्तविक कहानियों एवं बिंदास विकल्पों का जश्न है। फैशन को अधिक उद्देश्यपूर्ण बनाने के मिशन के साथ एसएस25 एक सजग कंपनी बनने की बींग ह्युमन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।बींग ह्युमन का नया कलेक्शन 100 फीसदी फेयरट्रेड, ओर्गेनिक एवं रीसायकल्ड कॉटन का संयोजन है, इसमें रीसायकल्ड पीईटी बोतलों से बनी डेनिम शामिल हैं। ये मटीरियल पर्यावरण के प्रति सजग फैशन और ज़िम्मेदाराना मैनुफैक्चरिंग के लिए ब्राण्ड की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।आर्यन अग्निहोत्री, एक्ज़क्टिव डायरेक्टर, बींग ह्युमन क्लोदिंग ने कहा, ''एसएस 25 फैशन को सजग बनाने के हमारे मिशन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

## सोना 330 रुपये गिरकर 98930 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा, चांदी एक लाख के पार

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में मजबूत मांग के बीच सोमवार को राजधानी दिल्ली में सोना 330 रुपये बढ़कर 98,930 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली पीली धातु शुक्रवार को 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 300 रुपये बढ़कर 98,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। पिछले बाजार सत्र में यह 98,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके अलावा, सोमवार को चांदी की कीमत 100 रुपये बढ़कर 1,00,100 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई।



**अमेज़न.इन :** अमेज़न.इन की होम शॉपिंग स्प्री के साथ अपने घर को इस गर्मी दें नया लुक! होम, किचन और आउटडोर प्रोडक्ट्स की विस्तृत रेंज पर पाएं बेहतरीन डील्स। रोबोटिक वैक्यूम, वॉटर प्यूरिफायर, कूलर, वॉटर बॉटल्स, स्विमिंग एक्सेसरीज़, फर्नीचर और बहुत कुछ इस गर्मी में ठंडक और आराम के लिए जरूरी हर चीज यहां मिलेगी। ग्राहक 1 से 5 जून 2025 तक एक्वागार्ड, नारवाल, वेगा और अन्य लोकप्रिय ब्रांड्स पर शानदार डील्स का लाभ उठा सकते हैं।

**टाटा :** बरेली ,पहले कैंपेन 'नमक हो टाटा काज टाटा नमक' को उपभोक्ताओं से मिले प्यार से प्रेरित होकर, देश में आयोडीन युक्त नमक के नंबर 1 ब्रांड टाटा साल्ट ने, 'नमक हो टाटा काज टाटा नमक' के दूसरे संस्करण को आईपीएल फाइनल में लांच किया है। देश भर में लोगों का टाटा नमक से प्यार, और जुड़ाव को और गहरा बनाता ये कैंपेन, ब्रांड की प्रतिष्ठित जिंगल को, ब्रांड के उद्देश्य से जोड़ते हुए, एक नए सिरे से पेश कर रहा है। दीपिका भान, प्रेसिडेंट ङ्क पैकेज्ड फूड्स, टाटा कंज़्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड, कहती हैं, पिछले साल के हमारे कैंपेन का एक स्वाभाविक और खूबसूरत विस्तार है।

# सौ दिनों की शांति के बाद फिर संघर्ष की राह पर आप

**भाजपा सरकार के सौ दिनों की कथित विफलताओं को उजागर करके जनाक्रोश सुलगाने की रणनीति**

**नई दिल्ली, ब्यूरो।** दिल्ली की सत्ता पर भाजपा का कब्जा होने के सौ दिन पूरा होने के बाद अब नए सिरे से सड़क पर सियासी मुठभेड़ की भूमिका तैयार हो गई है। जहां एक ओर भाजपा बीते सौ दिनों में उठाए गए कदमों की जानकारी देकर दिल्लीवासियों को आश्वस्त करने की कोशिश कर रही है अपने कार्यकाल में वह इतना काम करेगी जितना बीते 27 सालों में भी नहीं हो सका है। वहीं दूसरी ओर अप्रत्याशित तरीके से बीते चुनाव में सूबे की सत्ता गंवाने वाली आम आदमी पार्टी ने भी सौ दिनों तक काफी हद तक शांति के साथ समय गुजारने के बाद अब एक बार फिर सड़क पर संघर्ष की शुरूआत करने का मन बना लिया है। सड़क पर उतर कर सरकार के खिलाफ संघर्ष के लिए आप ने उन्हीं मसलों को आगे करने की रणनीति बनाई है जो सीधे तौर पर जनसरोकार से जुड़ते हों और जिसका सीधा प्रभाव आम लोगों पर पड़ता हो। साथ ही चुनाव के दौरान भाजपा द्वारा किए गए उन वादों और दावों को भी आप ने मुद्दा बनाने का फैसला किया है जिसे पूरा करने की दिशा में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की सरकार ठोस पहलकदमी करने में विफल रही है। इसके अलावा दिल्ली में जारी बड़े पैमाने पर बुलडोजर एक्शन और अतिक्रमण हटाओ अभियान ने आप को बैठे बिठाए सरकार को घेरने का अलग से मुद्दा थमा दिया है जिसे भुनाते हुए आम लोगों को हो रही परेशानी के मसले को भी तूल देने में आप कोई कसर नहीं छोड़ना चाह रही है। आप की पूरी कोशिश जनता से जुड़े मुद्दों को उठाकर जनाक्रोश भड़काने की है और लोगों को इस बात का एहसास कराने की है कि बीते चुनाव में भाजपा के हाथों में सत्ता की बागडोर देकर उन्होंने बहुत बड़ी गलती है वर्ना अगर आप की सरकार बरकरार रही होती तो उन्हें मौजूदा परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में चल रही दिल्ली की भाजपा सरकार के खिलाफ जनाक्रोश को उभारने के लिए आप जिन मुद्दों को लेकर सड़क पर संघर्ष का शंखनाद करती दिखाई पड़ रही है उसमें बिजली-पानी के साथ ही शिक्षा, सीवर और सड़क से जुड़ी ऐसी तमाम बुनियादी समस्याएं हैं जिसका सामना इन दिनों दिल्ली वालों को करना पड़ रहा है। मसलन भीषण गर्मी के कारण रिकॉर्ड तोड़ बिजली मांग की वजह से कई इलाकों में हो रही बिजली कटौती को मुद्दा बनाने और पानी की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग को लेकर आप ने अपने महिला मोर्चे का मटका फोड़ आंदोलन शुरू करा दिया है। साथ ही निजी स्कूलों द्वारा की गई फीस वृद्धि को लेकर आम लोगों को यह बताने की कोशिश की जा रही है कि भाजपा सरकार ने निजी स्कूलों को लूट की छूट दे दी है। इसी प्रकार बीते ग्यारह सालों में सार्वजनिक बसों की खरीद पर ध्यान नहीं दिए जाने के कारण पुरानी बसों को सड़कों से हटाने की मजबूरी की वजह से साढ़े सात हजार में से तकरीबन दो हजार बसें सड़कों से हट जाने के कारण लोगों को हो रही भारी समस्याओं के लिए भी आप की ओर से भाजपा सरकार को ही दोषी बता रही है। यहां तक कि यमुना सफाई नहीं कर पाने के लिए चुनाव से पूर्व सार्वजनिक माफी मांग चुकी आप इस मसले पर भी सरकार को घेरने और बेमौसम बरसात के कारण हो रहे जल जमाव का ठीकरा भी भाजपा पर ही फोड़ने से परहेज नहीं बरत रही है।

# जंगल की बेशकीमती लकड़ी लेकर जा रहा ट्रैक्टर ट्रॉली धराया

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** सृकृत वन रेंज के भवानीपुर वन चौकी क्षेत्र के बरही के पास से शनिवार की रात वन कर्मियों ने लकड़ी लदा ट्रैक्टर

**बाहर के जिलों से आये लकड़ी व्यापारी द्वारा पेड़ों की कटाई कर उसकी लकड़ी बाहरी बजारों में बेची जा रही है**

---------------------------

ट्राली पकड़कर भवानीपुर वन चौकी ले गए। सूचना पर पहुंचे वन क्षेत्राधिकारी जाच के बाद अबैध लकड़ी पाए जाने पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाते हुए कार्यवाही में जुटे हुए हैं।वन विभाग की इस कार्यवाही से अवैध लकड़ी कारोबारियों के हाथ पांव फूलने लगे हैं। क्षेत्र के लोगों की माने तो बाहर के जिलों से आये लकड़ी



व्यापारी द्वारा पेड़ो की कटाई कर उसकी लकड़ी बाहरी बजारो में बेची जा रही है।लकड़ी व्यापारियो द्वारा वन विभाग के जिम्मेदारों से तालमेल बनाकर जंगल की बेशकीमती लकड़ी काटकर उसे घरेलू लकड़ियों में छुपाकर बाहर के बाजरो में बेचने का काम काफी दिनों से किया जा रहा है।शनिवार को जंगल से लकड़ी काटकर ट्रैक्टर ट्राली में लादकर कुछ लोग ले जा रहे थे।इसी दौरान रात लगभग दस बजे लकड़ी लदा ट्रैक्टर ट्राली बरही के पास पहुंचने पर ग्रामीणों ने लकड़ी लदा ट्रैक्टर ट्रॉली रोककर वन विभाग को सूचना दिया।मौके पर पहुचे वन कर्मी लकड़ी लड़े ट्रैक्टर ट्रॉली को भवानीपुर वन चौकी ले गए और वन क्षेत्राधिकारी आरके सिंह को सूचना दिए। राजगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जंगलों में लकड़िया बेधड़क काटी जा रही है। लेकिन विभाग अवैध है। लकड़िया काटने वालों पर कार्रवाई नहीं कर पा रहा है और हर साल लाखों की संख्या में जंगल में पेड़ लगाए जाते हैं। अवैध का जंगल में पेड़ काटने वाले पेड़ों को काटकर चले जाते हैं और वन विभाग नए सिरे से वहां पर उसी के बगल में पेड़ लगाकर कोरम पूरा कर रहा है। सूचना पर पहुचे वन क्षेत्राधिकारी द्वारा जाच के बाद अबैध लकड़ी पाई गई। जिसपर वन क्षेत्राधिकारी लकड़ी लदे ट्रैक्टर ट्राली को सीज करते हुए,उनके विरुद्ध एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।वन क्षेत्राधिकारी आरके सिंह ने बताया कि जंगल से लकड़ी काटकर उसे ट्रैक्टर ट्राली पर लादकर जा रहे चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।अबैध लकड़ी मिलने पर लकड़ी सहित ट्रैक्टर ट्रॉली को सीजकर एक लाख रुपये का जुर्माना किया गया है।

# ब्रेकर पर उछली बाइक, पीछे बैठी महिला गिरी, मौत

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के थोथा गांव में रविवार की रात्रि में बाइक सवार महिला की सड़क पर बने ब्रेकर पर बाइक उछलने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने महिला को उपचार के लिए महिला को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जहां पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला की हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया।जहां पर उपचार के लिए लेकर जाते समय महिला की मौत हो गई महिला के पुत्र की सूचना पर पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना क्षेत्र के कोटार गांव निवासी 48 वर्षीय शांति देवी पत्नी स्व रामसजीवन रविवार की शाम अपने बहन के लडके के साथ बाइक से बहन के घर थोथा जा रही थी की जैसे ही थोथा गांव में पहुंची की सड़क पर बने ब्रेकर पर बाइक तेजगति होने से बाइक से नीचे गिरने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने महिला को निजी साधन से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। महिला को उपचार के लिए लेकर जाते समय रास्ते में महिला की मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुँचे ग्राम प्रधान विनोद सिंह ने महिला के परिजनों को ढाढ़स बँधाया है।महिला के पुत्र अनिल कुमार की सूचना पर पहुँचे एसआई शैलेश सिंह व हेड कांस्टेबल नर्वेश मिश्रा ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृत महिला को दो पुत्र है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया की बाइक से गिरने से महिला की मौत होने पर महिला के पुत्र की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## भागवत कथा के श्रवण से भक्ति, ज्ञान, और मोक्ष की होती है प्राप्ति : रमेश महाराज

**हलिया (मिर्जापुर)।** सेंट्रल वैली सेकेंड्री स्कूल बबुरा रेचकारी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा वाचक रमेश जी महाराज ने कंस,चाणूर, और मुष्टिक के वध की कथा सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर किया। कथा के दौरान बताया कि द्वापर युग में हुई भविष्यवाणी भगवान श्री कृष्ण के अवतरण का कारण बनी थी। भागवत कथा के आयोजक अखिलेश चंद पाण्डेय ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन लोक कल्याण की भावना से किया जा रहा है। जिसके उपलक्ष में पांच जून को हवन भंडारा और प्रसाद का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर अतरैलाराजा के पूर्व प्रधान डा0 दया शंकर त्रिपाठी कमलेश चंद पाण्डेय कृष्ण गोपाल मौर्या आयुष चंद पाण्डेय समेत समूचा पंडाल श्रोताओं से भरा हुआ था।

# चार सौ केवीए ट्रांसफार्मर के पास स्पार्क से लगी आग, आपूर्ति बाधित

**हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया बाजार में आपूर्ति के लिए भारतीय स्टेट बैंक के पास लगे चार सौ केवीए ट्रांसफार्मर के पास सोमवार की दोपहर स्पार्क होने से आग लग गई जिससे ट्रांसफार्मर के पास धुआँ धुआँ हो गया।

अगल बगल अफरा तफरी मच गई। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने आग को बुझाते हुए विद्युत उपकेंद्र पर सूचना देकर आपूर्ति को बंद कराया। ट्रांसफार्मर के पास स्पार्क तेल के रिसाव होने से हुआ है बाजार में आपूर्ति बाधित होने से लोगो को भीषण गर्मी का समाना करना पड़ रहा है।



इस संबंध में अवर अभियंता कृष्णा प्रसाद शर्मा ने बताया की चार सौ केवीए ट्रांसफार्मर के पास स्पार्क होने से आग लग गई है जिससे आपूर्ति बाधित कर कार्य कराया जा रहा है जल्द ही आपूर्ति बहाल करा दिया जायेगा।

# साथियों संग गंगा नहाने गया किशोर डूबा, लापता

**चेतगंज (मिर्जापुर)।** चील्ह थाना क्षेत्र के सेमरा गांव के गंगा घाट परसाथियों संग नहानेगया 16 वर्षीय किशोर गंगा मेंडूबकर लापता। स्थानीय गोताखोरों के सहयोग सेपुलिस किशोर की तलाश में जुट गई है। सेमरा गांव निवासी रामजीत यादव का 16 वर्षीय पुत्र शुभम यादव सोमवार की सुबह 7 बजे अपने दो साथियों के साथ गांव के ही गंगा घाट पर गंगा नहाने गया था। नहाते समय गहरेपानी में चले जाने से डूब कर लापता हो गया। साथियों के सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर चौकी प्रभारी चेतगंज राजीव कुमार श्रीवास्तव मौके पर पहुंचकर स्थानीय गोताखोरों की सहायता सेतलाश करवाने में लगे है।

# पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट में 18 के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के खुटहा गांव में पुरानी रंजिश व भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट में रविवार देर रात दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने 18 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच में जुट गई है।खुटहा गांव निवासी प्रभावती पत्नी मुनाई लाल ने दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि रविवार सुबह पुरानी रंजिश को लेकर गांव निवासी बसंत,सूरज,गंगा धरकार,भोला, डाक्टर, राजकुमार, नागेन्द्र, जितेन्द्र, सोहनलाल गोलबंद होकर जेठ मुंदर के घर पर चढ़कर अपशब्दों का प्रयोग करते हुए लाठी डंडे, ईंट पत्थर से मारने पीटने लगे। जिससे जेठ मुंदर के सिर व शरीर के विभिन्न हिस्सों में काफी चोटें आ गई। शोरगुल सुनकर मौके बीच-बचाव के लिए जेठ मुंदर की बेटी कंचन उर्फ कलंदरी व बेटा चंद्र प्रकाश के साथ मौके पर पहुंची तो हमलोगों को भी मारपीट कर घायल कर दिया।जेठ को अधमरा समझकर मौके से सभी लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। वहीं दूसरे पक्ष से खुटहा गांव निवासी सूरज ने दी गई तहरीर में आरोप लगाया मुंदर के परिवार से जमीन की कब्जेदारी को लेकर विवाद चल रहा है। इसी विवाद को लेकर गांव निवासी मुंदर,मुनाई, चंद्र प्रकाश,भोला धरकार, ताराशंकर, मुलराजी देवी पत्नी मुंदर, प्रभावती देवी पत्नी मुनाई रीना देवी पत्नी जयप्रकाश कंचन उर्फ कलंदरी पुत्री मुनाई लाठी डंडे से लैस होकर दरवाजे पर आकर मुझे लाठी डंडे से मारने पीटने लगे।मुंदर का बेटे चंद्र प्रकाश ने सिर में लाठी डंडे से मार दिया जिससे गंभीर चोटें आई हैं। शोरगुल सुनकर बीच-बचाव के लिए दौड़ी भाभी रीना व बड़ी मां रामकली को भी सभी लोग लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिए। चीख-पुकार सुनकर गांव के लोगों के पहुंचने पर सभी लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस ने दोनों पक्षों से नौ - नौ लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। प्रभारी निरीक्षक ड्रमंडगंज अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि खुटहा गांव में दो पक्षों में हुई मारपीट में दोनों पक्षों की तहरीर पर 18 लोगों के विरुद्ध बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है।

## आईआईआईवीआर ने मनाया किसान के खेत पर प्रक्षेत्र दिवस

**चुनार (मिर्जापुर)।** भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान की फार्मर्स फर्स्ट परियोजना के तहत बीज उत्पादन के लिए आराजी लाईन विकास खंड के ग्राम पनियरा में सब्जी बीज उत्पादन के लिए किसानों को जागरुक किया गया।भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान के निदेशक डा. राजेश कुमार के नेतृत्व में वैज्ञानिकों के दल ने किसान लल्लन दूबे के खेत पर लोबिया के बीज उत्पादन प्रक्षेत्र का भ्रमण किया।वैज्ञानिकों के सुझाव पर यहां पर लोबिया की प्रजाति काशी निधि को मेड विधि से बोया गया है। प्रायोगिक तौर पर मेड विधि की तुलनात्मक अध्ययन छिटकवा विधि से की गई।जिसमें मेड विधि के पौधों में विकास और फलत छिटकवां विधि की अपेक्षा अधिक है। खरपतवार नियंत्रण एवं सिंचाई भी मेड विधि में छिटकवा विधि से सरल है तथा पानी की बचत होती है साथ ही पाया गया कि प्रति पौध अधिक फली एवं गुणवत्तायुक्त बीज प्राप्त हुए।

# पिकअप की टक्कर से कंपोजिट विद्यालय भवन क्षतिग्रस्त

**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय बरुआ के भवन में रविवार की रात्रि में पिकअप वाहन ने टक्कर मार दिया जिससे विद्यालय का भवन क्षतिग्रस्त हो गया है। कंपोजिट विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक संतोष कुमार बिंद ने सोमवार को थाने में तहरीर दिया है। दिए गए तहरीर में बताया है की रविवार की रात्रि में कंपोजिट विद्यालय के प्राथमिक स्तर का कक्ष के कमरें में पिकअप वाहन टकरा गया वाहन की टक्कर मारने से कक्ष में लगी खिड़की व दीवार टूट गई है जिससे कक्ष जर्जर हो गया है पिकअप वाहन चालक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग किया है। इस संबंध में चौकी प्रभारी मतवार कन्हैया राय ने बताया है की पिकअप वाहन की टक्कर से कंपोजिट विद्यालय के भवन क्षतिग्रस्त होने की सूचना प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा तहरीर के माध्यम से सूचना दिया गया है। मामले की जांच किया जा रहा है।

## समेस्टर परीक्षा में 26 परीक्षार्थी अनुपस्थित

**मिर्जापुर।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ से संबद्ध महाविद्यालयों की चल रही परीक्षा के क्रम में सोमवार को प्रथमपाली स्नातक चतुर्थसमेस्टर मेंपाठ्य सहगामी मे 23 और राजनीति शास्त्र तीन परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दोनों विषयों में कुल 1800 परीक्षार्थी पंजीकृत रहे जिसमें 1777 ने परीक्षा में भाग लिया।

# नए मतदाता ऑफलाइन एवं ऑनलाइन से कर सकेंगे आवेदन

**स्वतंत्र भारत मऊ।** जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में निर्वाचक नामावलियों में छूटे हुए दिव्यांग मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किए जाने के लिए जनपद स्तर पर तथा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर गठित कमेटी के नोडल अधिकारी तथा समस्त सदस्यों के साथ बैठक कैंप कार्यालय पर संपन्न हुई।बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सुलभ चुनाव पर एक जिला निगरानी समिति का गठन जिले में किया गया हैं। इस समिति का गठन निगरानी और मूल्यांकन के लिए सभी दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सुलभ और समावेशी चुनाव प्रक्रिया के लिए किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा संबंधित सदस्यों को निर्देशित किया कि ऐसे दिव्यांग मतदाता जो पंजीकृत नहीं है, को चिन्हित करना और उन्हें निर्वाचक नामावली में पंजीकरण की सुविधा सुनिश्चित करना। दिव्यांग जन के नामांकन और संवेदीकरण के लिए विशेष शिविर का आयोजन कर उन्हें निर्वाचन नामावली में सम्मिलित किया जाना। उन्होंने बताया कि ऐसे सभी नागरिक जिनकी आयु 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर को 18 वर्ष पूर्ण हो जाएगी या 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं और उनका नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित नहीं है वह फार्म 6 भर कर अपना नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित करा सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बीएलओ घर-घर जाकर अभियान स्वरूप नए मतदाताओं का चिन्हीकरण करेंगे तथा जो भी मतदाता अपनी उम्र 18 वर्ष पूर्ण कर लिए हो वह बीएलओ के माध्यम से अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य सम्मिलित कराएं। अपर जिला निर्वाचन अधिकारी सत्यप्रिय सिंह ने बताया किफार्म निम्न अधिकारी के पास जमा कर सकते हैं। संबंधित पोलिंग बूथ के बूथ लेवल अधिकारी के माध्यम से, तहसील स्थित मतदाता पंजीकरण केंद्र, तहसील के उप जिलाधिकारी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में, तहसीलदार सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में तथा जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

# राशन वितरण में गरीबों को कोटेदार न करें परेशान-एसडीएम

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** मधुबन तहसील सभागार में सोमवार को उपजिलाधिकारी राजेश अग्रवाल की अध्यक्षता में कोटेदारों की परिचयात्मक बैठक हुई। इसमें एसडीएम ने कोटेदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे सही समय से खाद्यान्न वितरण करें, जिससे कार्डधारकों को दिक्कत न हो।उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में मौके पर ही ट्रक से गल्ला भी पहुंचने लगा है। जनता के साथ किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतें। सही समय से वितरण करें। उन्होंने आगाह किया कि घटतौली न करें। राशन कार्ड धारकों को कोटेदार राशन वितरण के समय परेशान न करें। किसी प्रकार का घटतौली का प्रयास भी मत करें। नहीं तो शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर आपूर्ति निरीक्षक विनोद कुमार अग्रहरी आदि मौजूद रहे।

## एसबीआई ने की ग्राहकों के साथ गोष्ठी

**स्वतंत्र भारत मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना कस्बे में स्थित भारतीय स्टेट बैंक में सोमवार को एक ग्राहक गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी में शाखा प्रबंधक चंदन यादव ने सम्मानित खाता धारक एवं पेंशनरों को बैंक द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी उन्होंने कहा कि बैंक व्यापारियों छात्रों एवं अन्य लोगों के लिए अनेक योजना संचालित की है जैसे होम लोन कार लोन सुकन्या मंगलम योजना आदि योजनाओं के बारे में खाता धारकों को जानकारी दी गई जिससे व्यापारी खाता धारक और अन्य लोग इसका लाभ उठा में जबकि सबसे कम ब्याज दर पर भारतीय स्टेट बैंक ग्राहकों की सेवा के लिए समर्पित है।

## पीएनबी जोनल हेड ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** फतेहपुर मंडाव स्थानीय कस्बा बाजार में स्थित पंजाब नेशनल बैंक का नवीनीकृत होने पर सोमवार को जोनल हेड दीपक सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया । इस दौरान कृषि प्रसार कार्यक्रम में योजना की जानकारी दी । कस्बा स्थित पंजाब नेशनल बैंक के सभी सुविधाओं से लैस बैंक का नवीनीकरण किया गया । जिसका उद्घाटन जोनल प्रमुख दीपक सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि अब बैंक में खाताधारकों के लिये सभी सुविधाओं से लैस सुविधा उपलब्ध हैं।

# गंगा दशहरा पर्व के दृष्टिगत मण्डलायुक्त व जिलाधिकारी ने विन्ध्याचल पहुंचकर गंगा घाटों व मन्दिर का किया निरीक्षण

**मीरजापुर।** आगामी गंगा दशहरा पर्व के दृष्टिगत मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी व जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने गंगा दशहरा पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा घाटों पर गंगा स्नान करने की पक्ष देवी दरबार में दर्शन पूजन करने उमड़ेंगे श्रद्धालु की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पक्का घाट सहित कई अन्य गंगा घाटों एवं मां विंध्यवासिनी देवी मंदिर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित करते हुए कहा कि विंध्याचल में गंगा नदी पर स्थित सभी घाटों पर बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, साफ सफाई एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि गंगा घाटों पर एसडीआरएफ व स्थानीय गोताखोर एवं जल पुलिस की तैनाती की जाए, मां विंध्यवासिनी मंदिर दर्शन पूजन करने के लिए समुचित सरल व्यवस्था के इंतजाम करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करते हुए मजिस्ट्रेटो व पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाए। उन्होंने भिक्षावृत्त कर रहे महिलाओं पुरुष को मंदिर



परिसर से दूर रखने का निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने बताया कि आगामी 5 जून को गंगा दशहरा पर्व पर बड़ी संख्या में मां विंध्यवासिनी देवी दरबार में दर्शन पूजन करने के लिए आते है, श्रद्धालुओ के लिए समुचित सुलभ व्यवस्थाएं के लिए बेहतर इंतजाम सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किया जाएगा। उन्होंने गंगा घाटों पर नगर पालिका प्रशासन के अलावा अन्य कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश देते हुए कहा कि गंगा दशहरा से पहले सभी आवश्यक कार्य पूर्ण कर लिए जाएं। गंगा घाटों की साफ सफाई, बैरिकेडिंग प्रकाश व्यवस्था पूरा करने का निर्देश भी सम्बन्धित को दिया गया। लोक निर्माण विभाग विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देशित किए गए हैं कि मां विंध्यवासिनी देवी दरबार में बड़ी संख्या में दर्शन पूजन हेतु आने वाले श्रद्धालुओ के लिए नई वीआईपी मार्ग, पुरानी वीआईपी मार्ग पर फुट पाट पर छावनी के बेहतर इंतजाम की जाए। बताया गया कि विंध्याचल के गंगा घाटों पर विंध्य की पैड़ी एवं सड़क मार्ग बनाने का कार्य प्रगति पर है नवरात्र के पहले इसको पूरा कराए जाने हेतु कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया गया है, ताकि प्रत्येक दिन आने वाले व नवरात्र मेले में किसी भी प्रकार से श्रद्धालुओं को परेशानी उठानी न पड़े और श्रद्धालुओं को एक धार्मिक आध्यात्मिक की अनुभूति हो सकें। निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्ट्रेट विनित कुमार उपाध्याय, डिप्टी कलेक्टर शक्ति सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मीरजापुर गोवा लाल, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रवीण कुमार चौहान, क्षेत्राधिकारी सिटी विवेक जावला उपस्थित रहें।

# रेलवे स्टेशन पर खुले एक और अतिरिक्त आरक्षण काउंटर

**स्वतंत्रभारत मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना में शादी विवाह एवं मांगलिक कार्य को लेकर जहां लोग दूर-दूर से अपने घरों में शादी विवाह समाप्त होने के पश्चात जब अन्य प्रदेशों में जाने के लिए तैयार होते हैं और यह सोचते हैं कि तत्काल टिकट लेकर हम अपनी यात्रा कर लेंगे लेकिन वह सोच कर रह जाते हैं क्योंकि तत्काल टिकट के लिए मात्र 2 मिनट में ही पहले हम पहले हम लाइन में लगे हुए यात्री को टिकट मिल पाता है वह अभी जिसका पहला अथवा दूसरा नंबर है अन्य लोग लाइन में लगे हुए रह जाते हैं और उन्हें तत्काल टिकट नहीं मिल पाता यात्रियों में मांग किया है कि स्थानीय रेलवे स्टेशन पर एक अतिरिक्त आरक्षण काउंटर खोला जाए तथा विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों में अतिरिक्त कोच तथा अन्य और ट्रेनिंग भी चलाई जाए जिससे शादी विवाह जैसे मौके पर हम सभी लोगों को रेल आरक्षण टिकट मिल सके पूछे जाने पर वरिष्ठ आरक्षण क्लर्क विजय प्रजापति का कहना है कि हमारा उद्देश्य है कि प्रत्येक यात्री को रेल आरक्षण टिकट मिले लेकिन इस गर्मी के मौसम में जहां अन्य क्षेत्रों में छुट्टी हुई है और लोग परिवार के साथ अपने घर आए हैं तथा जाने के लिए जब वह ट्रेन के लिए टिकट लेने आते हैं तो पता चलता है कि 2 महीने पहले तक का टिकट बुक है और हमें टिकट नहीं मिल पाता यात्रियों में मांग किया है कि रेलवे अतिरिक्त काउंटर खोले जिससे हम लोगों को भी रेल का टिकट मिल सके।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***

फोन : 0522-4043151

swatantrabharat77@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

आरएनआई रजि. नं 2012/57 डाक पंजीयन सं. एस.एस.पी./एल.डब्ल्यू./एन.पी./313/2012-14

लखनऊ, मंगलवार, 3 जून, 2025

# ट्रंप के फैसलों पर चीन ने जताई नाराजगी

**बीजिंग।** चीन और अमेरिका के बीच चल रहे टैरिफ वार के बीच एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के चीनी छात्रों

### कहा- नए आर्थिक-व्यापारिक तनाव भड़का रहा अमेरिका

के वीजा रद्द करने और कंप्यूटर चिप निर्यात नियंत्रण निर्देश जारी करने के फैसले पर चीन ने नाराजगी जाहिर की है। चीन ने आरोप लगाया है कि अमेरिका ने उसके हितों को नुकसान पहुंचाने वाले कदम उठाए हैं। साथ ही अमेरिका नए आर्थिक और व्यापारिक तनाव को भड़का रहा है। चीन ने वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि ट्रंप के फैसले पिछले महीने जेनेवा में व्यापार चर्चाओं के दौरान बनी आम सहमति का उल्लंघन हैं। चीन-अमेरिका के संयुक्त बयान का जिक्र करते हुए मंत्रालय ने कहा कि चीन ने समझौते के बाद अमेरिका द्वारा लगाए गए जवाबी टैरिफ के विरुद्ध टैरिफ और गैर-टैरिफ उपायों को रद्द या निलंबित करते हुए समझौते पर अपनी प्रतिबद्धता बरकरार रखी है। जबकि अमेरिका ने एकतरफा ढंग से नए आर्थिक और व्यापारिक तनाव को भड़काया है। इससे द्विपक्षीय आर्थिक और व्यापारिक संबंधों में अनिश्चितता और अस्थिरता बढ़ गई है। जबकि चीन अपनी प्रतिबद्धताओं पर कायम है। चीन ने बदला लेने की धमकी देते हुए कहा कि चीन अपने हितों की रक्षा के लिए दृढ़ और सशक्त कदम उठाना जारी रखेगा। बयान में कहा गया कि खुद पर विचार करने के बजाय अमेरिका ने स्थिति को पलट दिया है। अनुचित रूप से चीन पर आम सहमति का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है, जो सरासर गलत है।





चीन और अमेरिका के बीच विवाद ट्रंप के बयान के बाद बढ़ा। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा था कि बुरी खबर यह है कि चीन ने हमारे साथ अपने समझौते का पूरी तरह से उल्लंघन किया है, जो कुछ लोगों के लिए चौंकाने वाली बात नहीं है। अब मिस्टर नाइस गाइ बनने की जरूरत नहीं है। ट्रंप ने ओवल ऑफिस में कहा कि वह चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से बात करेंगे और कोशिश करेंगे कि कोई समाधान निकले। चीन अमेरिका के बीच लगातार तनाव बढ़ रहा है। पिछले सप्ताह ट्रंप प्रशासन ने घोषणा की कि वह अमेरिका में पढ़ने वाले चीनी छात्रों के वीजा रद्द करना शुरू कर देगा। इसके अलावा अमेरिका चीन की कंप्यूटर चिप्स तक पहुंच को रोकना चाहता है।

# 2.69 लाख हज यात्री मक्का में घुसने से रोके गए

**मक्का।** सऊदी अरब सरकार ने बिना परमिट के हज करने की कोशिश कर रहे दो लाख 69 हजार 678 मुसलमानों को मक्का में प्रवेश करने से रोक दिया है। यह कदम हज यात्रा को सुरक्षित और व्यवस्थित रखने के लिए उठाया

### परमिट न होने पर की गई कार्रवाई

गया है।

हज इस्लाम का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। यहां हर साल लाखों लोग हज पर आते हैं, जिससे भारी भीड़ और सुरक्षा समस्याएं पैदा होती हैं। पिछले साल भीषण गर्मी के कारण कई लोगों की जान चली गई थी, जिनमें बड़ी संख्या उन लोगों की थी जो बिना परमिट के आए थे। सरकार का कहना है कि अनधिकृत यात्रियों की भीड़ की वजह से ही



ऐसी घटनाएं ज्यादा होती हैं। सरकार ने साफ कर दिया है कि बिना परमिट हज करना अपराध माना जाएगा और इसके लिए सजा भी तय की गई है। जिसमें 5000 डॉलर (लगभग ?4 लाख) तक का जुर्माना लगाया जाएगा। सरकार की तरफ से सऊदी के नागरिकों और प्रवासी दोनों पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं हज नियम तोड़ने वाले 23,000 से अधिक लोगों पर जुर्माना लगाया गया है। वहीं 400 हज कंपनियों के लाइसेंस रद्द कर दिए गए हैं।

# जो बाइडेन पर ट्रंप का अजीबोगरीब दावा

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में एक कॉन्सपिरेसी थ्योरी शेयर की है। ट्रंप ने दावा किया है कि अमेरिका के पूर्व

### कहा वह तो कब के मर गए, उनकी जगह रोबोट हैं

राष्ट्रपति जो बाइडेन 2020 में मारे जा चुके हैं। दावों का सिलसिला यहीं नहीं रुका। उन्होंने यह भी कहा है कि जो बाइडेन की जगह एक रोबोट को लाया गया था, जिसने बाइडेन की जगह ले ली है। डोनाल्ड ट्रंप के इन दावों की खूब चर्चा हो रही है।

ट्रंप ने रविवार को ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में थ्योरी का हवाला देते हुए लिखा कि जो बाइडेन असल में हैं ही नहीं। उन्होंने लिखा, कोई जो बाइडेन नहीं है। उन्हें 2020 में मार दिया गया। आप लोग जो देख रहे हैं वह दरअसल बाइडेन के क्लोन, बॉडी डबल्स और रोबोट इंजीनियर्ड चीजें हैं। डेमोक्रेट्स को उनके बीच का अंतर नहीं पता। ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब कुछ दिनों पहले ही पूर्व राष्ट्रपति बाइडेन को प्रोस्टेट कैंसर के आक्रामक रूप का पता चला है। बाइडेन के स्वास्थ्य के बारे में पता चलने पर ट्रंप ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति के जल्द स्वस्थ होने की कामना भी की थी।

# हमने जी-20 की मेजबानी की, पाक ने 'टी-20' की

**लंदन।** शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने सोमवार को आतंकवाद का समर्थन करने के लिए पाकिस्तान पर हमला किया और कहा कि यह देश दुनिया के शीर्ष

### लंदन में बोलीं प्रियंका चतुर्वेदी

20 आतंकवादियों की मेजबानी करता है। घातक पहलगाम हमले के मद्देनजर भारत का आतंकवाद विरोधी संदेश लेकर आए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल की सदस्य चतुर्वेदी ने कहा कि पाकिस्तान आपसे हाथ मिलाता है और फिर आपकी पीठ पर काटता है। उन्होंने कहा कि जी-20 की अध्यक्षता के रूप में हमारा कार्यकाल बहुत सफल रहा।

हमारा एक साल का कार्यकाल बहुत सफल रहा। लंदन में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, इसलिए, जब हम जी-20 की मेजबानी करते हैं, तो वे (पाकिस्तान) टी-20 की मेजबानी करते हैं।



दुनिया के शीर्ष बीस आतंकवादियों की मेजबानी पाकिस्तानी राज्य सरकार द्वारा की जाती है। यह उनकी घोषित नीति है। उन्होंने कहा कि अलकायदा प्रमुख ओसामा बिन लादेन, जो अमेरिका में 11 सितंबर, 2001 को हुए हमलों के पीछे था, का भी पाकिस्तान में एक ठिकाने पर पता लगाया गया था। उन्होंने कहा कि ओसामा बिन लादेन से लेकर, मुझे नहीं पता कि आप में से कितने लोगों ने डॉक्यूमेंट्री देखी है। आप सभी को वापस घर जाना चाहिए और डॉक्यूमेंट्री देखनी चाहिए कि कैसे उसे पाकिस्तान से बाहर निकाला गया, और उसे छिपाया गया, सक्रिय रूप से वित्तपोषित किया गया, सहायता दी गई, प्रशिक्षित किया गया, समर्थन दिया गया और अमेरिका में उनके तथाकथित सहयोगी से छिपाया गया। इसलिए वे आपसे हाथ मिलाते हैं, लेकिन वे आपकी पीठ पर वार करते हैं।

# पाक में मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जा

**हैदराबाद (सिंध)।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में हिंदू समुदाय के सदस्यों ने हैदराबाद शहर में एक ऐतिहासिक मंदिर की 6 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जे के खिलाफ प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन कराची से लगभग 185 किलोमीटर दूर मूसा खातियान जिले के टांडो जाम कस्बे में रविवार को हुआ। हिंदू समुदाय की नेता सीतल मेघवार ने मीडिया से कहा, 'इन लोगों ने मूसा खातियान में शिव मंदिर शिवाला की जमीन पर पहले ही अवैध निर्माण शुरू कर दिया है।' महिलाओं और बच्चों सहित प्रदर्शनकारी पाकिस्तान दलित इत्तेहाद-पाकिस्तान द्रविड़ गठबंधन (पीडीआई) के आह्वान पर बाहर आए, जो हिंदू समुदाय के कल्याण और अधिकारों के लिए लड़ता है।

## एक नज़र

### पाक में पानी के लिए हाहाकार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में इन दिनों भीषण जल संकट खड़ा हो गया है। यह हाल तब है जब पहले से ही कंगाल और भीख मांग कर गुजारा करने वाले पाकिस्तान में फसल की बुवाई का सीजन है। बीते दिनों भारत द्वारा सिंधु जल समझौते को स्थगित करने के बाद स्थिति और खराब हो गई है और पाकिस्तान में पानी के लिए हाहाकार मच गया है। देश के कई बड़े डैम सूखने की कगार पर पहुंच गए हैं। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने सीमा पार आतंकवाद पर पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए सिंधु जल समझौते को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह भी दोहराया है कि खून और पानी साथ-साथ नहीं बह सकते। विशेषज्ञों की माने तो खरीफ फसलों की बुआई के सीजन में पानी की किल्लत पाक की मुश्किलें बढ़ा रही हैं। देश के दो प्रमुख बांधों, झेलम नदी पर स्थित मंगला और सिंधु नदी पर स्थित तरबेला बांध में जल स्तर में बड़ी गिरावट आई है। इसके अलावा चेनाब नदी के जल प्रवाह पर भारत द्वारा की गई कटौती की वजह से भी मुश्किलें बढ़ी हैं।

### मेक्सिको के नशा मुक्ति केंद्र में भीषण आग, 12 मरे

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां गुआनाजुआटो राज्य के सैन होसे इतुर्बे कस्बे में रविवार तड़के एक नशा मुक्ति केंद्र में आग लगने से 12 लोगों की मौत हो गई और कम से कम 3 अन्य घायल हो गए। स्थानीय प्रशासन ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच जारी है। साथ ही ये भी बताया जा रहा है कि हादसे में हताहत होने वालों का आंकड़ा अभी और भी बढ़ सकता है। मेक्सिको की मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, जिस समय आग लगी, उस वक्त पीड़ितों को नशा मुक्ति केंद्र में बंद कर दिया गया था। बता दें कि इससे पहले फरवरी में भी मेक्सिको सिटी के एक नशा मुक्ति केंद्र में आग लगने से 5 लोगों की जान चली गई थी।

### बांग्लादेश में नोटों से हटे शेख मुजीब

**ढाका।** बांग्लादेश के करेंसी नोटों पर अब बंग बंधु मुजीबुर रहमान की तस्वीरें इतिहास हो गई हैं। रविवार को बांग्लादेश बैंक की ओर से नई नोटें जारी की गई हैं। इन नोटों में मुजीबुर रहमान नहीं हैं, जो 1971 में देश बनने के बाद से करेंसी में छपते चले आ रहे थे। वह पूर्व पीएम शेख हसीना के पिता भी थे। शेख हसीना को बीते साल ही बांग्लादेश में हुए तख्तापलट के बाद सत्ता से हटना पड़ा था और फिर वह देश ही छोड़कर निकल गईं। अब नए करेंसी नोट जो जारी किए गए हैं, उनमें किसी नेता की तस्वीर नहीं होगी। इसकी बजाय राष्ट्रीय शहीद स्मारक को जगह दी जाएगी। यही नहीं बांग्लादेश के कुछ ऐतिहासिक स्थानों को भी इन नोटों में दर्शाया जाएगा। इन स्थानों में हिंदू और बौद्ध मंदिर भी शामिल हैं। बांग्लादेश बैंक के प्रवक्ता आरिफ हुसैन खान ने कहा कि नई सीरीज के नोटों की डिजाइन पहले से काफी अलग है। अब इन नोटों में किसी इंसान को नहीं दिखाया जाएगा। इसके स्थान पर बांग्लादेश की प्राकृतिक सुंदरता और परंपरा को इसमें दर्शाया गया है।

### दक्षिण कोरिया में तेज हुई चुनावी जंग

**सियोल।** पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल द्वारा देश में मार्शल लॉ लगाने के फैसले के बाद से दक्षिण कोरिया में बीते कई महीनों से राजनीतिक उठा-पटक का दौर जारी है। अब सभी की निगाहें इस सप्ताह होने वाले राष्ट्रपति चुनाव पर है। इस चुनाव में लिबरल पार्टी के उम्मीदवार ली जे म्युंग और कंजर्वेटिव पार्टी उम्मीदवार किम मून सो के बीच कड़ी टक्कर है। नए राष्ट्रपति के सामने कई चुनौतियां हैं, जिनमें वामपंथी और दक्षिणपंथी राजनीति के गहराते मतभेद, ट्रंप प्रशासन द्वारा टैरिफ लगाने का फैसला और उत्तर कोरिया की बढ़ती सैन्य ताकत से निपटना आदि प्रमुख हैं। 60 वर्षीय ली डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार हैं और विभिन्न सर्वे में ली को राष्ट्रपति पद का सबसे लोकप्रिय उम्मीदवार बताया जा रहा है। पूर्व राष्ट्रपति यून ने जब बीते साल दिसंबर में देश में मार्शल लॉ लगाया तो उनका विरोध करने वालों में ली जे म्युंग सबसे अहम व्यक्ति थे। 73 वर्षीय कंजर्वेटिव उम्मीदवार किम मून सो पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल की पार्टी से उम्मीदवार हैं और वे यून की सरकार में श्रम मंत्री रहे थे। किम ने कंजर्वेटिव पीपल पावर पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार मई में ही बनाए गए थे। हालांकि उनकी पार्टी के कुछ नेताओं ने किम की जगह पूर्व पीएम डक सो को उम्मीदवार बनाने का समर्थन किया। हालांकि नाटकीय घटनाक्रम में आखिरकार किम को ही पार्टी की तरफ से राष्टपति पद का उम्मीदवार बनाया गया।

# फिलिस्तीन समर्थन पर भारतीय-अमेरिकी छात्रा की एंट्री बैन

**न्यूयॉर्क।** मेसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) में पढ़ाई कर रही एक भारतीय-अमेरिकी छात्रा को गाजा में जारी युद्ध की निंदा करने वाला भाषण देने के बाद दीक्षांत समारोह में शामिल होने से रोक दिया गया। एमआईटी की छात्रा मेघा वेमुरी का नाम गाजा में जारी युद्ध का विरोध करने के बाद अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करने वाले छात्रों की सूची में नवीनतम है। वेमुरी ने सीएनएन को बताया कि उसके भाषण के बाद विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने उसे बताया कि उसे शुक्रवार को आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह में भाग लेने की अनुमति नहीं है तथा कार्यक्रम समाप्त होने तक उसे परिसर में भी आने की अनुमति नहीं है।

# मुनीर की फौज पर भारी पड़ रहे बलूच विद्रोही

**पेशावर।** बलूचिस्तान में बीएलए चुनचुन कर पाकिस्तानी सेना को निशाना बना रही है। पहले सुराब और अब मुस्तांग एक-एक कर बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी हर

### अमेरिकी और रूसी हथियारों से छुड़ा रहे छक्के

शहर पर कंट्रोल कर रही है। जिसके बाद पाकिस्तानी फौज के पैर बलूचिस्तान के इन इलाकों से उखड़ रहे हैं। अब तो बीएलए ने सुराब के बाद क्वेटा से महज 45 किलोमीटर दूर मुस्तंग शहर पर भी अपने कब्जे का दावा किया है। पिछले दो दिनों में बलूच लड़ाकों ने दो शहरों में पाकिस्तानी फौज पर हमले कर मुनीर की सेना को खदेड़ दिया है बल्कि



ओर एक कदम और बढ़ाते हुए सुराब शहर के बाद मुस्तांग शहर पर भी कब्जा कर लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बीएलए के पास अमेरिकी और रूसी निर्मित हथियार हैं और यह अनुमान लगाया जा रहा है कि

सुराब और मुस्तांग पर कंट्रोल भी कर लिया है। ऑपरेशन सिंदूर में भारत के हाथों पिटे पाकिस्तान की हालत ये हो गई है कि अब जिसका मन कर रहा है, वह मुनीर की फौज पर हावी होता जा रहा है। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी की महज दो हजार की फौज बलूचिस्तान की संपूर्ण आजादी की इनमें से कई हथियार तालिबान के नियंत्रण वाले अफ़गानिस्तान से आए हैं, जिनमें अमेरिकी सेना द्वारा छोड़े गए हथियार इस्तेमाल किए गए हैं। साथ ही, कई रिपोर्ट्स में पाकिस्तानी अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि बलूच लड़ाके इन हथियारों को ईरान और अफ़गानिस्तान के काले बाज़ारों से प्राप्त करते हैं।

# हवाई यातायात की मांग बढ़ी लेकिन किराया चिंताजनक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (आईएटीए) के महानिदेशक विली वॉल्श ने सोमवार को कहा कि लागत और कर चुनौतियों में वृद्धि के बावजूद

### उड़ान की वास्तविक लागत में आई 40 प्रतिशत की कमी

उड़ान की वास्तविक लागत एक दशक पहले की तुलना में 40 प्रतिशत कम हो गई है। आईएटीए की यहां वार्षिक आम बैठक में वॉल्श ने साथ ही कहा कि आपूर्ति श्रृंखला संबंधी समस्याओं के परिणामस्वरूप विमानन उद्योग की वृद्धि दर धीमी हो गई है। अंतरराष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (आईएटीए) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) 42 वर्ष बाद भारत में हो रही है। आईएटीए वैश्विक स्तर पर 350 से अधिक वाहकों का प्रतिनिधित्व करता है। इसने सोमवार को एक अनुमान में कहा कि विमानन कंपनियां इस साल 979 अरब अमेरिकी डॉलर के राजस्व पर 36 अरब डॉलर का लाभ कमाएगी। इस वर्ष अपेक्षित लाभ का शुद्ध मुनाफा 3.7 प्रतिशत या प्रति यात्री शुद्ध लाभ 7.20 अमेरिकी डॉलर होगा। वॉल्श ने कहा, 'हमारी लाभप्रदता उस विशाल मूल्य के अनुरूप नहीं है जो हम एक मूल्य श्रृंखला के केंद्र में सृजित करते हैं जो वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 3.9 प्रतिशत का समर्थन करती है तथा 8.65 करोड़ लोगों को रोजगार प्रदान करती है।'

# अमेरिका के मॉल में आतंकी हमला, कई घायल

**कोलोराडो (अमेरिका)।** अमेरिका के कोलोराडो में हुए आतंकी हमले के बाद सुरक्षा के मद्देनज़र ब्रॉडवे से पश्चिम, पाइन स्ट्रीट से उत्तर, 16वीं स्ट्रीट से पूर्व और वॉलनट स्ट्रीट से

### हमलावर ने लगाए फ्री फिलिस्तीन के नारे

दक्षिण तक का पूरा इलाका क्षेत्र खाली करा लिया गया है। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक एक हमलावर ने बोल्डर के पर्ल स्ट्रीट मॉल में वारदात को अंजाम दिया। इस लक्षित आतंकी हमले में कई लोग घायल हुए हैं। स्थानीय समय के मुताबिक रविवार को एक मॉल में हुए इस हमले में कुछ लोग झुलस भी गए हैं। कोलोराडो के गवर्नर जैरड पोलिस ने इस हमले की निंदा करते हुए कहा कि नफरत से भरा कोई भी कृत्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

समाचार एजेंसी एपी की रिपोर्ट के मुताबिक एफबीआई ने बताया कि कोलोराडो लक्षित आतंकी हमले के संदिग्ध शख्स ने फ्री फलस्तीन जैसे नारे लगाए। उसने अस्थायी आग फेंकने वाले हथियार का इस्तेमाल किया, जिससे छह लोग घायल हो गए। हताहतों की संख्या बढ़ने की आशंका है। कोलोराडो में आतंकी हमला उस समय हुआ जब एक स्वयंसेवी समूह- रन फॉर देयर लाइव्स शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहा था।

# करोल नवरोकी बने पोलैंड के नए राष्ट्रपति

**वारसॉ।** पोलैंड के राष्ट्रपति चुनाव में रुढ़िवादी नेता करोल नवरोकी ने जीत हासिल कर ली है। सोमवार को मतगणना के अंतिम आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। आंकड़ों के मुताबिक, नवरोकी को करीबी मुकाबले में 50.89 फीसदी मत हासिल हुए जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी वारसॉ के मेयर रफाल ट्रजास्कोव्स्की को 49.11 प्रतिशत वोट मिले। इस चुनावी मुकाबले में उदारवादी यूरोपीय संघ समर्थक ट्रजास्कोवस्की का मुकाबला दक्षिणपंथी 'लॉ एंड जस्टिस पार्टी' द्वारा समर्थित रूढ़िवादी इतिहासकार करोल नवरोकी से था। करीबी मुकाबले पर दो सप्ताह पहले शुरू हुए चुनाव के पहले दौर से लेकर सोमवार की सुबह तक देश की नजर रही और इससे स्पष्ट हुआ कि इस देश में गहरे मतभेद मौजूद हैं।

# कनाडा में जंगल की आग से मची तबाही

**फ्लिन फ्लोन।** कनाडा के तीन प्रांत मैनिटोबा, अल्बर्टा और सस्केचेवान में जंगल की भीषण आग ने तबाही मचा दी है। फलस्वरूप रविवार तक 25,000 से अधिक लोगों को

### 25,000 से अधिक लोग सुरक्षित जगहों पर भेजे गए

### सूखे मौसम से बढ़ गई चुनौती

सुरक्षित स्थानों पर भेजा जा चुका है। वहीं मैनिटोबा ने आपातकाल की घोषणा कर दी है और वहां से 17,000 से अधिक लोगों को निकाला गया है। अल्बर्टा से 1,300 और सस्केचेवान से करीब 8,000 लोगों को सुरक्षित किया गया है। दूसरी ओर धुएं की वजह से कनाडा और



अमेरिका के कुछ हिस्सों में वायु गुणवत्ता बेहद खराब हो गई है। अमेरिका के नॉर्थ डकोटा, मोंटाना, मिनेसोटा और साउथ डकोटा में हवा खतरनाक स्तर तक पहुंच गई है। जंगलों से फैली आग ने अब अपना भयंकर रूप ले लिया है। इसको लेकर सस्केचेवान के मुख्यमंत्री स्कॉट मोए ने कहा कि लगातार गर्म और सूखा मौसम आग को और फैलने का मौका दे रहा है। उन्होंने कहा कि अगले चार से सात दिन बेहद अहम हैं, जब तक बारिश न हो जाए। मीडिया रिपोर्ट की माने तो आग के चलते अपना घर छोड़ दूसरे स्थान पर भेजे गए लोगों को रहने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

# ज़ी सिने अवॉर्ड्स ने शहीदों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

ऐसे समय में, जब भारतीय सेना का पराक्रम पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्रोत बना हुआ है, मारुति सुजुकी प्रस्तुत 23वें ज़ी सिने अवॉर्ड्स 2025 ने इन असली हीरोज को एक भावनात्मक श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी निस्वार्थ सेवा का सम्मान किया। फिल्मों की चकाचौंध, पुरस्कारों और जश्न के बीच, ज़ी ने इस खास पल के माध्यम से देशभक्ति, एकता और आभार का संदेश देते हुए, उन वीरों को सलाम किया, जो हमारे राष्ट्र की रक्षा के लिए समर्पित हैं। इस भावपूर्ण पल को और भी खास बनाया दो बेहद प्रभावशाली प्रस्तुतियों ने, जिनमें से एक थी होस्ट अपारशक्ति खुराना की और दूसरी गायिका पलक मुच्छल की। अपारशक्ति ने 'वंदे मातरम्' के हर शब्द को गहरे सम्मान और भावना के साथ प्रस्तुत किया, जिसने भारतीय सेना के प्रति उनके दिल से जुड़े सम्मान को दर्शाया। उनकी इस प्रस्तुति ने दर्शकों के दिलों में देशभक्ति की भावना जगा दी।



इस शाम को और भी खास बना दिया पलक मुच्छल की सुरीली आवाज़ ने, जिन्हें मंच संचालक विक्रांत मैसी ने स्वर्गीय लता मंगेशकर जी से तुलना करते हुए ''हमारी पीढ़ी की आवाज़'' कहा। पलक ने 'ए मेरे वतन के लोगों' को संपूर्ण श्रद्धा और उत्कृष्टता के साथ प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुति के दौरान उनके पति मिथुन भी मंच पर उपस्थित थे। यह उनकी शादी के बाद का एक साथ पहली सार्वजनिक मंच उपस्थिती थी। पलक के गायन ने कई लोगों की आंखें नम कर दीं और उन्हें हमारे सैनिकों के बलिदान की याद दिला दी, जो हमारे देश की शान को ऊंचा बनाए रखते हैं। पलक मुच्छल ने कहा, ''यह परफॉर्मेंस मेरे करियर के सबसे भावनात्मक और अविस्मरणीय पलों में से एक था। 'ए मेरे वतन के लोगों' गाना गाना हमेशा गर्व की बात होती है, लेकिन ज़ी सिने अवॉर्ड्स जैसे मंच पर इसे प्रस्तुत करना और दर्शकों के सामने गाना बेहद विनम्र अनुभव था। यह सिर्फ एक गाना नहीं था - यह हमारे देश के रक्षक वीरों के लिए दिल से निकली श्रद्धांजलि थी। जब भी मैं यह गीत गाती हूं, लता दीदी की याद आती है और सोचती हूं कि जब उन्होंने पहली बार इसे गाया होगा तो उनके मन में कैसी भावनाएं रही होंगी - यह आज भी मुझे सिहरन देता है।''

## बाजार दर्पण













